भोपाल | मंगलवार | 14 अप्रैल 2026 | वर्ष 70 | अंक 81 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social



# नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

अंबेडकर जयंती

भारत सरकार
CBC 22201/13/0010/2627

अब नेतृत्व की बारी है,
नारी शक्ति वंदन
की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan

देश की बेटियों को
लोकसभा और
राज्य विधानसभाओं
में 33% आरक्षण
की गारंटी



3+ करोड़
महिलाएं बनीं
लखपति दीदी

35+ करोड़
महिलाओं को
मिला मुद्रा लोन

# महिलाएं करेंगी लोकतंत्र मजबूत

## संसद एक नया इतिहास रचने के करीब : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के दौरान महिलाओं की भूमिका, प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण को लेकर व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया. उन्होंने देशभर की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक नारी शक्ति को समर्पित फैसले की ओर बढ़ रहा है.**

पीएम मोदी ने कहा कि संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है, जो सामाजिक न्याय और समानता को नई दिशा देगा. उन्होंने बताया कि 2023 में नए संसद भवन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में पहला कदम उठाया गया था और अब इसे लागू करने की दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है. 16 अप्रैल से संसद के विशेष सत्र में इस पर व्यापक चर्चा होगी.



### महिलाओं से सक्रिय भागीदारी की अपील

प्रधानमंत्री ने महिलाओं से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं. अपने सांसदों से संवाद करें और इस विषय को गांव-गांव तक पहुंचाएं. उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसी एक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश और सभी राजनीतिक दलों का सामूहिक प्रयास है. उन्होंने बताया कि भारत में पंचायत से लेकर उच्च पदों तक महिलाओं ने अपनी मजबूत पहचान बनाई है. वर्तमान में लाखों महिलाएं स्थानीय निकायों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और कई राज्यों में उनकी भागीदारी 50 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है. प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों से महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी. उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी दलों के सहयोग से यह अधिनियम पारित हुआ था और अब इसे लागू करना प्राथमिकता है, जिससे लोकतंत्र और मजबूत होगा.

### संसद में 16 से विशेष सत्र भी होगा

महिलाओं के लिए आरक्षण को लागू करने के उद्देश्य से 16 अप्रैल को संसद का एक सत्र बुलाया जा रहा है. नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने महिलाओं के लिए आरक्षण को नई जनगणना और परिसीमन (सीमांकन) से जोड़ दिया था.

### 2 बड़े संशोधन की प्लानिंग


सरकार ने दो बड़े संशोधनों की योजना बनाई है, जिसमें एक अलग परिसीमन विधेयक भी शामिल है. महिलाओं के लिए रिजर्वेशन तय करने के लिए इन दोनों विधेयकों को संवैधानिक संशोधन के तौर पर पारित किया जाना जरूरी है.

### प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड और यूपी का दौरा आज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे. इस दौरान वे कई अहम कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे, जिनमें दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन प्रमुख है. प्रधानमंत्री सुबह लगभग 11.15 बजे सहारनपुर में दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे के ऊंचे खंड पर बने वन्यजीव गलियारे का दौरा और समीक्षा करेंगे. यह गलियारा मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से विशेष रूप से डिजाइन किया गया है. इसके बाद प्रधानमंत्री देहरादून पहुंचकर जय मां दात काली मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे. यह मंदिर क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक स्थल माना जाता है.

## आई-पैक के निदेशक विनेश चंदेल गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के चर्चित कोयला घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए राजनीतिक परामर्श कंपनी आई-पैक के निदेशक विनेश चंदेल को गिरफ्तार कर लिया है. अधिकारियों ने बताया कि यह गिरफ्तारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है. इससे पहले 8 जनवरी को केंद्रीय एजेंसी ने आई-पैक के दफ्तर और इसके संस्थापक व निदेशकों में शामिल प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर भी छापेमारी की थी. उस समय बंगाल की सीएम ममता बनर्जी खुद मौके पर पहुंच गई थीं.



अत्यंत प्रिय, महान पार्श्व गायिका को श्रद्धांजलि!

# अमेरिका ने की हार्मूज की नाकेबंदी

## दुनियाभर में आपूर्ति श्रृंखला पर मंडरा रहा गहरा संकट

**वॉशिंगटन , 13 अप्रैल. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ परमाणु वार्ता विफल होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसेना द्वारा तत्काल नाकेबंदी की घोषणा की है. इस कदम का उद्देश्य ईरान के तेल निर्यात को रोकना है, जिससे वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में भारी उछाल के साथ ही भारत सहित दुनिया भर में आपूर्ति श्रृंखला पर गहरा संकट मंडरा रहा है. ट्रम्प के आदेश के बाद सोमवार को कई देशों के जहाज होर्मूज में फंसे रहे.**

**नाकेबंदी का उद्देश्य:** ईरान के परमाणु हथियारों के मुद्दे पर तनाव और वार्ता विफल होने के बाद अमेरिका ईरान की तेल बिक्री को पूरी तरह से बंद करना चाहता है.

**सैन्य कार्यवाही:** अमेरिकी



सेंट्रल कमांड के अनुसार ईरानी बंदरगाहों की ओर जाने वाले जहाजों को रोका. साथ ही ईरान द्वारा लगाए गए समुद्री खानोंको हटाने का काम भी शुरू किया.

**चीन को धमकी:** ट्रम्प ने चीन को साफ चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान की सैन्य मदद की, तो अमेरिका उस पर 50 प्रतिशत तक भारी टैरिफ लगा देगा.

### भारत से ईरान नहीं लेगा टोल

ईरान ने कहा है कि वह भारत के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरने में मदद करेगा। भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहली ने बताया कि ईरान और भारत के बीच इस मुद्दे पर अच्छी बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा तनाव के बावजूद ईरान चाहता है कि भारत के जहाज बिना किसी दिक्कत के इस रास्ते से गुजर सकें। इसलिए ईरान मदद करने के लिए तैयार है। वहीं ईरान ने होर्मुज से गुजरने वाले भारतीय टैंकरों से टोल लेने की बात से इनकार किया.

## अम्बेडकर जयंती पर आज सार्वजनिक अवकाश



**भोपाल, 13 अप्रैल.** केंद्र सरकार ने 14 अप्रैल को डॉ. बीआर अम्बेडकर की जयंती के मौके पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है. इसी क्रम में राज्य सरकार ने भी 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर पूरे मप्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है. इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है.

## वोटर लिस्ट से नाम कटे तो वोट देने का अधिकार नहीं : सुको

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल. पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को लेकर चल रहे विवाद पर सुप्रिम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है. कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान जिन मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, उन्हें फिलहाल वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

चीफ जस्टिस सूर्यकान्त और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले इस स्तर पर न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं है। यदि ऐसे मतदाताओं को वोट देने की अनुमति दी जाती है, तो इससे उन मतदाताओं के अधिकार प्रभावित होंगे जिनके नाम अंतिम सूची में शामिल हैं. बेंच ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद और मतदान से कुछ दिन पहले अदालत का हस्तक्षेप चुनाव की निष्पक्षता को प्रभावित कर सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि ऐसे ही लगातार आपत्तियां आती रहीं, तो चुनाव कराना ही मुश्किल हो जाएगा.

## 15 को जारी होंगे 10वीं और 12वीं के रिजल्ट

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल 13 अप्रैल. मध्यप्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपीबोर्ड) की ओर से आयोजित दसवीं और बारहवीं की परीक्षा के नतीजे 15 अप्रैल को पूर्वाह्न में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव घोषित करेंगे.**

▸ **सीएम मोहन यादव घोषित करेंगे एमपी बोर्ड के नतीजे**

प्रदेश के 16 लाख विद्यार्थी अपने रिजल्ट के इंतजार में माशिम की वेबसाइट पर नजरें लगाए हुए हैं. नतीजे विभिन्न वेबसाइट के अलावा मोबाइल एप पर भी उपलब्ध रहेंगे. इस बीच बोर्ड ने इस बार सप्लीमेंट्री परीक्षा 7 मई से 27 मई के बीच प्रस्तावित की हैं. दसवीं और बारहवीं बोर्ड की मुख्य वार्षिक परीक्षाएं कुछ समय पहले ही संपन्न हुई हैं.

## फैसला : अलकायदा मॉड्यूल के 3 आतंकी को उम्रकैद की सजा

**लखनऊ, 13 अप्रैल. यूपी को दहलाने की साजिश रचने वाले अलकायदा मॉड्यूल के तीन आतंकियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है. सोमवार का एनआईए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया. उम्रकैद की सजा वाले तीनों आतंकी अलकायदा के मॉड्यूल अंसार गजवात उल हिंद से जुड़े थे. इन्हें कुकर बम के साथ पकड़ा गया था.**

सोमवार को यूपी की एनआईए एटीएस स्पेशल कोर्ट ने मिन्हाज, मसरुद्दीन और तौहीद नामक इन तीनों आतंकियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है. मालूम हो कि 11 जुलाई 2021 एटीएस ने दुबग्गा से मिन्हाज को गिरफ्तार किया था. मिन्हाज की निशानदेही पर मसरुद्दीन और तौहीद की गिरफ्तारी हुई थी. मिन्हाज के घर से कुकर बम बरामद हुआ था. जबकि मसरुद्दीन और तौहीद के घर से भी विस्फोटक और पिस्टल बरामद हुई थी. जांच के दौरान पता चला कि ये तीनों 15 अगस्त 2021 को यूपी में सीरियल ब्लास्ट की तैयारी कर चुके थे.

## नीतीश कुमार की विदाई के साथ भाजपाई दौर का होगा आगाज

**( प्रवेश कुमार मिश्र )**

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल.** बिहार की राजनीति सत्ता-हस्तांतरण के उस मुहाने पर खड़ी है, जहां एक तरफ एक लंबा व प्रभावशाली अध्याय समाप्त हो रहा है. वहीं दूसरी ओर लंबे इंतजार के बाद भाजपाई नेतृत्व प्रत्यक्ष रूप से सत्ता पर काबिज होने जा रहा है.

हालांकि नए व पुराने अध्याय के आरंभ व अंत के बीच समन्वय स्थापित करना आसान नहीं है, इसलिए सबकी निगाहें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सर्वमान्य नेता के नाम की औपचारिक घोषणा पर टिकी हुई है.

14 अप्रैल, मंगलवार को जहां एक तरफ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी कैबिनेट की अंतिम बैठक कर इस्तीफा देंगे. वहीं भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक शिवराज सिंह चौहान द्वारा नए मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा की जाएगी. सूत्रों की मानें तो भाजपा हाईकमान लगभग एक दर्जन से ज्यादा संभावित नामों की बहुस्तरीय जांच करने के बाद बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा. इसको लेकर मन बना चुका है हालांकि तमाम पड़ताल के बावजूद नीतीश कुमार की पसंद का खास ख्याल रखा गया है. सूत्रों की मानें तो भाजपाई रणनीतिकार नीतीश के सामने दो तीन विकल्प रखकर उन्हें संतुष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन नीतीश अभी भी भाजपा

( शेष पृष्ठ 7 पर )

**मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक** ▸ पांच विभागों की 19,810 करोड़ रुपए की योजना पांच वर्ष तक चलती रहेंगी

# सागर जिले की मिडवासा सिंचाई परियोजना को मंजूरी


**2031 तक कृषि विभाग के प्रस्ताव रहेंगे बरकरार**

**27 गांवों की सिंचाई के लिए किसानों को मिलेगा लाभ**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 13 अप्रैल. प्रदेश में पांच और विभागों की 19,810 करोड़ की योजनाओं और विकास कार्य अगले पांच वर्ष तक लगातार जारी रहेंगे. कैबिनेट ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग, सिंचाई परियोजना, महिला बाल विकास के कार्यों, नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों तथा कृषि विभाग के प्रस्तावों को वर्ष 2031 तक बरकरार रखने की मंजूरी दे दी है.**

कैबिनेट ने सागर जिले की मिडवासा मध्यम सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए 286 करोड़ 26 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी है. इस परियोजना से सागर जिले की सागर तहसील के 27 गांवों की 7200 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई के लिए किसानों को लाभ मिलेगा. वहीं प्रदेश में 8 नए वन




स्टॉप सेंटर के संचालन की स्वीकृति भी दी गई है. मैहर, मउगंज, पांढुर्णा, धार में मनावर और पीथमपुर, इंदौर में लसूडिया और सांवेर एवं झाबुआ में पेटलावद में नये वन स्टॉप सेंटर का संचालन किया जाएगा. इसी तरह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत प्रधानमंत्री पोषण शक्ति और मध्याह्न भोजन सहित कई योजनाओं/कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए 1 अप्रैल से 31 मार्च 2031 तक निरंतरता के लिए 3,553 करोड़ 35 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है.

निर्णय के तहत लोक निर्माण के तहत अलग-अलग विकास कार्यों के लिए 10,801 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई. इसके तहत बीओटी मार्गों का विकास एवं पर्यवेक्षण के लिए 150 करोड़, बीओटी परियोजनाओं की समाप्ति पर भुगतान के लिए 765 करोड़, एन्यूटी भुगतान के लिए 4,564 करोड़ और म.प्र. सड़क विकास निगम के लिए 5,322 करोड़ की स्वीकृति सहित 16वें वित्त आयोग की अवधि एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरंतर रखे जाने की स्वीकृति दी गई है.

( शेष पेज 7 पर )

## विनम्र श्रद्धांजलि



**स्व. प्रकाशचंद्रजी माहेश्वरी**

जन्म : 15-11-1940 महाप्रयाण : 14-4-2005

धर्मयुक्तं सदार्द्र चित्तं पुरुषो कर्म हिते रतः।
इच्छा बुद्धि प्रयासेन भवति प्राण प्रकाशकम।।

जो पुरुष अपने चित्त को सदा भावनामय तथा धर्म युक्त रखते हुए हितकारक कर्मों में लगा रहता है, वह इच्छा, बुद्धि और प्रयास से प्राणों को प्रकाशित करने वाला हो जाता है.

नवभारत Central Chronicle
परिवार

# अधिकारी समय पर पूर्ण करें हितग्राहियों के कार्य

## समय-सीमा बैठक में नवागत कलेक्टर ने लिया जिलाधिकारियों का परिचय, आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए

नवभारत न्यूज

**सागर 13 अप्रैल. सभी विभाग अधिकारी समय-सीमा में विभाग में आने वाले व्यक्तियों के कार्य पूर्ण करें एवं आवश्यक रूप से सभी अधिकारी समय-सीमा बैठक में उपस्थित रहें एव शासन की लोक हितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान करें. उक्त निर्देश नवागत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समय सीमा बैठक में दिए.**

उन्होंने सभी जिला अधिकारियों का परिचय लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए. नवागत कलेक्टर श्रीमती पाल ने समस्त विभाग अधिकारियों का परिचय लेते हुए निर्देश दिए कि सभी अधिकारी समय सीमा बैठक के अलावा सभी बैठकों में समय पर मौजूद रहें एवं दिए गए निर्देशों का समय सीमा में पालन करते हुए शासन की योजनाओं को दिए गए लक्ष्य के अनुसार पूर्ण करें एवं हितग्राहियों के कार्य भी समय सीमा में निराकृत करें. कलेक्टर ने बैठक में जनगणना 2027, संकल्प से समाधान अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की जानकारी ली एवं निर्देश दिए. उन्होंने निर्देश दिए कि विभागों में आने वाले किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशान न होना पड़े, इसके लिए विशेष ध्यान रखा जाए और सभी संबंधित के कार्य पूर्ण करें.



### भू-अर्जन कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

सागर. नवागत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित विभिन्न विभागों और शाखाओं का सघन निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए, उन्होंने कार्यालयों में वर्षों से लंबित पुरानी नस्तियों के त्वरित डिस्पोजल के निर्देश दिए तथा रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित किया जा सके, इसी प्रकार भू-अर्जन से संबंधित प्रकरणों में उन्होंने समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा, ताकि विकास कार्यों में कोई बाधा न आए. सीएम हेल्पलाइन और सीएस मॉनिट से संबंधित जवाबों को पोर्टल पर समय पर दर्ज करने की हिदायत दी गई. श्रीमती पाल ने कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर स्थित लगभग सभी महत्वपूर्ण अनुभागों का जायजा लिया, जिनमें मुख्य रूप से शामिल ई-डिस्ट्रिक्ट, नाजरात शाखा, स्थानीय निर्वाचन, जनगणना प्रकोष्ठ, भू-अभिलेख, वेब जीआईएस, लैंड रिकॉर्ड, जनसुनवाई, शस्त्र लाइसेंस शाखा, पर्यटन एवं ट्राइबल विभाग सहित क्रेच रुम का निरीक्षण किया. जनगणना प्रकोष्ठ के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्य की महत्ता को देखते हुए निर्देश दिये कि इस कार्य हेतु टीम में अनुभवी व्यक्तियों की संख्या बढ़ाई जाए. जनगणना का कार्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशरू पालन करते हुए पूर्ण परिशुद्धता के साथ संपन्न कराया जाए.

# डकैती करने वाला गिरोह गिरफ्तार

## स्कॉर्पियो से वारदात करने वाले 5 आरोपी पकड़े गए, पुलिस की त्वरित कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**गढ़ाकोटा 13 अप्रैल. गढ़ाकोटा पुलिस ने 48 घंटे के भीतर डकैती की वारदात का खुलासा कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

**पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार** फरियादी सोनू लोधी उम्र 26 वर्ष निवासी संजरा थाना गढ़ाकोटा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपने साथी चंदन रजक के साथ लगुन कार्यक्रम से वीडियोग्राफी कर वापस लौट रहा था, इसी दौरान राजस्थाना ढाबा के आगे एक काले रंग की चार पहिया वाहन में सवार अज्ञात बदमाशों ने रोककर वीडियो कैमरा, फोटो कैमरा, मोबाइल एवं नगदी लूटकर फरार हो गए. रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई.



एसडीओपी रहली प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ की गई. मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि चना टोरिया के पास सर्विस रोड पर एक काले रंग की स्कॉर्पियो में संदिग्ध व्यक्ति बैठे हैं, पुलिस टीम ने पहुंचकर घेराबंदी की. आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए सभी को पकड़ लिया गया. गिरफ्तार आरोपी धर्मेंद्र यादव निवासी लहेदरा, अभिषेक ठाकुर तुलसीराम अहिरवार, सूरज पटेल सभी निवासी बम्होरी रेंगुवां, रामानुज यादव निवासी मरदनपुर थाना राहतगढ़ है. आरोपियों के कब्जे से महिन्द्रा स्कॉर्पियो वाहन, एक पैनासोनिक वीडियो कैमरा, एक निकोन फोटो कैमरा, 6 टच स्क्रीन मोबाइल, एक चाकू, फरियादी का पर्स, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस एवं ?3360 नगद जप्त किया गया. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे एकत्र होकर किराये की स्कॉर्पियो से घूमने निकले थे, उन्होंने सुनसान स्थान पर बाइक सवार को रोककर चाकू व डंडे के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया तथा लूटी गई राशि को आपस में बांटकर खर्च कर दिया.



# संविधान की रक्षा करने शपथ

नवभारत न्यूज

**सागर 13 अप्रैल. डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर भगवानगंज स्थित प्रतिमा पर भारतीय संविधान की रक्षा करने की शपथ ली.**

पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि मौजूदा हालात में भारतीय संविधान की मूल भावना, समानता,स्वतंत्रता और भाईचारे को चुनौती दी जा रही है.इस दौरान कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के शहर अध्यक्ष अरविंद बंटी पंथी, राकेश राय, रमाकांत यादव, विजय साहू, सिंटू कटारे, रवि उमाहिया, देवेंद्र कुर्मी, शरद राजा सेन, पुरुषोत्तम शिल्पी, भैयन पटैल, रवि सोनी, राशिद खान, लीलाधर सूर्यवंशी, हरिश्चंद्र सोनवार मौजूद थे.

## ठगी पर कसा शिकंजा

**सागर.** पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध लगातार सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है. वर्ष 2026 में अब तक नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज 597 शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने लगभग 2 करोड़ की ठगी गई राशि होल्ड सीज कर अपराधियों पर शिकंजा कस दिया है. सागर पुलिस की सक्रियता एवं तत्परता से लगभग 20 लाख की राशि पीड़ितों को वापस दिलाई जा चुकी है, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है.

# निगम अध्यक्ष ने संभागायुक्त को सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**सागर 13 अप्रैल. नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने संभागायुक्त अनिल सुचारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय समारोह एवं हितग्राही सम्मेलन में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जावे.**

निगम अध्यक्ष ने संभागायुक्त को दिए गए ज्ञापन में लेख किया है कि जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोह एवं हितग्राही सम्मेलन का आयोजन पद्माकर सभागार मोतीनगर में किया जा रहा हैं. भोपाल के पत्र में स्पष्ट निर्देश हैं कि इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए. प्रभारी कलेक्टर विवेक के.वी. जिपं सीईओ एवं नोडल अधिकारी द्वारा समाज के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किया गया है. उन्होने दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है.

# नाले की समस्या से मिली राहत



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 13 अप्रैल. वार्ड क्रमांक 3 में कई दिनों से चौक नाले की गंभीर समस्या बनी हुई थी, सड़क पर लगभग 3 से 4 फीट तक पानी भर जाता था, इससे वार्डवासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था.**

पार्षद ने तहसीलदार निर्मल सिंह राठौड़ से मुलाकात कर उन्हें स्थिति से अवगत कराया. तहसीलदार द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया. गठित टीम ने चौक नाले को खुलवाने का कार्य किया, जिससे लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ और क्षेत्र में जलभराव की स्थिति समाप्त हुई एवं नाले के साफ होने से आमजन ने राहत की सांस ली.

# केंद्रीय जेल में जागरुकता शिविर आयोजित



नवभारत न्यूज

**सागर 13 अप्रैल. आईएमए सागर शाखा और स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में केंद्रीय कारागार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया.**

इस किार्यक्रम में टीबी के संक्रमण, लक्षणों, जांच तथा उपलब्ध मुफ्त उपचार के बारे में जानकारी दी गई. केंद्रीय जेल के उप अधीक्षक ने कहा कि जेल जैसी बंद जगहों में संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकने के लिए जागरूकता और समय पर जांच अत्यंत आवश्यक है. आईएमए सागर शाखा के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि टीबी मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से निकलने वाले बैक्टीरिया के माध्यम से हवा द्वारा दूसरे व्यक्ति में फैलती है. यह रोग सबसे अधिक फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन यह शरीर के अन्य अंगों जैसे आंख, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क, आंत और गर्भाशय को भी प्रभावित कर सकता है. डॉ. साद ने कहा कि टीबी का समय पर पता लगाना और पूर्ण उपचार करवाना अत्यंत जरूरी है, अन्यथा यह गंभीर जटिलताएं पैदा कर सकता है. कार्यक्रम में टीबी के प्रमुख लक्षणों पर भी प्रकाश डाला गया.

# पाइप लाइन तोड़ने से रोका तो सरपंच प्रतिनिधि से हुई मारपीट

नवभारत न्यूज

**रहली 3 अप्रैल. चांदपुर ग्राम में शराब पीने पैसे न देने पर एक व्यक्ति ने ग्राम पंचायत की पाइप लाइन तोड़ते हुए दो लोगों के साथ सरपंच प्रतिनिधि से मारपीट कर दी. तीन आरोपियों पर मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांदपुर निवासी गोपाल पिता आशाराम अहिरवार सरपंच प्रतिनिधि हैं जो घर से बाजार जा रहे थे जैसे ही गांव के कौशल अहिरवार के घर के सामने से निकले तो कौशल ने रास्ता रोककर कहा कि तुम गांव के सरपंच प्रतिनिधि हो, मुझे शराब पीने पैसे दो नहीं तो मैं पाइप लाइन तोड़ दूंगा. जब गोपाल ने कहा कि पैसे नहीं हैं तो कौशल रोड किनारे बिछी शासकीय पाइप लाइन को आरी से काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया. गोपाल ने कहा कि लाइन क्यों काटी तो कौशल ने गालियां देते हुए मारपीट कर दी थी. तभी कुंदन व गनेश अहिरवार भी आ गए, जिन्होंने भी गोपाल के साथ मारपीट की थी.

# जंगल में बंदूक लेकर घूम रहा था शिकारी



नवभारत न्यूज

**शाहगढ़13 अप्रैल. जंगल में वन विभाग के कर्मचारियों ने एक शिकारी का शिकार कर लिया. शिकारी बंदूक लेकर जानवरों का शिकार करने आया था, तभी उसे वन विभाग की टीम ने देख लिया. उन लोगों ने शिकारी को पकड़ने की कोशिश की, तो वह भागने लगा इस पर टीम ने शिकारी को दौड़ा कर पकड़ लिया.**

इसके बाद भी शिकारी ने भागने की कोशिश की, तो टीम ने उसे जमीन पर गिरा दिया, इसके बाद एक वनकर्मी शिकारी उसकी पीठ के ऊपर चढ़ गया. दूसरे ने उसके पैर में रस्सी बांधी, तब जाकर शिकारी काबू में आया. वन विभाग के अनुसार, शिवा कंजर एक साथी के साथ संरक्षित वन क्षेत्र में में शिकार करने के उद्देश्य से घूम रहा था, तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध बंदूक मिली है. बताया गया कि चोरी-छिपे शिकारी और लकड़ी चोर जंगल में घुस जाते हैं. जंगल में तेंदुआ, चीतल, गैंडा और हिरण समेत कई दुर्लभ वन्यजीवों का घूमना फिरना लगा रहता है, इसके अलावा सागौन के पेड़ बहुतायत में होने से इसी वजह से शिकारी और पेड़ काटने वाले अक्सर शिकार करने के इरादे से जंगल में प्रवेश करने की कोशिश करते रहते हैं.



# बाल्टियों और बोतल में गंदा पानी लेकर नगर पालिका पहुंचे

नवभारत न्यूज

**बीना 13 अप्रैल. वृंदावन धाम और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में नगर पालिका द्वारा नाले का निर्माण किया जा रहा है. खुदाई के चलते ठेकेदार के कर्मचारियों ने पानी की पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया.**

चार दिनों से कॉलोनी के लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं. पानी की पाइप लाइन जोड़ने के बाद गंदा पानी आ रहा है.गंदा पानी आने से गुस्साए लोग गांधी वार्ड पार्षद भारती राय के नेतृत्व बाल्टियों और बोतल में गंदा पानी लेकर नगर पालिका पहुंचे जहां प्रदर्शन किया. सीएमओ राहुल कौरव एवं उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया भी पहुंचे. पार्षद भारती राय ने कहा कि नपा को इंदौर की घटना से सबक लेना चाहिए गंदे पानी के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है. उन्होने कहा लाइन को नाली से अलग किया जाए.

## आज निकलेगी यात्रा

**ललितपुर.** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती पर जनपद ललितपुर में अहिरवार समाज महापंचायत के तत्वावधान में भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 14 अप्रैल को किया जा रहा है.प्रात: 10 बजे अंबेडकर पार्क में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी. इसके बाद आयोजन का मुख्य आकर्षण कलम यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों सदर कांटा, घंटाघर, सावरकर चौक, साईं मंदिर, तुवन चौराहा और कलेक्ट्रेट होते हुए गिन्नौट बाग तक निकाली जाएगी. गिन्नौट बाग, सदनशाह में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा. गोष्ठी में वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान और संविधान निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा.

# 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला कानून महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा : सांसद



नवभारत न्यूज

**सागर 13 अप्रैल. नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा. यह अधिनियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा.**

आजादी के बाद से महिलाओं को देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिए जाने की मांग समय-समय पर की जाती रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी आरक्षण दिलाने का प्रयास नहीं किया. यह बात भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ.लता वानखेड़े ने संभागीय भाजपा कार्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही. सांसद डॉ.वानखेड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला कानून महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा. छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि महिलाओं को आरक्षण देने वाला नारी शक्ति वंदन कानून लागू होने के बाद देश की आधी आबादी को उसका पूरा हक मिल जाएगा. जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि पत्रकारवार्ता के पूर्व संभागीय भाजपा कार्यालय आगमन पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने नेत्री द्वय से सांगठनात्मक विषयों पर चर्चा की. इस अवसर पर आलोक केशरवानी, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, निकेश गुप्ता, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नितिन सोनी, दीपक दुबे, जय सोनी उपस्थित रहें.

# कॉलेज के पास चल रहा था शराब का गोरखधंधा, आरोपी गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**सागर 13 अप्रैल. सुरखी थाना क्षेत्र में अवैध शराब के गोरखधंधे पर पुलिस ने कार्रवाई की है.**

जानकारी के अनुसार सरकारी कॉलेज के पास गुपचुप तरीके से संचालित किए जा रहे इस कारोबार पर सुरखी पुलिस ने छापा मारकर 72 लीटर अवैध शराब बरामद की है. एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई. पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए कॉलेज के समीप, रोबिन्स नाथन के घर के बाजू में स्थित एक लोहे के स्टोर रूम पर दबिश दी. तलाशी के दौरान पुलिस को वहां से 8 खाकी कार्टूनों में रखी लगभग 72 लीटर अवैध शराब बरामद हुई. जब्त शराब की कीमत करीब 40 हजार रुपये आंकी गई है. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी रोबिन नाथन उर्फ हनी निवासी ढाना को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के कब्जे से अवैध शराब की खेप जब्त करते हुए उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है. पुलिस आरोपी से अवैध कारोबार के स्रोत, सप्लाई चैन और अन्य जुड़े लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है.

# सराफा व्यापारियों ने कप्तान का किया सम्मान




नवभारत न्यूज

**ललितपुर 13 अप्रैल. सराफा बाजार में सर्राफा एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में सराफा व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण में सहयोग देने पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक सहित पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया.**

कार्यक्रम में व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा जताई. इस अवसर पर सीओ सदर सुनील कुमार भारद्वाज, थाना प्रभारी सहित घंटाघर चौकी इंचार्ज प्रशान्त राणा एवं अन्य सहयोगी अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया. समारोह की अध्यक्षता मनोज कुमार मज्जू सोनी ने की, जबकि संचालन उदयचंद्र सराफ ने किया. कार्यक्रम में मनमोहन जड़िया, प्रभु तामिया, प्रभात सराफ, शिवचरण सोनी, वृंदावन सोनी, मनोज सराफ, बल्ली, संजीव सोनी, मुकेश तामिया, संजय सराफ, सतीश गुप्ता, धर्मेंद्र जड़िया, राज सोनी, जगदीश तामिया, संजय सोनी, देवकीनंदन सोनी, नवल किशोर सोनी, मनोज सराफ, बृजेश लाला, देवेंद्र कौशल, सौरभ टडैया, आशीष टडैया, दीपक अग्रवाल, ओमप्रकाश सोनी, मुन्ना झा, सुशील जड़िया, पप्पू पोद्दार, राकेश, सुनील मौजूद थे.

**प्रतियोगिता** | **प्रदेशभर की बेटियां शिरकत कर रहीं हैं राज्यस्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप में**

# कुश्ती में साल्तो, बागडी, फीतले एवं अन्य तकनीकी दांव लगे



नवभारत न्यूज

**सागर 13 अप्रैल. राज्यस्तरीय सब जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता मकरोनिया में कुश्ती संघ द्वारा आयोजित की जा रही है.**

प्रायोजक बीपीसीएल बीना रिफाइनरी के सहयोग से नरयावली विधायक प्रदीप लारिया मुख्य अतिथि रहे. विशिष्ट अतिथि पार्षध्द शैलेश केशरवानी, कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, प्रबंधन की ओर से अनिल मेढ़े जीएम फायर सेफ्टी विभाग, साईन चर्टजी मेनेजर मानव संसाधन, एवं सुधीर यादव उपस्थित रहे. इस अवसर पर पहलवानों ने कलाजंग, साल्तो, बागडी, फीतले एवं अन्य तकनीकी दांव लगे जिसमें 160 से अधिक कुश्तियां हुई. इस राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में ओलंपियन पप्पू यादव पहलवान के मार्गदर्शन में यह कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्न हो रही है जिसमे अंतरराष्ट्रीय रेफरी आर्य, विक्रम अर्वाडी फातिमा बानो, विश्वामित्र अवाडी साकिर नूर भोपाल, गोविंद गुर्जर,विकास यादव, लोकेश परमार, मनीष खांडेराव, मनीष मोहाले, मुस्कान साहू बीपीसीएल, आयोजन समिति की ओर आनंद विश्वकर्मा अध्यक्ष, रामेश्वर चौबे कार्यकारीणी अध्यक्ष, नरेंद्र सोनी, राजेश्वर सेन, बलवंत सिंह ठाकुर,जितेंद्र यादव क्रीडा भारती अध्यक्ष,संजू पहलवान, कन्हैया पहलवान, हीरा पहलवान, विष्णु यादव, बदन पहलवान ,डब्बू पहलवान, दीपक यादव, अंशुल विश्वकर्मा, हर्ष सिंह ठाकुर रहे.संचालन मनीष यादव सचिव जिला कुश्ती संघ ने किया. कल 14 अप्रैल को समापन होगा जिसमें सुबह 8 बजे से कुश्तियो का शुभारंभ होगा.

# मुझे आप पर भरोसा नहीं : केजरीवाल

## दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने खुद पैरवी करते हुए जज से मांगा रिक्यूजल

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल. दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार को उस समय असामान्य स्थिति बन गई जब पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने खुद अपनी पैरवी करते हुए जज पर ही सवाल खड़े कर दिए.**

शराब निति मामले से जुड़े केस में सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा से खुद को मामले से अलग (रिक्यूजल) करने की मांग की. सुनवाई की शुरुआत सम्मानजनक माहौल में हुई, जहां केजरीवाल ने अदालत के प्रति सम्मान जताया, लेकिन जल्द ही उनका रुख सख्त हो गया. उन्होंने कहा कि उन्हें अदालत के कुछ पूर्व आदेशों और टिप्पणियों को लेकर गंभीर आशंकाएं हैं. केजरीवाल ने दलील दी कि न्याय केवल निष्पक्ष होना ही नहीं चाहिए, बल्कि ऐसा दिखना भी चाहिए. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि यदि किसी पक्ष को न्यायाधीश पर संदेह हो, तो यह रिक्यूजल का आधार बन सकता है। सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने कहा कि 9 मार्च को हुई सुनवाई में बिना दूसरे पक्ष को सुने और बिना विस्तृत बहस के अदालत ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को त्रुटिपूर्ण करार दे दिया. उन्होंने तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट ने 40 हजार पन्नों के दस्तावेजों और लंबी सुनवाई के बाद फैसला दिया था, जबकि हाईकोर्ट ने महज कुछ मिनटों में उस पर टिप्पणी कर दी. केजरीवाल ने कहा कि इस तरह की जल्दबाजी ने उनके मन में



अपनी दलीलों में केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला दिया और कहा कि न्यायिक निष्पक्षता केवल वास्तविक ही नहीं, बल्कि दिखनी भी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी पक्ष के मन में जज को लेकर आशंका है, तो यह पर्याप्त आधार है कि जज स्वयं को उस मामले से अलग कर लें. उन्होंने दावा किया कि अदालत की पिछली टिप्पणियों से ऐसा प्रतीत हुआ कि उन्हें भ्रष्ट या महाभ्रष्ट तक मान लिया गया है, जबकि ट्रायल कोर्ट ने उन्हें आरोपमुक्त किया था.

### गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी पर मिलेगी उम्रकैद

**चंडीगढ़,** पंजाब सरकार ने सोमवार को विधानसभा के विशेष सत्र दौरान बेअदबी (अपवित्रता) के कृत्यों के लिए आजीवन कारावास का प्रावधान करने वाला 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया। कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने इसे न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक और समझौता न करने वाला कदम करार दिया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य बेअदबी के मामलों में सख्त, समयबद्ध कार्रवाई लागू करना और किसी भी प्रकार के समझौते की गुंजाइश को खत्म करना है। पंजाब विधानसभा में इस ऐतिहासिक विधेयक पर चर्चा शुरू करते हुए, श्री आनंदपुर साहिब के विधायक श्री बैंस ने सिख धर्मग्रंथों की पवित्रता की रक्षा के

**पंजाब विस में संशोधन विधेयक पेश**

लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की प्रतिबद्धता जतायी. उन्होंने कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि मैं आज केवल एक विधायक नहीं हूं। मैं उस धरती की आवाज़ हूं, जहां 327 साल पहले 13 अप्रैल के दिन श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने ब्रह्मांड को खालसा भेंट किया था। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के इस कदम की तुलना पिछली सरकारों से करते हुए उन्होंने कहा कि कथित पंथिक सरकारें श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मान की रक्षा के लिए एक सख्त कानून बनाने में विफल रहीं, जबकि कुछ तो बेअदबी की दोषी भी रहीं और बाद में श्री अकाल तख्त साहिब में जाकर अपना गुनाह कबूला।

# यूएई के साथ व्यापारिक साझेदारी होगी मजबूत

**अबू धाबी, 13 अप्रैल.** भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच रणनीतिक संबंधों को नई दिशा देने के उद्देश्य से एस जयशंकर ने हाल ही में अपना दो दिवसीय यूएई दौरा सफलतापूर्वक पूरा

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर का यूएई दौरा संपन्न**

किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने यूएई के शीर्ष नेतृत्व के साथ कई महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लिया और द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया.



एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो के फॉर्मेट में पोस्ट किया. इस दौरे के दौरान, डॉ. जयशंकर ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक पर्सनल मैसेज उन्हें दिया.

बातचीत में ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने, ट्रेड बढ़ाने और दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर केंद्रित रहा. यह दौरा खाड़ी देशों से एनर्जी सप्लाई हासिल करने के लिए भारत की बड़ी कूटनीतिक कोशिशों के हिस्से के तौर पर हो रहा है. दो दिवसीय यात्रा पर गए जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, अबू धाबी में यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मिलकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं.

डॉ. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ भी अलग से बातचीत की. दोनों नेताओं के बीच इस चर्चा में इलाके की स्थिरता और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के साथ-साथ इलाके में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की कोशिशों पर भी बात हुई.

# ढोंगी बाबा अशोक खरात की संपत्तियों की जांच शुरू

**मुंबई, 13 अप्रैल.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ढोंगी बाबा अशोक खरात की संपत्तियों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पिछले कुछ दिनों से एक विशेष जांच दल इस मामले की गहनता से पड़ताल कर रहा है, जिससे खरात की कई कथित अवैध गतिविधियों का खुलासा हो रहा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, अशोक खरात को तीसरे मामले में पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, एक महिला के यौन उत्पीड़न के आरोपों से जुड़े चौथे मामले में एसआईटी द्वारा फिर से अदालत से उसकी पुलिस हिरासत की मांग किए जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट है

**ईडी की कार्रवाई**

कि ईडी के अधिकारियों ने नासिक के ईशानेश्वर मंदिर स्थित खरात के कार्यालय के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर स्थित जमीनों का भी निरीक्षण किया है.

### एक नजर में

#### राष्ट्रपति 13 से गुजरात और महाराष्ट्र की यात्रा पर

**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार से 16 अप्रैल तक गुजरात और महाराष्ट्र की यात्रा पर रहेंगी, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी.आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्रीमती मुर्मु 13 अप्रैल को राजकोट के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित रहेंगी.राष्ट्रपति 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर गांधीनगर के लोक भवन में आयोजित सामाजिक समरसता महोत्सव में भाग लेंगी.उसी दिन वे गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी.श्रीमती मुर्मु 15 अप्रैल को नागपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के द्वितीय दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी.वह उसी दिन नागपुर के राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के प्रशिक्षु अधिकारियों के 78वें बैच के विदाई समारोह में भी उपस्थित रहेंगी.राष्ट्रपति 16 अप्रैल को वर्धा स्थित महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी.



#### ऑस्ट्रेलिया में पहली बार महिला बनेगी सेना प्रमुख

**सिडनी.** ऑस्ट्रेलिया ने इतिहास में पहली बार एक महिला को सेना प्रमुख बनाने का फैसला किया है. लेफ्टिनेंट जनरल सुसान कॉयल जुलाई से यह जिम्मेदारी संभालेंगी. सरकार के मुताबिक, कॉयल लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट की जगह लेंगी. प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि 125 साल के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी महिला को सेना प्रमुख बनाया जा रहा है. रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेगा. 55 वर्षीय कॉयल 1987 में सेना में शामिल हुई थीं और कई वरिष्ठ पदों पर काम कर चुकी हैं. ऑस्ट्रेलियाई डिफेंस फोर्स में फिलहाल महिलाओं की हिस्सेदारी करीब 21 प्रतिशत है और 2030 तक इसे 25 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है.



# छात्रा का दिनदहाड़े काटा गला

**मंडी/गोपालपुर 13 अप्रैल. हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में दिनदहाड़े एक 19 साल की छात्रा की बेरहमी से हत्या कर दी गई.**

घटना सरकाघाट थाना क्षेत्र के गोपालपुर इलाके की है, जहां सुबह 9.15 बजे कॉलेज जा रही युवती पर अज्ञात हमलावरों ने बीच सड़क हमला कर दिया. बताया जा रहा है कि हमलावरों ने छात्रा का गला काटकर उसकी हत्या कर दी.

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सरकाघाट थाना की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी.

पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर आसपास के लोगों से पूछताछ भी की है. घटना को अंजाम देने के बाद फरार आरोपी को पुलिस ने साढ़े तीन घंटे बाद गिरफ्तार किया. इससे पहले ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से आरोपी की जमकर धुनाई की. पुलिस ने उसे घटनास्थल से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर ग्रामीणों की मदद से जंगल में पकड़ा. पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है.

# सोनिया गांधी ने केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

## बोलीं- मौजूदा समय में असली चिंता महिला आरक्षण नहीं, बल्कि प्रस्तावित परिसीमन है

**नई दिल्ली 13 अप्रैल.कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक निजी अखबार में लिखे अपने लेख के जरिए केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण और परिसीमन के मुद्दे को लेकर हमला बोला है.**



श्रीमती गांधी ने सोमवार को यहां स्पष्ट तौर पर कहा कि मौजूदा समय में असली चिंता महिला आरक्षण नहीं, बल्कि प्रस्तावित परिसीमन है, जिसे उन्होंने बेहद खतरनाक और संविधान पर हमला करार दिया. अपने लेख में उन्होंने चेतावनी दी कि संसद के विशेष सत्र में जिस तरह परिसीमन का मुद्दा सामने आ रहा है, वह लोकतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है.उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जल्दबाजी में इस विषय को आगे बढ़ा रही है, जिसके पीछे राजनीतिक लाभ लेने की मंशा हो सकती है.उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष से समर्थन तो मांगा जा रहा है लेकिन इस अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही.

श्रीमती गांधी ने याद दिलाया कि 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है.हालांकि, इसके क्रियान्वयन के लिए जनगणना और परिसीमन जरूरी है.उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार 2029 से महिला आरक्षण लागू करना चाहती है, तो यह निर्णय पहले क्यों नहीं लिया गया.

### आज का इतिहास

1891- भारतीय विधिवेत्ता और राजनीतिज्ञ भीमराव रामजी आंबेडकर का जन्म हुआ.

1919- ऑस्ट्रिया के साशक को देश निकाला देकर स्वीटजरलैंड भेज दिया गया.

1927- पहली वोल्वो कार प्रीमियर गॉटेनबर्ग, स्वीडन में लांच हुआ.

1939- अमेरिकी लेखक जॉन स्टाइनबेक की नोवल को पहली बार वाइकिंग प्रेस ने प्रकाशित किया.

1945- फ्रेजेयथ की कमान-4 कनाडाई (बख्तरबंद) डिवीजन ने मेजर जनरल क्रिस्टोफर वोक्स के आदेश पर जानबूझकर जर्मन शहर फ्रिसॉयथ को नष्ट कर दिया.

1981- एसटीएस -1पहला परिचालन अंतरिक्ष शटल, कोलंबिया ने अपनी पहली परीक्षण उड़ान पूरी की.

# पीएम मोदी ने जलियांवाला बाग के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली, 13 अप्रैल.प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को शोषण के खिलाफ प्रतिरोध के एक अमर प्रतीक के रूप में याद किया.

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर साझा किये गये एक संदेश में कहा कि आज के दिन हम जलियांवाला बाग के बहादुर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं.उनका बलिदान हमारे लोगों की अदम्य भावना की एक शक्तिशाली याद दिलाता है. उन्होंने कहा कि उनके द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प पीढ़ियों को स्वतंत्रता, न्याय और सम्मान के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता रहेगा.

### खरगे ने शहीदों के बलिदान को बताया अमर



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जलियांवाला बाग जनसंहार के शहीदों के बलिदान को साहस, देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक बताया है। श्री खरगे ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हम जलियांवाला बाग के अमर शहीदों को अपनी भावभीनी और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।उन्होंने कहा कि निहत्थे होने के बावजूद पीड़ितों ने अदम्य साहस, अटूट देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान का प्रदर्शन किया.

## मोतिहारी में डीआरडीओ की मेगा प्रदर्शनी कल से

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल.** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) 15 से 18 अप्रैल तक मोतिहारी के महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में मेगा प्रदर्शनी का आयोजन करेगा. इस प्रदर्शनी में देश की अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों, उन्नत प्रणालियों और 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रयासों को प्रदर्शित किया जाएगा. कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद राधा मोहन सिंह द्वारा किया जाएगा. प्रदर्शनी की थीम 'शांति, सत्य और विज्ञान का संगम- सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत' रखी गई है. प्रदर्शनी में एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम, आकाश मिसाइल, आकाश-एनजी लॉन्चर, ब्रह्मोस, पृथ्वी, एंटी-सैटेलाइट मिसाइल, नाग एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल और प्रलय मिसाइल जैसे अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों के मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे. इससे लोगों को देश की रक्षा क्षमताओं को करीब से समझने का अवसर मिलेगा.

# पश्चिम बंगाल में लागू होगा यूसीसी- शाह



**बोलपुर (पश्चिम बंगाल), 13 अप्रैल.** पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मियों के बीच अमित शाह ने सोमवार को बोलपुर में आयोजित जनसभा में तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और कई बड़े राजनीतिक वादे किए. गृह मंत्री ने स्पष्ट कहा कि यदि राज्य में भाजपा सत्ता में आती है, तो समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी. उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार एक संगठित व्यवस्था बन चुका है, जिसमें सत्ताधारी दल के नेताओं की भूमिका सामने आती रही है. शाह ने दावा किया कि अब राज्य की जनता कथित कुशासन से त्रस्त है और बदलाव के लिए तैयार है। अपने संबोधन में उन्होंने महिला सुरक्षा को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए कहा कि भाजपा सरकार आने पर महिलाएं रात में भी सुरक्षित महसूस करेंगी. इसके साथ ही उन्होंने आगामी मतदान के दौरान किसी भी तरह की बाधा डालने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी। शाह के इस बयान ने बंगाल की राजनीति में नया मोड़ ला दिया है, जहां चुनावी मुकाबला अब और तीखा होता नजर आ रहा है. भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है, तो राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी और महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी.

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**


### राज्य सरकार गरीबों के लिए आवास बनाने में विफल



**अरनथांगी/चेन्नई 13 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार पर तीखा हमला बोला और जनता से भ्रष्टाचार के खिलाफ मतदान कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनाने की अपील की। श्री नवीन ने अरनथांगी में जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक का मतलब धोखा, भ्रष्टाचार और लूट बताते हुये आरोप लगाया कि राज्य सरकार गरीबों के लिए आवास बनाने में विफल रही है, जबकि कांग्रेस नेताओं के लिए आलीशान घरों पर खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे आवास, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान भारत का लाभ देशभर में मिल रहा है, लेकिन तमिलनाडु में इनका पूरा फायदा लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि द्रमुक सरकार परिवारवाद की राजनीति कर रही है, जिसमें सत्ता एक ही परिवार तक सीमित है। उन्होंने कहा कि आम पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्ति के लिए मुख्यमंत्री बनना लगभग असंभव हो गया है। उन्होंने राज्य में बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार और कथित अवैध शराब कांड का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से कई लोगों की मौत हुई, लेकिन सरकार ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई। उन्होंने उदयनिधि स्टालिन और अन्य नेताओं पर सनातन धर्म के अपमान का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी मानसिकता को जनता को जवाब देना चाहिए।उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाएं दी हैं, जिनमें रेलवे, मेट्रो और सड़क परियोजनाएं शामिल हैं।

### राहुल गांधी का तमिलनाडु दौरा टला

**चेन्नई, 13 अप्रैल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का तमिलनाडु का दौरा टल गया है। वह 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों में प्रचार के लिए जाने वाले थे। श्री राहुल को सोमवार को तमिलनाडु आने वाले थे, लेकिन अब उनका नया कार्यक्रम बनेगा। तमिलनाडु कांग्रेस की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। तमिलनाडु कांग्रेस ने कहा कि राहुल के दौरे का विस्तृत कार्यक्रम अगले 3-4 दिनों में घोषित किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन की एक प्रमुख सहयोगी है और 28 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। श्री गांधी को सोमवार को चेन्नई पहुंचने के बाद उन्हें यहां से लगभग 40 किमी दूर श्रीपेरंबुदूर जाना था और अपने पिताजी एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करनी थी।



### बंगाल में चुनाव तैयारियों की समीक्षा शुरू

**कोलकाता, 13 अप्रैल।** भारत चुनाव आयोग ने आगामी चुनावों के मद्देनजर पश्चिम बंगाल में प्रदेशव्यापी तैयारियों की समीक्षा शुरू कर दी है। वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती के नेतृत्व में एक टीम तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार को पश्चिम बंगाल पहुंची। टीम अंडाल हवाई अड्डे से बीरभूम पहुंचकर जिला अधिकारियों के साथ बैठक करेगी और विभिन्न जिलों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा भी करेगी। यह टीम शाम को मुर्शिदाबाद जाएगी और मंगलवार को नदिया जिले का दौरा करेगी। इसी बीच अपूर्व कुमार सिंह के नेतृत्व में एक अन्य टीम उत्तर बंगाल पहुंची है, जो अलीपुरद्वार से अपने दौरे की शुरुआत कर जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग सहित कई जिलों का निरीक्षण करेगी। दोनों टीमें बैठकों और जमीनी दौरे के जरिए चुनाव तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक समन्वय का आकलन करेंगी।

**चुनाव आयोग की टीमें सक्रिय**

**अंत्येष्टि**

### शिवाजी पार्क में राजकीय सम्मान के साथ हुआ मशहूर गायिका का अंतिम संस्कार

# नम आंखों ने आशा भोसले को दी अंतिम विदाई

**मुंबई, 13 अप्रैल।** भारतीय सिनेमा संगीत की सबसे प्रतिष्ठित आवाजों में शुमार मशहूर गायिका आशा भोंसले को सोमवार को मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान घाट में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

उनका अंतिम संस्कार शाम चार बजे किया गया और महाराष्ट्र समेत देश के विभिन्न हिस्सों में उनके प्रशंसकों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। अंतिम संस्कार प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों और फिल्म उद्योग के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार ने इस समारोह में शिरकत की। इसी श्मशान घाट में इससे पहले 2022 में उनकी बहन लता मंगेशकर का अंतिम संस्कार हुआ था। भारी संख्या में उमड़े शोक संतप्त प्रशंसकों के बीच कड़ी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।जनता को सुबह 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे के बीच लोअर परेल स्थित उनके निवास कासा ग्रांडे में आयोजित अंतिम दर्शन के दौरान सम्मान व्यक्त करने की अनुमति दी गई थी। परिवार द्वारा बताई गई जगह की कमी के बावजूद, महान गायिका की एक आखिरी झलक पाने के लिए हजारों प्रशंसक एकत्र हुए। बाद में उनके पार्थिव शरीर को एक भव्य जुलूस के रूप में दादर के शिवाजी पार्क श्मशान घाट ले जाया गया, जहाँ सड़कों पर लोगों की कतारें लगी थीं, जो उनके काफिले पर फूल बरसाते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। उनकी बहुमुखी प्रतिभा ने पिया तू अब तो आजा और दम मारो दम जैसे कैबरे हिट्स से लेकर गजल और भक्ति रचनाओं तक संगीत की एक विस्तृत श्रृंखला को छुआ, जिससे भारतीय सिनेमा में महिला पार्श्व गायन के दायरे को फिर से परिभाषित किया गया।उन्हें पद्म विभूषण, 2000 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका के लिए सात फिल्मफेयर पुरस्कार, फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार और कई महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कारों सहित कई सम्मानों से नवाजा गया।



उनकी अंतिम यात्रा में बॉलीवुड, संगीत और राजनीति जगत की कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं। आमिर खान, रणवीर सिंह और विक्की कौशल जैसे सितारों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। आशा भोसले के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में फैंस भी जुटे, जिसके चलते सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। उनके निधन से न केवल भारत, बल्कि दुनियाभर में बसे भारतीय समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है।

नवभारत
| संस्थापक : स्व. रामगोपाल माहेश्वरी | प्रेरणा स्त्रोत : स्व. प्रफुल्ल माहेश्वरी |

## सेना की थाली में स्थानीय खेतों की ताकत

रायसेन से आई यह खबर केवल एक सरकारी घोषणा नहीं, बल्कि भारत की कृषि और रक्षा व्यवस्था के बीच एक नई साझेदारी की शुरुआत है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा यह ऐलान कि अब सैन्य छावनियों में स्थानीय किसानों से सीधे जैविक सब्जियां और फल खरीदे जाएंगे, और सेना की कैंटीनों में ज्वार, बाजरा, रागी जैसे श्रीअन्न को अनिवार्य किया जाएगा,दरअसल 'आत्मनिर्भर भारत' के एक व्यावहारिक मॉडल की झलक है.

अब तक सैन्य छावनियों में खाद्य आपूर्ति का बड़ा हिस्सा लंबी सप्लाई चेन के जरिए आता रहा है, जिसमें ताजगी, गुणवत्ता और लागत,तीनों पर सवाल खड़े होते रहे हैं. ऐसे में स्थानीय स्तर पर सीधे किसानों से खरीद की यह पहल न केवल जवानों को ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराएगी, बल्कि सप्लाई चेन को छोटा और अधिक पारदर्शी भी बनाएगी. इससे भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका भी सीमित होगी, जो लंबे समय से कृषि क्षेत्र की एक बड़ी समस्या रही है.

दूसरी ओर, यह निर्णय किसानों के लिए भी एक स्थिर और भरोसेमंद बाजार तैयार करता है. अक्सर किसान अपनी उपज के उचित दाम के लिए संघर्ष करते हैं, लेकिन यदि सेना जैसी बड़ी संस्था सीधे खरीद करेगी, तो यह एक 'गारंटीड डिमांड' का मॉडल बन सकता है. खासतौर पर मध्यप्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्य में, जहां छोटे और मध्यम किसान बड़ी संख्या में हैं, यह योजना आय बढ़ाने में निर्णायक साबित हो सकती है.

श्रीअन्न (मिलेट्स) को सेना के आहार में अनिवार्य करना भी एक दूरदर्शी कदम है. ज्वार, बाजरा और रागी जैसे अनाज न केवल पोषण से भरपूर हैं, बल्कि जलवायु के अनुकूल भी हैं. कम पानी में उगने वाले ये फसलें किसानों के लिए जोखिम कम करती हैं और पर्यावरण के लिहाज से भी टिकाऊ हैं. संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' घोषित किए जाने के बाद भारत लगातार इनके प्रचार-प्रसार पर जोर दे रहा है, और अब सेना में इनका उपयोग इस अभियान को और गति देगा.

हालांकि, इस पहल के सफल क्रियान्वयन के लिए कुछ चुनौतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. सबसे पहले, स्थानीय स्तर पर पर्याप्त मात्रा और गुणवत्ता सुनिश्चित करना होगा. सेना की जरूरतें बहुत बड़ी और नियमित होती हैं, ऐसे में किसानों को संगठित करना, उन्हें प्रशिक्षण देना और एक मजबूत लॉजिस्टिक सिस्टम तैयार करना आवश्यक होगा. इसके अलावा, जैविक उत्पादों की प्रमाणिकता और गुणवत्ता नियंत्रण भी एक अहम पहलू रहेगा.

रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव इस दिशा में एक सकारात्मक संकेत है, जहां किसानों को आधुनिक तकनीक, ड्रोन और उन्नत पशुपालन की जानकारी दी जा रही है. यदि इस तरह के प्रयासों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, तो यह योजना केवल एक सरकारी घोषणा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि एक व्यापक कृषि-सुधार आंदोलन का रूप ले सकती है. कुल मिलाकर यह पहल 'जय जवान, जय किसान' के नारे को वास्तविक अर्थों में साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है. जब देश की सुरक्षा और अन्नदाता एक-दूसरे के साथ सीधे जुड़ेंगे, तब न केवल अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव भी और मजबूत होगी.

## बाबा साहेब का विचार | मोदी का नेतृत्व और विकसित भारत का संकल्प



लाल सिंह आर्य
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अनुसूचित जाति मोर्चा

संविधान शिल्पी भारत रत्न श्रद्धेय बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 136 वीं जयंती केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का उत्सव है. यह वह दिन है, जब हम उस महापुरुष को स्मरण करते हैं, जिन्होंने सदियों की सामाजिक विषमता को चुनौती दी और एक ऐसे भारत की नींव रखी, जहाँ न्याय, समानता और गरिमा प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार हो. बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, ज्ञान और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है—एक ऐसा जीवन, जिसने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा और आत्मसम्मान की मशाल को कभी बुझने नहीं दिया.

डॉ. अंबेडकर का व्यक्तित्व बहुआयामी था. वे केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक बड़े अर्थशास्त्री, श्रेष्ठ विधिवेत्ता, महान समाज सुधारक और दूरदर्शी राष्ट्रनिर्माता थे. उन्होंने यह स्पष्ट रूप से समझा था कि यदि भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाना है, तो केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी; इसके साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक न्याय भी सुनिश्चित करना होगा. यही कारण है कि उन्होंने संविधान में ऐसे प्रावधानों को शामिल किया, जो समाज के अंतिम व्यक्ति को भी समान अवसर और अधिकार प्रदान करते हैं. उनकी दूरदर्शिता का एक और महत्वपूर्ण पहलू था—मजबूत संस्थाओं का निर्माण. बाबा साहेब का मानना था कि किसी भी राष्ट्र की स्थिरता और प्रगति उसकी संस्थागत संरचना पर निर्भर करती है. वित्त आयोग, भारतीय रिजर्व बैंक, रोजगार कार्यालयों और श्रम नीतियों की जो बुनियाद उन्होंने रखी, वह आज भी भारत की आर्थिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है. उनकी सोच केवल वर्तमान तक सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार किया.



इतना ही नहीं, बहुत कम लोग जानते हैं कि डॉ. अंबेडकर की डॉक्टरेट थीसिस ने भारत में वित्त आयोग की स्थापना की नींव रखी और उनके विचारों ने 1934 के आरबीआई अधिनियम के निर्माण को दिशा दी. उन्होंने राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड, दामोदर घाटी परियोजना, हीराकुंड बांध और सोन नदी परियोजना जैसे बड़े बुनियादी ढांचों के विकास को प्राथमिकता दी, यह योजनाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि वे केवल सामाजिक न्याय के ही नहीं, बल्कि आर्थिक विकास और राष्ट्र निर्माण के भी अग्रदूत थे. आज जब भारत बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है, तब यह स्पष्ट होता है कि हम उसी मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं, जिसकी दिशा बाबा साहेब ने दशकों पहले तय की थी. बाबा साहेब का सबसे बड़ा सपना था—एक ऐसा भारत जहाँ कोई भी व्यक्ति जाति, वर्ग, लिंग या जन्म के आधार पर भेदभाव का शिकार न हो.

उन्होंने सामाजिक न्याय को केवल एक नारा नहीं, बल्कि शासन और समाज का मूल सिद्धांत बनाने का प्रयास किया. उनका मानना था कि राजनीतिक स्वतंत्रता तभी सार्थक है, जब सामाजिक और आर्थिक समानता भी सुनिश्चित हो. बाबा साहेब का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया. उनका संघर्ष केवल अधिकारों के लिए नहीं था, बल्कि आत्मसम्मान के लिए था. उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम माना और दलितों तथा वंचितों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया. उनका यह विश्वास था कि जब तक व्यक्ति शिक्षित नहीं होगा, तब तक वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हो सकता. आज जब हम वर्तमान भारत की ओर देखते हैं, तो पाते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसकी परिकल्पना बाबा साहेब ने की थी. सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास केवल एक नारा नहीं, बल्कि शासन की कार्यप्रणाली का आधार बन चुका है. अंत्योदय की भावना के साथ सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे.

मोदी सरकार ने आर्थिक समावेशन के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, वे बाबा साहेब के आर्थिक चिंतन का जीवंत उदाहरण हैं. जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खोले गए, आधार और मोबाइल के साथ जोड़कर उन्हें सीधे लाभ पहुँचाया गया. डिजिटल भुगतान प्रणाली, यूपीआई और भीम ऐप ने आम नागरिक को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है और शोषण और भ्रष्टाचार से बचाया है. यह सब उस सोच का विस्तार है, जिसमें बाबा साहेब आर्थिक सशक्तिकरण को सामाजिक मुक्ति का आधार मानते थे. इसके साथ ही, आधारभूत संरचना के क्षेत्र में जो व्यापक परिवर्तन हुए हैं, वे भी उल्लेखनीय हैं. प्रधानमंत्री गति शक्ति, भारतमाला, सागरमाला और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसी योजनाएं देश को नई गति प्रदान कर रही हैं.

14 अप्रैल जयंती पर विशेष

## बाबा साहब अम्बेडकर की विरासत को संजोती भाजपा



सुरेन्द्र शर्मा
प्रदेश उपाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी म.प्र.

भारत के इतिहास में ऐसे महान व्यक्तित्व हुए हैं जिन्होंने अपने विचारों, संघर्ष और कार्यों से समाज की दिशा बदल दी. डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर ऐसे ही महान पुरुष थे. वे न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि सामाजिक समानता, न्याय और मानव अधिकारों के प्रबल समर्थक भी थे. उनका जीवन संघर्ष, ज्ञान और परिवर्तन का अद्भुत उदाहरण है. बचपन से ही उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ा. कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने धैर्य रखा और जीवन की गति में प्रगति करते रहे. शिक्षा को उन्होंने जीवन श्रेष्ठ बनाने का माध्यम माना उन्होंने यह स्पष्ट रूप से कहा कि शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो. यह उनका प्रसिद्ध नारा था, जिसने लाखों लोगों को प्रेरित किया. उनका मानना था कि सामाजिक बदलाव के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है. स्वतंत्र भारत के निर्माण में डॉ. अंबेडकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही. उन्हें संविधान सभा की प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया. उनके नेतृत्व में भारत का संविधान तैयार हुआ, जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित है.

भारतीय संविधान में उन्होंने सभी नागरिकों को समान अधिकार दिए और छुआछूत जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए कानूनी प्रावधान किए. वे भारत के पहले कानून मंत्री भी बने. उनके प्रयासों से महिलाओं और कमजोर वर्गों को भी अधिकार मिले. डॉ. अंबेडकर ने संविधान में समानता को विशेष महत्व दिया. उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समान अधिकार प्राप्त हों. उनके प्रयासों से संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल किया गया, विशेष रूप से उन्होंने अस्पृश्यता को समाप्त करने के लिए अनुच्छेद 17 का प्रावधान किया, जो एक ऐतिहासिक कदम था.

डॉ. अंबेडकर सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक थे. उन्होंने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था का समर्थन किया, ताकि उन्हें शिक्षा, रोजगार और राजनीति में समान अवसर मिल सके. यह उनके सामाजिक सुधार के दृष्टिकोण का महत्वपूर्ण हिस्सा था. उन्होंने भारत को एक संघीय ढांचे के साथ संसदीय लोकतंत्र देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का संतुलन बनाए रखने के लिए उन्होंने स्पष्ट प्रावधान किए. उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भारत में जनता द्वारा चुनी गई सरकार हो, और शासन जनता के प्रति उत्तरदायी रहे. डॉ. अंबेडकर ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर विशेष जोर दिया. उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाया, ताकि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा हो सके.उन्होंने महिलाओं के अधिकारों को भी संविधान में स्थान दिलाया. समानता, संपत्ति के अधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर उन्होंने विशेष ध्यान दिया. वे महिलाओं के सशक्तिकरण के समर्थक थे. उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी धर्मों को समान सम्मान मिले और किसी भी नागरिक के साथ धर्म के आधार पर भेदभाव न हो.

उनकी दूरदृष्टि के कारण भारतीय संविधान में लचीलापन और कठोरता दोनों का संतुलन रखा गया. उन्होंने संविधान को ऐसा बनाया जो समय के साथ बदलती परिस्थितियों के अनुसार संशोधित किया जा सके. डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान केवल एक विधिवेत्ता के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक सुधारक और राष्ट्रनिर्माता के रूप में भी था. उन्होंने संविधान के माध्यम से एक ऐसे भारत की नींव रखी, जहाँ समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के आदर्श स्थापित हों.

> महिलाओं के लिए जननी एक्सप्रेस,जननी सुरक्षा योजना ,गांव की बेटी योजना,प्रतिभा किरण योजना,लाडली लक्ष्मी योजना ,लाडली बहिना योजना, और अब लखपति दीदी जैसी योजना जो महिलाओं का आर्थिक स्तर ऊंचा कर उन्हें समाज में बराबरी का स्थान दिला रही हैं..महिला समानता का इससे श्रेष्ठ उदाहरण इससे पूर्व कभी देखा नहीं गया यह बाबा साहब के सपनों को पूरा करने का संकल्प ही तो है.. 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती को देश भर में 'समानता दिवस' के रूप में मनाने एवं इस दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा भी जिसे 2025 के 14 अप्रैल से लागू किया गया..नरेंद्र मोदी जी की सरकार बाबा साहब अंबेडकर की विरासत को केवल स्मारकों तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि उसे नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास कर रही है. 'सबके साथ सबका विकास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ सामाजिक न्याय, समान अवसर और सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए ये कदम बाबा साहब अंबेडकर के सपनों के भारत की ओर एक महत्वपूर्ण पहल हैं.

## भारत-अमेरिकी संबंधों में प्रगति के प्रयास

पाकिस्तान में अमेरिका व ईरान के बीच शांति वार्ता जारी रहते भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 3 दिनों की अमेरिका यात्रा पूरी की. टैरिफ की ऊंची दरों से व्याप्त तनाव को सुलझाने तथा द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की दिशा में इस यात्रा का महत्व है. मिसरी की अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से भेंट के बाद अगले माह रुबियो की भारत यात्रा की संभावना बनी है. इसमें भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया व जापान के संगठन 'क्वाड' को मजबूत करने पर बल दिया जाएगा. मिसरी से चर्चा के बाद ऐसा लगा कि अमेरिका भारत से संबंधों को बेहतर बनाने का इच्छुक है. इस वार्ता में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी उपस्थित थे. इस चर्चा में एच-1 बी वीजा आवेदन पर महंगी फीस का मुद्दा भी उठा. अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन द्वारा लागू ऊंची टैरिफ दरों को रद्द कर दिया है. ट्रंप को लगे इस झटके के बाद से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत रुकी हुई है. रुबियो-मिसरी चर्चा के बाद शीघ्र ही व्यापार समझौते पर फिर चर्चा हो सकती है. व्यापार समझौते में यह सावधानी रखनी होगी कि अमेरिका कृषि, डेयरी व फार्मा प्रोडक्ट भारत में न खपाए. ऐसा कदम नहीं उठना चाहिए जो हमारे किसानों के हितों को विपरीत रूप से प्रभावित करे. मिसरी और रुबियो की यह भेंट बहुत सही समय पर हुई है. अमेरिका-ईरान युद्ध को लेकर ट्रंप भारत के रुख से अवगत हैं. संघर्ष जारी रहते ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात भी की थी. रुबियो से बातचीत के समय मिसरी ने भी उन्हें भारत सरकार के दृष्टिकोण की जानकारी दी होगी. अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा के दौरान व्यापार समझौते सहित सभी बकाया मुद्दों पर चर्चा हो जाएगी तथा तमाम संदेहों का निराकरण होगा. कूटनीतिक संबंधों को बेहतर बनाकर भारत-अमेरिकी मित्रता सुदृढ़ बनाना दोनों पक्षों के लिए हितकर होगा.



*ट्रंप के प्रथम कार्यकाल में भारत-अमेरिका के रिश्तों में काफी निकटता देखी गई थी लेकिन वर्तमान कार्यकाल के दौरान वह बात नहीं रही.नमस्ते ट्रंप और हाउडी मोदी जैसी बातें अब इतिहास बन गई.*

संपादकीय बोर्ड | प्रबंध संपादक : सुमीत माहेश्वरी, समूह संपादक : क्रांति चतुर्वेदी

निशानेबाज

## कड़े मुकाबले की ममता ने ठानी बोल मेरी मछली कितना पानी

पड़ोसी ने हमसे कहा, 'निशानेबाज, बंगाल विधानसभा चुनाव में मछली अहम मुद्दा बन गई है. मुख्यमंत्री व टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि बीजेपी यह तय करना चाहती है कि किस प्रदेश के लोग क्या खाएंगे-पिएंगे. प्रधानमंत्री मोदी बता रहे हैं कि मछली का उत्पादन कैसे बढ़ाया जाए जबकि उनकी पार्टी के बयान यह बताते रहे हैं कि वह लोगों के मांस-मछली खाने के खिलाफ हैं.' हमने कहा, 'बीजेपी के सामान्य नेता क्या कहते हैं, इससे मतलब नहीं. वही होता है जो मंजूर-ए-मोदी होता है. पीएम ने कहा कि बंगाल में मछली का उत्पादन कम हो गया है. अगर बीजेपी की सरकार आई तो विशेष योजनाएं शुरू कर मछली उत्पादन बढ़ाया जाएगा.'

पड़ोसी ने कहा, 'निशानेबाज, मछली समुद्र तट के राज्यों का प्रमुख खाद्य है. मछली पकड़ने के लिए मछुआरे अपनी नौकाओं से समुद्र में दूर-दूर तक जाते हैं. कुछ लोग नदी किनारे बैठकर पानी में बन्सी डालकर देर तक प्रतीक्षा करते हैं कि चारे के लालच में कोई मछली फंस जाएगी. चुनाव लड़ने वाले नेताओं के लिए भी सारे मतदाता मछली के समान होते हैं जिन्हें लुभावने वादों व खैराती योजनाओं का चारा डालकर फंसाया जाता है. कोई मछली खुद ही फंसना चाहती है. बुद्धिनाथ मिश्र की कविता है- एक बार और जाल फेंक रे मछेरे, क्या जाने किस मछली में फंसने की आस हो! लोग घर में फिश पॉन्ड रखकर रंगबिरंगी लाल-सुनहरी मछली पालते हैं. इसे लकी माना जाता है. उसके लिए विशेष फूड डालना पड़ता है.'




हमने कहा, 'मछली का महत्व कम नहीं है. पुराणों में उल्लेख है कि भगवान विष्णु ने मत्स्यावतार लिया था. महाराज मनु जब नदी में स्नान कर रहे थे तो उनकी अंजुली में एक मछली आ गई. उसे उन्होंने छोटे से जलाशय में डाल दिया. उसका आकार तेजी से बढ़ता गया तो उसे पहले तालाब और फिर समुद्र में डालना पड़ा. जब प्रलय हुआ और धरती डूब गई तो यही मछली मनु की बहुत बड़ी नौका को हिमालय तक खींचकर ले गई. यही कहानी बाइबिल में 'नोआर्ज आर्क' के नाम से है. उस विशाल मछली ने पृथ्वी के सभी जीवों की रक्षा की थी. बच्चे भी नर्सरी राइम गाते हैं- मछली जल की रानी है, जीवन इसका पानी है, हाथ लगाओ डर जाएगी, बाहर निकालो मर जाएगी.'

शब्द-सागर : डॉ. सागर खादीवाला

### CROSS WORD 12228 - डॉ. सागर खादीवाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | 9 | | 10 | |
| 11 | | | 12 | | ■ | 13 | |
| ■ | ■ | ■ | 14 | | | | ■ |
| 15 | | 16 | | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | 19 | | ■ | 20 | | |
| 21 | | ■ | 22 | | | ■ | |

**बाएं से दाएं**

1. पलकें झपकाना 5. घड़ा, मंदिर आदि का कलश (सं.) 7. बहुत ही दबक कर धीरे से बोलना 8. हिमालय पर्वत का एक जंगली बैल जिसकी पूंछ का चंवर बनता है 9. वे पुस्तक ग्रंथ समाचार-पत्र आदि जो प्रकाशित किए जाएं, प्रकाशित करने का काम 11. सांख्यदर्शन का वह सिद्धांत जो आत्मा को अनेक मानता है (सं.) 13. मृत्यु के देवता 14. डाटना, घुड़कना 15. कृत्रिम, बनावटी, जो स्वाभाविक न हो 17. कपोल 19. रोटी सेंकने का लोहे का गोल छिछला बर्तन 20. भांति, प्रकार (उर्दू) 21. कामदेव की पत्नी 22. दाह,

**ऊपर से नीचे**

1. बकरी या भेड़ का बोलना 2. दरकना, चिटकना, नाराज होना 3. कौआ, अति धृष्ट, नीच व्यक्ति 4. माता का पिता, विविध 5. किसी कड़ी वस्तु के टूटने का शब्द, उपवास 6. ओस (उर्दू) 9. प्रकाश करने वाला, छोटा दीया, स्पष्ट करने वाला (सं) 10. सोने का स्थान या गृह 12. तर्क-वितर्क, बहस (सं.) 15. होंठ, अंतरिक्ष 16. उबाल कर पकाया हुआ चावल 18. हिलोर, तरंग 20. शरीर, देह

**Solution 12227**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि | ध | र | ■ | खो | ■ | स | द्य |
| या | ■ | ह | ल | फ | ना | मा | ■ |
| म | हा | न | ता | ■ | स | न | द |
| त | र | स | ■ | म | म | ता | ■ |
| ■ | ना | ह | र | ■ | झ | ■ | बी |
| द | ■ | न | ग | र | ■ | अ | मा |
| वा | यु | ■ | ■ | मी | ना | का | री |
| त | वा | य | फ | ■ | क | ल | ■ |

## ज्योतिषाचार्य पंडित प्रियंका नारायणशंकर व्यास, कोतवाली बाजार, जबलपुर (म.प्र.)

### आज जिनका जन्मदिन है


वर्ष के प्रारंभ में शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. वर्ष के मध्य में सामाजिक कार्यो में सफलता मिलेगी. पद का लाभ प्राप्त होगा. व्यवसायिक मामलों में स्थिति सामान्य रहेगी. धार्मिक कार्यो में संलग्नता रहेगी. वर्ष के अन्त में शत्रु कष्ट होगा, चिन्ता रहेगी, किन्तु निवारण भी होगा. व्यर्थ के वाद विवाद एवं व्यय से बचने का प्रयास करें.

मेष और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों को पद का लाभ प्राप्त होगा. सामाजिक कार्यो में संलग्नता रहेगी. वृष और तुला राशि के व्यक्तियों को शत्रु कष्ट होगा. कर्क राशि के व्यक्तियों को मांगलिक कार्यो में खर्च होगा. सिंह राशि के व्यक्तियों को उन्नति के योग है. मिथुन और कन्या राशि के व्यक्तियों का स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. मकर और कुंभ राशि के व्यक्तियों को यश और सम्मान में वृद्धि होगी. धनु और मीन राशि के व्यक्तियों के लिये यश और पुरूषार्थ बना रहेगा.

### आज जन्मे शिशु का भविष्य

आज जन्म लिया बालक सौभाग्यशाली, भाग्यवर्धक, सुन्दर, तथा श्शांतिप्रिय होगा, आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी, जन्म स्थान के पास अपना भाग्योदय करेगा, पिता के प्रति आस्था रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा.

### उदयकालीन ग्रह चाल




**मेष**- कानूनी मामले पक्ष में हल होंगे, रोजगार के अवसर की तलाश पूरी होगी, शारीरिक अस्वस्थ्यता के कारण व्यवधान आ सकता है.

**वृषभ**- सामाजिक कार्यो में भागीदारी बढ़ेगी, मांगलिक यात्रा का प्रोग्राम बनेगा, यश मिलेगा. मित्रों से विवाद होगा, कामकाज पूरा होगा.

**मिथुन**- नये प्रस्ताव मिलने के आसार हैं, भावनात्मक संबंधों में निकटता बढ़ेगी, पारिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी, मान सम्मान प्राप्त होगा.

**कर्क**- न्यायालयीन प्रयासों में सफलता मिलेगी, नवीन योजनाओं का विकास होगा, श्रम उतना ही करें, जितना आपका शरीर साथ दे.

**सिंह**- बुजुर्गो का ध्यान रखें, शासन सत्ता एवं उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा, मित्र वर्ग मदद करेंगे, आशा से अधिक लाभ प्रसन्नता देगा.

**कन्या**- साहसिक प्रयत्न से शत्रुओं पर विजय मिलेगी, नौकरी में यश एवं कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त होगा, परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा.

**तुला**- कारोबारी विस्तार की संभावना है, दानधर्म में खर्च होगा, नियमितता का ध्यान रखकर कार्य करें, साहस पराक्रम बना रहेगा.

**वृश्चिक**- बिना मांगे राय न दें, अपमान हो सकता है, नई योजना हाथ में आने के आसार हैं, भूमि भवन, मकान आदि संबंधित विवादों का समाधान होगा.

**धनु**- उच्च अध्ययन पर अंतिम निर्णय होगा, यात्रा सुखद रहेगी, मित्र मदद करेंगे, पारिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी, राजनैतिक प्रभाव में वृद्धि होगी.

**मकर**- मौजमस्ती में समय व्यतीत होगा, तीखी बातों से बचें, सोच समझकर पूँजी निवेश करें, आजीविका के प्रयासों में सफलता मिलेगी, संतान के कार्य बनेंगे.

**कुम्भ**- संवाद बनाये रखें, रिश्ते मजबत होंगे, मित्रों के सहयोग से कार्य प्रारंभ किया जा सकता है, जमीन जायजाद मिलने का योग है, मांगलिक कार्यो में खर्च होगा.

**मीन**- भावुकता में लिये गये फैसले बदलने पड़ सकते हैं, अधिकारियों का सहयोग तरक्की में सहायक रहेगा, विवादों को टालना हितकर रहेगा.

### पंचांग

रा.मि. 24 संवत् 2083 वैशाख कृष्ण द्वादशी भौमवासरे रात 9/6, शतभिषा नक्षत्रे दिन 1/9, शुक्ल योगे दिन 1/2, कौलव करणे सू.उ. 5/43, सू.अ. 6/17, चन्द्रचार कुम्भ, शु.रा. 11, 1, 2, 5, 6, 8 अ.रा. 12, 3, 4, 7, 9, 10 शुभांक- 4, 6, 0.

### व्यापार भविष्य

वैशाख कृष्ण द्वादशी को शतभिषा नक्षत्र के प्रभाव से गुड़ खांड, चांदी के भाव में तेजी के रियेक्शन रहेंगे, पीले रंग की वस्तुओं में तेजी होगी. हल्दी, गुड़, सोना, में तेजी होगी. भाग्यांक 2585 है.

### SUDOKU 7360

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है. इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है. आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 333 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें. ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते. ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

नवभारत सू-दोकू 7359

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# एम्स में एप्रोच लगाने पर मरीजों को मिलते हैं बेड

## इमरजेंसी विभाग में गंभीर मरीजों को भी नहीं मिल रहा बेड



साक्षी केसरवानी

**भोपाल, 13 अप्रैल. एम्स अस्पताल में इन दिनों एमरजेंसी विभाग में गंभीर रूप से बीमार मरीज को भी भर्ती करने को बेड ही नहीं हैं. हालांकि ये बात अलग है कि बेड किसी नेता के फोन के बाद खाली हो जाता है.**

बता दें सोमवार दोपहर एक, दो नहीं बल्कि 3 से 4 गंभीर मरीज एमरजेंसी विभाग में आये, लेकिन उन्हें बस ये कहकर लौटा दिया गया, कि बेड खाली नहीं है. इस स्थिति में मौके पर मौजूद नवभारत प्रतिनिधि ने एमरजेंसी के अन्दर जाकर देखा तो 4 बेड खाली थे.

### हर दिन लौटते हैं 50 से अधिक मरीज

अस्पताल में हर दिन एमरजेंसी विभाग में 50 से अधिक मरीज आते हैं, लेकिन मरीजों को यह कहकर लौटा दिया जाता है कि बेड खाली नहीं है, या फिर हमीदिया जाने को कहा जाता है.



तीन महीने पहले भाई छत से गिर गया था, कोवां में था, हालत गंभीर थी. लेकिन एडमिट करने को मना कर दिया, बहुत देर तक हाथ पांव मारने पर बड़े नेता से फोन करवाया तो तुरंत एडमिट कर लिया. उसके पहले बोल रहे थे कि बेड खाली नहीं है. आज ओपीडी में दिखाने आया हूं स्ट्रेचर तो दे दिया लेकिन कोई हेल्पर नहीं मिलता, सब कुछ अकेले ही करना पड़ता है.

**– रवि प्रजापति, परिजन**

### फोन लगने पर खाली होता है बेड



पिता को मैं रविवार को ग्वालियर से ट्रेन में लेकर आया, रास्ते में ही तबियत काफी बिगड़ गई थी इनका ट्रेकोस्टॉमी का आपरेशन के बाद से ही सांस लेने में दिक्कत हो रही थी. डॉक्टरों ने एम्स लाने को कहा, लेकिन यहां आने के बाद बेड खाली नहीं है कहकर एमरजेंसी में एडमिट करने को मना कर दिया. करीब 4 से 5 घंटे की मशक्कत के बाद कई जगह से फोन करवाकर राजनीतिक सहयोग लेने पर भर्ती किया.

**– राज मांझी, परिजन**

### एनआईसीयू में अब नहीं दिख रहे चूहे





एनआईसीयू वार्ड में सोमवार को भर्ती बच्चों के परिजनों से नवभारत प्रतिनिधि ने बात की. परिजनों ने बताया कि 3 से 4 दिन पहले दवाओं का छिड़काव के बाद मरे चूहे दिखे थे. जिसकी सफाई के बाद चूहे नहीं दिखे. अस्पताल परिसर में समय समय पर कीटों को भगाने को लिये दवाओं का छिड़काव होता है. एम्स के सुपरिटेंडेंट विकास गुप्ता ने बताया कि 4 दिन पहले भी एनआईसीयू वार्ड की तरफ भी छिड़काव के बाद 20 से 25 चूहे मरे मिले थे. कुछ चूहे फॉल्स सीलिंग से निकलकर में भी वार्डों में जाते दिखे थे. जिन्हे पकड़ लिया गया है.



भईया कई बार बेहोश हो चुके हैं, सोमवार को भी अचानक बेहोश हो गये काफी देर तक कोशिश करने के बाद भी होश नहीं आया. यहां आने के बाद पहले तो एडमिट को मना किया, लेकिन कई बार कहने पर और रिपोर्ट आने के बाद एडमिट किया.

**–क्षितिज गुप्ता**

### 30 बेड वार्ड आईसीयू में और 12 बेड इमरजेंसी में

एमरजेंसी में आने वाला मरीज वेंटिलेटर पर है और बेड खाली है. तो हम उसे एडमिट करते हैं. कुल 30 बेड, वार्ड आईसीयू में और 12 बेड एमरजेंसी में हैं ऐसे में जब बेड नहीं खाली होते तो मरीज को दूसरी जगह भेजना पड़ता है. वहीं बिना वेंटिलेटर के कोई मरीज गंभीर अवस्था में आता है तो उसे तुरंत प्राथमिक उपचार दिया जाता हैं. जिसके बाद जरूरत अनुसार विभागीय वार्ड में एडमिट करते हैं.

**– विकास गुप्ता, सुपरीटेंडेंट,** एम्स, भोपाल

## ट्रांसफॉर्मर आग घटना में बाहरी कारण की आशंका

**भोपाल.** एमपी नगर क्षेत्र में 12 अप्रैल को हुए ट्रांसफॉर्मर में आग लगने की घटना की जांच में प्रथम दृष्टया बाहरी कारणों से फॉल्ट होने की आशंका जताई गई है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार घटना सुबह लगभग 9 बजकर 31 मिनट पर हुई, जब 11 केवी चेतक फीडर आर-फेज अर्थ फॉल्ट के कारण ट्रिप हुआ. उस समय करीब 2400 एम्पियर का फॉल्ट करंट रिकॉर्ड किया गया, जबकि रविवार होने के कारण फीडर पर लोड मात्र 16 एम्पियर था. ट्रिपिंग के बाद सबस्टेशन ऑपरेटर निरीक्षण के लिए पहुंचा, जहां स्थानीय लोगों से ट्रांसफॉर्मर में आग लगने की सूचना मिली. सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फीडर को पुनः चालू नहीं किया गया और तत्काल फॉल्ट सुधार दल को सूचित किया गया.

## दो लुटेरों को हिरासत में लिया

**श्यामला हिल्स थाने का मामला**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 अप्रैल. श्यामला हिल्स थाना पुलिस ने बुजुर्ग डॉक्टर के साथ हुई लूट की वारदात में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है. लूट की घटना महिला आरोपी के इशारे पर होने की जानकारी सामने आई है. पुलिस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों से जानकारी जुटा रही है.**

जानकारी के मुताबिक लूट की वारदात का शिकार हुए डॉ. मनोज वर्मा को आरोपी महिला जानती थी. डाक्टर से रिश्ते बिगड़ने के बाद महिला ने योजना बनाकर उनके साथ लूटी की वारदात को अंजाम दिया. महिला आरोपी के एक और साथ को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है. लूट की वारदात में शामिल होने वाले अन्य आरोपियों के बारे में पुलिस की पूछताछ जारी है. हालांकि पुलिस को अभी तक लूट का सामन बरामद नहीं हुआ है, जल्द ही लूट की वारदात में शामिल अन्य आरोपियों तक पुलिस पहुंच सकती है. पुलिस की हिरासत में आई आरोपी महिला की पहचान आलिया खान निवासी रेतघाट और आरोपी युवक अरसलान के रूप में की गई है.

### अन्य आरोपी अभी भी फरार

वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी अदनान और एक अन्य युवक अभी भी फरार चल रहे हैं. बीते शुक्रवार को डॉ. मनोज वर्मा सुबह रोजाना की तरह वह साइकिलिंग के लिए निकले थे. इस दौरान बदमाशों ने उनके सा थ लूट की थी.

## कार्रवाई : छापा मारकर छह सिलेंडर किए जब्त

**भोपाल.** राजधानी में रसोई गैस सिलेंडर की समस्या से जनता को राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है. साथ ही कालाबाजारी को लेकर भी छापेमारी की जा रही है. इस क्रम में जिला आपूर्ति विभाग ने सोमवार को नेहरू नगर में श्रेष्ठ सेल्स सर्विस पर छापेमार कार्रवाई की. इस दौरान दुकान बंद मिली. दुकान का संचालक सोनू विश्वकर्मा का फोन भी बंद मिला. ऐसे में प्रशासन की टीम ने दुकान को सील कर दिया. इसके बाद फिर से संचालक सोनू से संपर्क किया. बात होने पर दुकान की सील तोड़ी गई. मौके पर दुकान में 6 छह घरेलू गैस सिलेंडर पाए गए, जिसमें से दो सिलेंडर में गैस भरी पाई गई. जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने यह जानकारी दी.

## बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया से हटाए 8 अतिक्रमण

**फैक्ट्स**

- निजी और शासकीय भूमि पर मिला अवैध कब्जा
- सेवनियां गौड़ और गौरा गांव में दीवार तोड़ी, तार फेंसिंग हटाई

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 13 अप्रैल. राजधानी में सोमवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई टीटी नगर वृत्त के अंतर्गत सेवनियां गौड़ और गौरा गांव में हुई, जहां पर सुबह 11 बजे से प्रशासन पुलिस बल और अतिक्रमण अमले ने बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में किए गए अतिक्रमण को हटाया.**



इस दौरान सीमेंट से बनी दीवार और तार फेंसिंग को जेसीबी से तोड़ा गया. इस दौरान तहसीलदार कुनाल राउत सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, नगर निगम के झील संरक्षण के अधिकारी, भवन अनुज्ञा शाखा, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे. शुरुआत में प्रशासन का अमला सेवनिया गौड़ पहुंचा, जहां पर चार निजी भूमि पर सीमेंट के पोल लगाकर दीवार का निर्माण किया हुआ था और एक जगह पंप हाउस का कमरा बना हुआ था. वहीं गौरा गांव में चार जगह तार फेंसिंग की हुई थी. इन सभी को जमींदोज किया गया. जब सेवनियां गोड़ में प्रशासन अमला कार्रवाई करने पहुंचा, तो वहां पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से कैचमेंट की भूमि पर मलबा डालकर भराव किया जा रहा था. अतिक्रमण अमले को देखकर कब्जा करने आए लोग ट्रॉली छोड़कर और ट्रैक्टर लेकर भाग गए, लेकिन मलबे से भरी ट्रॉली को जब्त कर लिया गया. टीटी नगर वृत्त के तहसीलदार कुनाल राउत ने बताया शासकीय भूमि पर दिए गए नोटिस की सुनवाई हो चुकी है और उनको तोड़ने की कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन पक्के निजी भूमि पर बने आवासों को तोड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट के नियमों का पालन के अनुसार कुछ समय लगेगा. वहीं निजी भूमि पर बने निर्माण को तोड़ने के लिए अभी उनको सामान हटाने और स्वयं अतिक्रमण हटाने का समय दे रहे हैं. निजी भूमि पर अतिक्रमण को हटाने के लिए नोटिस और उनकी सुनवाई नगर निगम के भवन अनुज्ञा शाखा के अधिकारी कर रहे हैं.

### मेरा फार्म हाउस का कुछ हिस्सा कैचमेंट में

गौरा गांव में कैचमेंट से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रशासन कर रहा था, उसी दौरान वहां पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन उत्तर संजय सिंह पंवार पहुंच गए. उन्होंने तहसीलदार कुनाल से बात करते हुए अपने फार्म हाउस के अतिक्रमण को स्वयं भी हटवाने के लिए कहा. उन्होंने तहसीलदार को बताया कि मेरे कब्जे वाली भूमि में से आठ फुट कैचमेंट में है. आप उसे तोड़ने आए तो मुझे बता दीजिएगा. मैं स्वयं ही उस वक्त आ जाऊंगा. हालांकि अतिक्रमण की सूची में संजय सिंह पंवार का नाम नहीं है.

## डायल-112 के स्टाफ ने लापता बालक को परिवार से मिलवाया

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 13 अप्रैल. डायल-112 आपात सेवा ने एक बार फिर अपनी तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए इंदौर जिले में एक लापता बालक को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया.**



यह घटना 12 अप्रैल की मध्यरात्रि के आसपास सांवेर थाना क्षेत्र के रिंगनोद चौराहे के पास की है, जहां 12 वर्षीय बालक सुनसान सड़क पर अकेला भटकता हुआ मिला.

राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल को सूचना मिलते ही डायल-112 की फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल को तत्काल मौके पर भेजा गया. आरक्षक पारस चौधरी और पायलट धर्मेंद्र पटेल ने मौके पर पहुंचकर बालक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया. प्रारंभ में बालक अपने परिजनों के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका.

डायल-112 टीम ने बालक की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए आसपास के क्षेत्र में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. इसके बाद उसे थाना लाया गया और सोशल मीडिया व कंट्रोल रूम के माध्यम से उसके परिजनों की खोज शुरू की गई.

## नहीं बन रही शिक्षक संगठनों में सहमति

### लोकशिक्षण संचालनालय ने नहीं दी समय से बैठक की सूचना

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 अप्रैल. लंबे समय से टीईटी को लेकर असमंजस और चिंता में घिरे प्रदेश के शिक्षकों को मद्देनजर रखते हुये सोमवार को लोकशिक्षण संचालनालय और मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के बीच हुई महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसमें कई बिंदुओं पर सहमति बनी है.**

वहीं दूसरी तरफ बैठक की जानकारी अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा को समय पर नहीं दी गई. जिससे उनमें नाराजगी बनी हुई है. बता दें बैठक में परीक्षा से पहले पात्र शिक्षकों का वर्गीकरण करने की बात कही गई है. इसके बाद ही टीईटी परीक्षा आयोजित होगी. जिसमें खास बात यह है कि परीक्षा देने वाले शिक्षकों के लिए विभाग की ओर से रेमेडियल कक्षाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी. जिससे वे बेहतर तैयारी कर सकें.

शिक्षकों की सबसे बड़ी चिंता असफलता को लेकर थी. अब इस पर सहमति बनी है कि असफल शिक्षकों को एक नहीं बल्कि तीन अवसर दिए जाएंगे. इससे उनके करियर पर किसी तरह का तत्काल खतरा नहीं रहेगा और सुधार का मौका मिलेगा.

दसवीं और बारहवीं के परिणाम सुधार के लिए जो मॉड्यूल तैयार किए जाते हैं उन्हें भी सीमित संख्या में पात्र शिक्षकों को उपलब्ध कराया जाएगा. इससे शिक्षकों की गुणवत्ता और परिणाम दोनों में सुधार की उम्मीद है.

### बैठक में शामिल शिक्षक संघ पर फैसले का असर नहीं



अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा को बैठक की जानकारी 2 बजकर 30 मिनट पर दी गई. जबकि बैठक 3 बजे से थी. इतने कम समय में बैठक में शामिल होना संभव नहीं था. जिस संगठन से बातचीत हुई हैं वो सरकार के पक्षधर और पुराने शिक्षक संघ के लोग हैं. कुछ समय में रिटायर हो जायेगें. इन पर इस विषय पर लिये गये फैसले से कोई असर नही पड़ने वाला है. फिलहाल शासन को अवगत करा दिया गया है कि शिक्षक आंदोलन के संबंध में शासन कोई भी चर्चा करता है तो सिर्फ मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल से ही मान्य होगी, अन्य के साथ की गई वार्ता का निर्णय मान्य नहीं होगा.

## आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने पर केस

**भोपाल.** मिसरोद थाना इलाके में एक 40 वर्षीय महिला कर्मचारी ने उसका आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाले लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है. महिला निजी फायनेंस कंपनी में काम करती है और उसके एक साथी कर्मचारी के साथ का वीडियो अन्य चार आरोपी कर्मचारियों ने वायरल कर दिया. महिला को इसका पता तब चला जब कंपनी के प्रबंधन ने उसे नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. आरोप है कि आरोपी कर्मचारियों ने प्रबंधन को यह वीडियो भेजा था. आपत्तिजनक वीडियो एक साल पहले का बताया जा रहा है. महिला जहां काम करती है, वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई थी. आरोप है कि इस फुटेज को कंपनी में फुटेज की जिम्मेदारी संभालने वाले आरोपी युवक ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ शेयर की थी.

## नाबालिग के साथ छेड़खानी के आरोपी को सुनाई सजा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 अप्रैल. ऐशबाग इलाके में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी अभिषेक यादव को कोर्ट ने तीन साल की जेल की सजा सुनाई है. आरोपी को पॉक्सो एक्ट में दोषसिद्ध पाते हुये उस पर अर्थदंड भी लगाया गया है.**

अभियोजक अजय शंकर प्रजापति ने बताया कि मनोहरलाल पाटीदार अनन्य विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने मामले में फैसला सुनाया. 17/06/2021 को फरियादी ने अपनी मां के साथ पुलिस थाना ऐशबाग में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. लड़की ने बताया कि उस रात को वह अपने घर में सो रही थी. उसी समय पडोस मे रहने वाला अभिषेक यादव उसके घर के अंदर घुस गया था. अभिषेक ने लड़की को छुआ तभी उसकी नींद खुल गई और वह अभिषेक को देखकर डर गई थी.

### नाबालिग से शादी करने के आरोपी को कारावास

अशोका गार्डन इलाके में नाबालिग लड़की की शादी करने के इरादे से अपहरण करने वाले आरोपी आकाश शाक्या को जिला कोर्ट ने दोषी पाया. आरोपी आकाश को 5 साल का सश्रम कारावास और उस पर अर्थदण्ड भी लगाया गाय है. प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक ज्योति कुजूर और अजय शंकर प्रजापति ने पैरवी की. अभियोजक अजय शंकर प्रजापति ने बताया मनोहरलाल पाटीदार अनन्य विशेष न्यायाधीश ने मामले में फैसला सुनाया.

**प्रदर्शन** भैंरोपुरा गांव, ऋषिपुरम 80 फीट रोड, सांईराम कॉलोनी और पॉलीटेक्निक चौराहे की दुकानों का विरोध

## भैंरोपुरा में शराब दुकान के विरोध में हुआ प्रदर्शन

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 13 अप्रैल. राजधानी के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शराब की दुकानों को लेकर विरोध जारी है. शहर में ऋषिपुरम के 80 फीट रोड, सांईराम कॉलोनी, पॉली टेक्निक चौराहा की दुकानों का विरोध पहले से ही हो रहा था, लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी विरोध होने लगा है.**



सोमवार को ईंटखेड़ी क्षेत्र के भैंरोपुरा गांव में शराब की दुकान का विरोध हुआ. जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शराब की दुकान हटाने को लेकर धरने पर बैठ गए. प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. ग्रामीणों का कहना था कि कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी शराब की दुकान नहीं हटाई जा रही है. इससे ग्रामीण क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है. महिलाओं व बेटियों का निकलना मुश्किल हो गया है. शराब की दुकान के कारण असामाजिक तत्वों का जमघट लगता है. एकत्रित हुए ग्रामीणों में शराब की दुकान का ताला लगवा दिया. दुकानें के सामने ही टेंट लगाकर भजन करने के लिए बैठ गए. जिसमें ईंटखेड़ी सरपंच हरी सिंह सैनी, जिला पंचायत भोपाल उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, जनपद सदस्य प्रतिनिधि महेश मीणा, दशरथ सिंह मीणा, अखिलेश मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रही. अवधपुरी क्षेत्र में आने वाले ऋषिपुरम 80 फीट रोड पर पेट्रोल पंप के पास शराब दुकान का विरोध हो रहा है. लोग शराब की दुकान के सामने सुंदरकांड पाठ कर रहे हैं. रहवासियों का कहना है कि दुकान के कारण क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है. सेमराकलां क्षेत्र के विजय नगर सांईराम कॉलोनी के लोग एक साल से दुकान हटाने की मांग कर रहे हैं.

### ननि आयुक्त कार्यालय पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**भोपाल.** शहर के माता मंदिर स्थित नगर निगम आयुक्त कार्यालय पर सोमवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया. इस दौरान उन्होंने नींबूपानी का ठेला निगम कार्यालय के गेट के सामने रखकर सभी ने नारे बाजी कर प्रदर्शन किया. उसके बाद वहीं धरने पर बैठ गए. यह प्रदर्शन नगर निगम के द्वारा शहर में हाथ ठेले पर नींबू पानी, जलजीरा और गन्ने की चरखी को न हटाये जाने के लिए किया गया. उसके बाद प्रदर्शनकारियों ने निगमायुक्त को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा.

## स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिली 4 .40 करोड़ की छूट

**भोपाल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए मार्च का महीना खुशियां लेकर आया है. कंपनी द्वारा इन स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को टाइम ऑफ डे टैरिफ व्यवस्था के तहत सोलर ऑवर (सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक) में बिजली की खपत पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की गई है. इस टाइम ऑफ डे टैरिफ व्यवस्था के तहत कंपनी कार्यक्षेत्र में कुल 6 लाख 82 हजार 249 उपभोक्ताओं को बिजली बिल में 4 करोड़ 40 लाख 44 हजार रुपए की छूट का सीधा लाभ मिला है. अकेले भोपाल जिले की बात करें तो यहां 3 लाख 60 हजार 423 उपभोक्ताओं के बिलों में 2 करोड़ 41 लाख 85 हजार रुपये की छूट प्रदान कर उन्हें लाभान्वित किया गया है.

## आग लगने से कई किसानों की गेहूं की फसल राख

**बैरसिया, 13 अप्रैल. बैरसिया तहसील क्षेत्र के कलारा गांव में सोमवार सुबह करीब 8 बजे खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लगने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई. देखते ही देखते आग चारों तरफ फैल गई.**



ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग से बचाव हेतु ट्रैक्टर में पंजा लगा खेतों के चारों तरफ चलाकर आग बुझाने का प्रयास किया , लेकिन तेज लपटों के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया. ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी लेकिन वो समय पर नहीं पहुंची. किसान मनोहर लाल विश्वकर्मा, जैनुद्दीन, हरिराम शर्मा , धनश्याम अहिरवार, कुंदनलाल विश्कर्मा, भगवान लाल, शादीलाल कुशवाह, रामदयाल शर्मा सहित अन्य किसानों की आग लगने से गेहूं की फसल, आम व नीबू के पेड़ पौधे, भूसा , सिंचाई पाइप और लकड़ियां जलकर खाक हो गईं.

कई घंटों की देरी से फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग काफी फैल चुकी थी. बड़ी संख्या में एकत्रित गांव वालों ने लगभग 7-8 घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया. इस आगजनी में किसानों का लाखों रुपये का नुकसान होना बताया जा रहा है.

# क्ले में ढली कल्पना, बच्चों ने गढ़े गणेश

## बालमन नाट्य कार्यशाला में बच्चे सीख रहे रचनात्मक कार्य

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 अप्रैल.** नन्हे हाथों में कागज और गोंद ने जब आकार लिया तो गणेश की सुंदर आकृतियां गढ़ दीं. एवीएम स्कूल नेहरू नगर में 2 अप्रैल से चल रही बालमन नाट्य कार्यशाला में रविवार को बच्चों ने पेपर मेशी के जरिए गणेश प्रतिमा बनाकर अपनी कल्पनाशीलता को जीवंत कर दिया. कार्यशाला में करीब 55 बच्चों ने इस गतिविधि में भाग लिया और खेल-खेल में अभिव्यक्ति के नए तरीकों को सीखा. बता दें, कार्यशाला में बच्चों को रोज नई गतिविधियों के जरिए उनमें कृतियों को गढ़ने के साथ संगीत, नृत्य, क्राफ्ट और ड्रॉइंग से रचनात्मकता विकसित हो रही है तो स्टोरी टेलिंग और गेम्स जैसी गतिविधि से बच्चों में संवाद और टीम भावना को मजबूती मिल रही है. कार्यशाला की निर्देशिका रचना मिश्रा ने बताया इस पहल का उद्देश्य बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर कर उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। यहां बच्चे हर दिन कुछ नया सीखते हैं और अपनी छुपी प्रतिभा को पहचानते हैं। कार्यशाला पहले 30 अप्रैल तक निर्धारित थी, लेकिन बच्चों की बढ़ती रुचि को देखते हुए अब इसे 15 मई तक बढ़ा दिया गया है।



## अंबेडकर जयंती पर व्याख्यान आज

**भोपाल, 13 अप्रैल.** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार 14 अप्रैल को विश्व संवाद केंद्र की ओर से विशेष व्याख्यान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और डॉ. अंबेडकर का आयोजन मंगलवार को शाम 6 बजे माणिकचंद वाजपेयी सभागार विश्व संवाद केंद्र में किया जा रहा है. मुख्य वक्ता अशोक पांडेय, प्रांत संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मुख्य अतिथि प्रकाश बरतुनिया, पूर्व कुलाधिपति, डॉ. अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ होंगे. अध्यक्षता लाजपत आहूजा, अध्यक्ष विश्व संवाद केंद्र न्यास करेंगे.

# महू में आज होगा विशाल समागम

▸ **अंबेडकर जयंती आज : सीएम आयोजन में होंगे शामिल**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 13 अप्रैल. संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को पूर्ण आस्था एवं अपार उत्साह के साथ मनाई जाएगी. डॉ. अंबेडकर नगर महू में स्थित उनकी जन्मस्थली पर बने भव्य स्मारक में विशाल समागम होगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से इस आयोजन में शामिल होंगे.**

महू में जयंती उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं की मेहमानों की तरह आवभगत की जा रही है. श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, शीतल पेयजल आदि की विशेष व्यवस्था की गई है. जन्म स्थली पर बने भव्य स्मारक पर विशेष साज-सज्जा की गई है.

अंबेडकर जयंती उत्सव समारोह में श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला 12 अप्रैल की शाम से शुरू हो गया है. श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था स्वर्ग मंदिर परिसर में की गई. उक्त भोजन व्यवस्था 14 अप्रैल की शाम तक जारी रहेगी. भंतो के भोजन की व्यवस्था माहेश्वरी स्कूल में की गई है तथा उनके रूकने की व्यवस्था भी माहेश्वरी स्कूल में है. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये पर्याप्त संख्या में अस्थाई शौचालयों का निर्माण भी किया गया है. पेयजल व्यवस्था के लिये विभिन्न स्थानों पर प्याऊ का निर्माण किया गया है. अंबेडकर जयंती के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के रुकने के लिये धर्मशालाओं, केंट बोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल एवं केंट बोर्ड कन्या स्कूल में की गई है. इसके अलावा तीन विशाल डोम भी ठहरने के लिए बनाए गए हैं. व्यवस्था के लिये कार्यक्रम स्थलों को 7 सेक्टर में विभाजित किया गया है.

# राज्य पुलिस सेवा पेंशनर्स ने दिया डीजीपी को ज्ञापन

**भोपाल, 13 अप्रैल. सेवानिवृत उप पुलिस अधीक्षक भरत सिंह चौहान के साथ पिछले दिनों पन्ना पुलिस द्वारा किए गए अमानवीय और गैरकानूनी आचरण को लेकर सोमवार को मप्र राज्य पुलिस सेवा पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना से भेंट कर उन्हों ज्ञापन सौंपा.**

एसोसिएशन ने इस प्रकरण में अग्रिम जांच पन्ना पुलिस के स्थान पर किसी अन्य निष्पक्ष एजेंसी से करने की मांग की. साथ ही यह भी मांग की गई की राज्य में सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों के साथ इस प्रकार की घटनाएं दोबारा ना हो ऐसी व्यवस्था की जाए और ऐसा तंत्र स्थापित किया जाए.

ज्ञापन में कहा गया है कि पन्ना पुलिस द्वारा इस प्रकरण में किया गया है व्यवहार किसी भी दृष्टि से विधिक , न्यायोचित व मानवीय नहीं था. पन्ना पुलिस ने भरत सिंह चौहान एवं उनकी पत्नी पर जिन धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है, वह अनावश्यक तौर पर बदले की भावना से लगाई गई प्रतीत होती हैं.पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन देने वालों में संगठन के अध्यक्ष केबी शर्मा, अतिरिक्त उपाध्यक्ष सलीम खान, सचिव नरेंद्र सक्सेना, मीडिया प्रभारी शंभूनाथ मुखजी,कार्यकारिणी सदस्य डीपी जुगादे, नवीन अवस्थी, केके रजक, जवाहर पटले, गिरीश बोहरे आदि उपस्थित रहे.

## जलियांवाला बाग के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल, 13 अप्रैल.** मध्य प्रदेश कांग्रेस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया. इस अवसर पर उनके बलिदान के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया.

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहीदों को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया. वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत को याद करते हुए सत्य, साहस और देशभक्ति के मार्ग पर चलने की आवश्यकता पर जोर दिया.




**भोपाल, 13 अप्रैल.** रवीन्द्र भवन में आयोजित नृत्य रंजनी कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य कथक का आयोजन पुरू कथक नृत्य अकादमी द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने कथक की प्रस्तुति दी.

## सैनिकों के बच्चों ने निकाली साइकिल रैली

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**भोपाल, 13 अप्रैल. पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से भारतीय सेना के बच्चों द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया.** इस पहल ने नागरिकों का ध्यान आकर्षित करते हुए प्रदूषण बनाम समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जोर दिया. रैली में 8 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया.बच्चों ने तख्तियों के माध्यम से प्रदूषण के दुष्प्रभावों और उसके समाधान के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया. रैली 7021 ईएमई बटालियन के सहयोग से आयोजित की गई. रैली की शुरुआत द्रोणाचल टॉप स्थित आर्मी कैंप से हुई, जो बीआईपी रोड होते हुए कमला पार्क तक पहुंची और फिर द्रोणाचल टॉप पर पहुंचकर समाप्त हुई. शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए इस रैली ने नागरिकों को स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं विनोद यादव पुत्र श्री जगदीश यादव निवासी-मकान नंबर-31, गुफा मंदिर रोड एस.टी.सी.गोल्फ लिंक, फेस-2, लालघाटी भोपाल

यह कि अभिनव यादव पुत्र श्री विनोद यादव मेरा पुत्र है।

मेरा पुत्र अभिनव यादव वर्तमान में आर्मी पब्लिक स्कूल, दोर्णाचल नियूरी हिल्स एयरपोर्ट रोड भोपाल में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत है।

मेरे पुत्र का पूर्व नाम अभिनव यादव है जिसका नाम वर्तमान में परिवर्तन कर **विजय यादव (Vijay Yadav)** रख दिया गया है मेरे पुत्र को भविष्य में **विजय यादव (Vijay Yadav)** के नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

**मैं** शेख हमीद उल्लाह पिता शफी उल्लाह कुरैशी निवासी 111 मुरली नगर बैरसिया रोड भोपाल (म.प्र.). सूचित करता हूं मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम हमीद उल्लाह कुरैशी आत्मज शफी उल्लाह कुरैशी है तथा अब मैं शेख हमीद उल्लाह आत्मज शफी उल्लाह कुरैशी के नाम से जाना-पहचाना जाता हूं.

**नाम परिवर्तन सूचना**

**मेरा** नाम विनोद कुमार सिंह है. मेरी पुत्री का नाम आरना यादव है. उसके स्कूल में मेरे नाम विनोद सिंह यादव त्रुटिवश दर्ज हो गया है. मेरी पुत्री के स्कूल में मेरा सही नाम विनोद कुमार सिंह दर्ज किया जाए. यही मेरा सही नाम है.

# सबनानी ने किये निर्माण कार्यों के भूमिपूजन

▸ **एक करोड़ की राशि से होंगे विकास कार्य**

**भोपाल, 13 अप्रैल. दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सोमवार को क्षेत्रीय विधायक भगवानदास सबनानी एवं महापौर मालती राय द्वारा एक करोड़ की राशि के विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया गया.**

वार्ड 25 में 25वीं बटालियन के सरकारी स्कूल में वाटर प्रूफिंग कार्य, वार्ड 26 में सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल सेवनिया गौड़ में शेड निर्माण पेवर ब्लॉक कार्य शौचालय निर्माण एवं अन्य कार्य, सूरज नगर में सीसी रोड निर्माण कार्य, बरखेड़ी कला में कल्याणीपुरम कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण कार्य, बीलखेड़ा में सरकारी स्कूल की बाउंड्री बाल एवं कमरों के निर्माण कार्य के लिए विधायक भगवानदास सबनानी एवं महापौर मालती राय द्वारा भूमिपूजन किया गया.जोन अध्यक्ष एवं पार्षद आरती राजू अनेजा, पार्षद राजमणि चुके, मंडल अध्यक्ष हेमंत बड़गैया, वरिष्ठ नेता लीलेंद्र मारण, राजू अनेजा, जीवन मारण, पंकज त्रिपाठी उपस्थित थे.



# हिंदी विवि में नारीशक्ति वंदन अधिनियम पर हुई चर्चा

**भोपाल, 13 अप्रैल. अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा सोमवार को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता श्रुति सिंह थीं. अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर देव आनंद हिण्डोलिया ने की, विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो. एल. पी. झारिया थे. मुख्य अतिथि श्रुति सिंह ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को राजनीति एवं समाज में समान भागीदारी प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया. साथ ही उन्होंने देश की वीरांगनाओं नमन किया तथा उपस्थित विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया. कुलगुरु प्रो. हिण्डोलिया ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण राष्ट्र के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे महिला सशक्तिकरण के इस संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं. नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा की संयोजक डॉ. भावना खरे रहीं तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुसुम दीक्षित चौहान द्वारा किया गया.

**मध्यप्रदेश शासन**
**संसदीय कार्य विभाग**

कक्ष क्र. 203-ई, वल्लभ भवन-1, द्वितीय तल, मंत्रालय भोपाल-462004

दूरभाष नं.- 0755-2441039, 2579838, 2441102 ई-मेल आईडी- dirpad@mp.nic.in

निविदा क्रमांक /353/एफ-2/15/25-26/3/अड़तालीस | भोपाल, दिनांक 6/4/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

इस विभाग के उपयोगार्थ टैक्सी कोटे में रजिस्टर्ड 2 वाहन किराए पर लेने हेतु दिनांक 10/4/2026 से ई-निविदा आमंत्रित की गई हैं. ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य 1000/- (एक हजार रुपए मात्र) है, जो अप्रतिदेय है. ई-निविदा के साथ रुपए 25000/- (पच्चीस हजार रुपए) केवल ईएमडी https://mptenders.gov.in के माध्यम से जमा की जाना आवश्यक है.

ई-निविदा जमा करने एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा प्रकाशन की तिथि | 10/4/2026 | 2.00 PM |
| 2. | ई-निविदा क्रय करने की आरंभिक तिथि | 10/4/2026 | 2.00 PM |
| 3. | ई-निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि | 30/4/2026 | 5.00 PM |
| 4. | ई-निविदा भरने की अंतिम तिथि | 30/4/2026 | 5.00 PM |
| 5. | बिड (टेक्नीकल) खोलने की तिथि | 4/5/2026 | 3.00 PM |

**नोट:-** ई-निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्रों के माध्यम से नहीं किया जावेगा. यह केवल https://mptenders.gov.in/https://parliamentaryaffairs.mp.gov.in पर प्रकाशित किया जावेगा.

अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
संसदीय कार्य विभाग

G11448/26

# आशा भोसले को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल,13 अप्रैल.** विश्व प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर राजधानी में गीत गुंजन फाउंडेशन द्वारा सांगीतिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई. फाउंडेशन से जुड़े गायक-गायिकाओं ने आशा जी के लोकप्रिय गीतों को प्रस्तुत कर उन्हें याद किया और उनके संगीत योगदान को नमन किया. गुरु कैलाश यादव के मार्गदर्शन में संगीत सीख रहे कलाकारों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत कैलाश यादव और स्मिता निगम द्वारा आशा जी और मोहम्मद रफी का प्रसिद्ध युगल गीत फिर मिलोगे कभी इस बात का वादा कर लो प्रस्तुत कर की गई. सुनील श्रीवास्तव और निशा श्रीवास्तव ने दीवाना हुआ बादल गाकर माहौल को सुरमय बना दिया. मधु तिवारी ने चुरा लिया है तुमने जो दिल को प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी. वहीं रीटा देराश्री ने दम मारो दम गाकर सभी को भाव-विभोर कर दिया.

# आज विशेषज्ञ करेंगे चर्म रोगों पर मंथन

**भोपाल, 13 अप्रैल.** राजधानी में मंगलवार को चर्म रोग पर आधारित राष्ट्रीय स्तर का आयुर्वेदिक मंथन होने जा रहा है. आरोग्य भारती के सर्वकल्पम कार्यक्रम के तहत यह आयोजन पं खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के रजत जयंती सभागार में सुबह 10 बजे से शुरू होगा. इसमें देशभर के विशेषज्ञ, शोधकर्ता चर्मरोगों पर मंथन करेंगे.

## आज से किसानों को सदस्य बनाने का अभियान

**भोपाल, 13 अप्रैल.** सहकारिता विभाग द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल से प्रदेश में संचालित 4500 से अधिक प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों यानी पैक्स में 10 लाख से अधिक किसानों को सदस्य बनाने का महाअभियान का शुभारंभ किया जा रहा है. यह अभियान 15 मई तक चलेगा.

इस योजना का प्रमुख उद्देश्य प्रदेशभर के सभी पात्र गैर-सदस्य किसानों को पैक्स सदस्यता से जोड़ना है, जिससे उन्हें संस्थागत ऋण, कृषि सेवाओं एवं सहकारी सुविधाओं तक सुगम पहुंच प्राप्त हो सके.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शोभना सुराणा, पत्नी श्री अशोक कुमार सुराणा, निवासी मकान क्र. 38, निशात कॉलोनी, 74 बंगलोज, भोपाल ने अपने मुख्तार-ए-खास श्री अशोक कुमार सुराणा के माध्यम से श्री विनोद कुमार खोड़िया, पुत्र श्री राधेश्याम खोड़िया, निवासी हनुमान मन्दिर चौक, बिजुरी, शहडोल (म.प्र.)- 484440, के साथ प्लॉट क्रमांक 196-D, रोहित नगर, बावड़िया कलाँ, भोपाल पर भवन निर्माण हेतु दिनांक 13.04.2026 को समझौता ज्ञापन निष्पादित किया है। उक्त भूमि की चतुर्सीमा इस प्रकार हैं : पूर्व-प्लॉट नं. 46-A, पश्चिम-रोड, उत्तर: प्लॉट नं. 196, दक्षिण: प्लॉट नं. 196-C.

उक्त समझौते के अनुसरण में उक्त भूखण्ड पर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाना है।

यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त भूखण्ड अथवा प्रस्तावित निर्माण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/ दावा/अधिकार हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात (7) दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करे। तत्पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

विनोद कुमार खोड़िया,
हनुमान मन्दिर चौक,
बिजुरी, शहडोल
दिनांक: 13.04.2026 (म.प्र.) - 484440

**पश्चिम मध्य रेल**

कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) विभाग, भोपाल

क्रमांक: भोपाल/सी/एटीवीएम/अधिसूचना-01/2026, दिनांक 13.04.2026

**स्मार्ट कार्ड आधारित स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए ATVM फैसिलिटेटर नियुक्ति के लिए आवेदन**

**आवेदन की अंतिम तिथि: 20.04.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, भोपाल/पश्चिम मध्य रेल की ओर से, निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने पर **स्मार्ट कार्ड आधारित स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए भोपाल मंडल के निम्न 14 स्टेशनों पर ATVM फैसिलिटेटर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है।** फैसिलिटेटर के रुप में नियुक्ति के लिए प्राथमिकता का क्रम निम्नानुसार होगा।

1. किसी भी विभाग से सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी।
2. सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों के जीवनसाथी अथवा वयस्क बच्चा भी पात्र होगें (एक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी द्वारा केवल एक व्यक्ति को नामांकित किया जा सकता है)।

**एटीवीएम हेतु चयनित स्टेशनों एवं रिक्त स्थानों की सूची:-**

| S. No. | Station | ATVM (I) | ATVM (II) | ATVM (III) | Total ATVM | No. of ATVM identified for Facilitator | Facilitator may be appointment |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BPL | 6 | | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 2 | RKMP | 4 | | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | ET | 4 | | | 4 | 2 | 6 |
| 4 | NDPM | 3 | | 1 | 4 | 2 | 6 |
| 5 | BINA | 4 | | | 4 | 2 | 6 |
| 6 | ASKN | 1 | | 1 | 2 | 1 | 3 |
| 7 | BHS | 2 | | 1 | 3 | 1 | 3 |
| 8 | GUNA | 2 | | | 2 | 1 | 3 |
| 9 | SHRN | 1 | | 1 | 2 | 1 | 3 |
| 10 | BAQ | 2 | | | 2 | 1 | 3 |
| 11 | HD | 1 | | 1 | 2 | 1 | 3 |
| 12 | SVPI | 1 | | 1 | 2 | 1 | 3 |
| 13 | RTA | | 1 | 1 | 2 | 1 | 3 |
| 14 | MNV | | 1 | 1 | 2 | 1 | 3 |

**नोट:- 1.** आवेदन पत्र वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, भोपाल/पश्चिम मध्य रेल के कार्यालय में रखे सीलबंद बॉक्स में दिनांक 20.04.2026 को 10.30 बजे से 15.00 बजे के बीच डाले जाने चाहिए। सीलबंद बॉक्स दिनांक 20.04.2026 को 16.00 बजे खोला जायेगा। **2.** इस संबंध में पूर्ण जानकारी हेतु आवश्यक नियम एवं शर्तें, आवेदन पत्र वेबसाइट **www.wcr.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। **3.** डाक द्वारा प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **4.** रेलवे प्रशासन किसी भी आवेदक की सेवाओं को चुनने/अस्वीकार/समाप्त करने और बिना कोई कारण बताए अधिसूचना रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। किसी भी विवरण/प्रश्न के लिए, कृपया वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, भोपाल/पमरे कार्यालय में संपर्क करें। **5.** एक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी एक स्टेशन हेतु केवल एक आवेदन दे सकता है। किसी आवेदक का एक आवेदन स्वीकृत हो जाने पर अन्य स्टेशनों के लिए डाले गए आवेदन स्वतः ही निरस्त माने जायेंगे।

*कृते मंडल रेल प्रबंधक (वा), भोपाल/पमरे*

**स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री नया वि./यां. संभाग, राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल**

ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, फोन- 0755-2463613

क्रमांक 02 से 03/ व.ले.लि./26-27 | दिनांक 7/4/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत विद्युत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | एनआईटी क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 02/26-27/व.ले.लि. दि.7/4/2026 | 2026_सी.पी.ए._498348 | बाग मुगालिया एक्सटेंशन कॉलोनी रोड से 33 के.वी. एल.टी. लाई एवं डी.टी.आर. को शिफ्ट करने और एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य. | रु. 25033381.00 | रु. 250334.00 | रु. 15000.00 | केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकार 'अ' श्रेणी विद्युत लाइसेंस धारक |
| 2. | 03/26-27/व.ले.लि. दि.7/4/2026 | 2026_सी.पी.ए._498349 | कैरियर कॉलेज से डी.आर.एम. रोड 1.80 कि.मी. में विद्युतीकरण कार्य. | रु. 3761920.00 | रु. 50000.00 | रु. 5000.00 | --तदैव-- |

(1) उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (Tender Documents) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा. (2) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 13/4/2026 सायं 5.30 बजे से 24/4/2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है. (3) विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है.

कार्यपालन यंत्री
नया वि/यां संभाग
राजधानी परियोजना प्रशासन भोपाल
मो.नं. 7869966403

G11488/26

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि./यां.) संभाग क्र. 1, शेड नं. 11-ए, बारह दफ्तर जवाहर चौक, भोपाल, पिन कोड- 462003**

वेबसाइट : www.mppwd.gov.in, ई-मेल : eepwdelecbpl@mp.nic.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्र. 1 से 4/2026-27 | भोपाल, दिनांक 8/4/2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. कार्य का विवरण https://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है.

| क्र. | पोर्टल टेंडर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_PWDRB_498839_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | लोक भवन और श्यामला हिल्स भोपाल अनुभाग के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्प्लिट एयर कंडीशनर का कार्य. | प्रथम | 9.987 |
| 2. | 2026_PWDRB_498846_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | म.प्र. लो.नि.वि. कार्यालय निर्माण भवन में अलग-अलग पंपों का वार्षिक व्यापक मरम्मत एवं संचालन का कार्य (एक वर्ष) | प्रथम | 7.486 |
| 3. | 2026_PWDRB_498847_1 | भोपाल | डिपोजीट कार्य | ई.एस.बी. (परीक्षा शाखा-2) भोपाल के कम्प्यूटर रूम में विद्युतीकरण कार्य एवं विद्युत सामग्री प्रदान करने का कार्य. | प्रथम | 16.862 |
| 4. | 2026_PWDRB_498848_1 | भोपाल | डिपोजीट कार्य | आई.जी. रजिस्ट्रेशन एवं स्टाम्प विभाग अरेरा हिल्स भोपाल में लिफ्ट की वार्षिक मरम्मत एवं ट्रांसफॉर्मेस, डी.जी. सेट, कंट्रोल पैनल, इंटरनल इंस्टालेशन एवं पंप का इलेक्ट्रिकल व्यापक मरम्मत एवं संचालन का कार्य. | प्रथम | 17,174 |

उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से दिनांक 28/4/2026 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त हो सकेगा. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है. निविदा में भविष्य में किए जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा. यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जावेगा.

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (वि./यां.) संभाग क्र.-1 भोपाल

G11487/26

# दलगत राजनीति से उठें, बदलाव का समर्थन करें

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतंत्र को सशक्त बनाने का महायज्ञ

- जनप्रतिनिधियों को सीएम ने लिखा पत्र
- मंत्रियों के साथ पीएम मोदी का संबोधन सुना



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 13 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखा है.**

पत्र में उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठें और बदलाव का समर्थन करें. उन्होंने लिखा है कि 16 अप्रैल से देश की संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पूर्ण क्रियान्वयन को लेकर ऐतिहासिक चर्चा होने जा रही है. यह केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक अवसर है जब हमारे लोकतंत्र को और अधिक समावेशी और सशक्त बनाने का एक महायज्ञ किया जा रहा है.

इससे पहले नई दिल्ली में हुए नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में मंत्रियों के साथ वर्चुअली शामिल होकर सुना. उन्होंने अधिनियम को लेकर मंत्रियों से जानकारी भी साझा की. वहीं जनप्रतिनधियों को पत्र में लिखा है, कि मेरा स्पष्ट मानना है कि समाज की प्रगति तभी संभव है, जब देश और समाज की आधी आबादी को भी महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लेने और देश का नेतृत्व करने के समान अवसर मिलें. देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में देश की नारी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है. आज भारत की बेटियां सेना से लेकर स्टार्ट-अप्स और खेल मैदान से अंतरिक्ष तक सफलता का परचम लहरा रही हैं.

मप्र हमेशा से महिला सशक्तिकरण के मामले में देश के लिए एक मॉडल राज्य साबित होता रहा है. हमारी सरकार ने महिलाओं को प्रदेश के विकास का भागीदार माना है. लाड़ली बहना और लाड़ली लक्ष्मी योजना जैसी योजनाओं ने करोड़ों बहनों और बेटियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया है. मप्र देश के उन अग्रणी राज्यों में है , जिसने पुलिस भर्ती से लेकर शिक्षक भर्ती तक अपनी बेटियों को विशेष अवसर प्रदान किए हैं जिससे वे प्रदेश की शासन व्यवस्था का हिस्सा बन सकें.

### 25 तक मनेगा नारी शक्ति बंदन पखवाड़ा

**भोपाल.** डॉ. यादव ने कहा है कि यह सप्ताह महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक होगा. संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र 16 अप्रैल को आरंभ हो रहा है, जिसमें महिला आरक्षण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हमारे देश की नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी स्थान मिलना चाहिए. राज्य सरकार भी 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मना रही है. पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर नारी शक्ति वंदन सम्मेलन होंगे, इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर नारी शक्ति पदयात्रा भी निकल जाएगी.



# गर्म हवाओं ने बढ़ाई मुश्किलें

**41** डिग्री रतलाम का पारा

**16** अप्रैल से लू का अलर्ट

**भोपाल, 13 अप्रैल. मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है और आंधी-बारिश के बाद अब तेज गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. अप्रैल के इस पखवाड़े में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है.**

कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि रतलाम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार, मालवा-निमाड़ क्षेत्र इस समय सबसे ज्यादा गर्मी की चपेट में है. खजुराहो में 40.4 डिग्री, धार और नर्मदापुरम में 40.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. इसके अलावा कई अन्य शहरों में भी तापमान 38 से 39 डिग्री के बीच बना हुआ है, जिससे दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं का असर स्पष्ट महसूस किया जा रहा है. प्रदेश के बड़े शहर भी इस गर्मी से अछूते नहीं हैं. इंदौर में 39.2 डिग्री, भोपाल में 38.6 डिग्री, जबलपुर में 38.7 डिग्री और उज्जैन में 38.5 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया. ग्वालियर में भी पारा 36 डिग्री के पार पहुंच चुका है, जिससे गर्मी का असर हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है.

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 16 अप्रैल से प्रदेश में लू का दौर शुरू हो सकता है. विशेष रूप से धार, खरगोन, खंडवा, सीधी और सिंगरौली जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है. हालांकि 15 अप्रैल से एक नया मौसम सिस्टम सक्रिय होने की संभावना है, लेकिन यह कमजोर रहेगा और तापमान में कोई खास गिरावट नहीं आएगी.

### बढ़ता तापमान लोगों के लिए परेशानी...

अप्रैल के शुरुआती दिनों में प्रदेश में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के कारण गर्मी से कुछ राहत मिली थी, लेकिन अब मौसम पूरी तरह बदल चुका है. तेज धूप, गर्म हवाएं और बढ़ता तापमान लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं. ऐसे में मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और सावधानी बरतने की सलाह दी है, ताकि लू और गर्मी के प्रभाव से सुरक्षित रहा जा सके.

## एक नजर में

### आज होगा सेवा प्रकल्प का शुभारंभ

**भोपाल.** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं को त्वरित चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक विशेष पहल के रूप में 'सेवा प्रकल्प' कार्यालय का शुभारंभ 14 अप्रैल को सायं 5 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया जाएगा. संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सेवा प्रकल्प का शुभारंभ कर संबोधित करेंगे. 'सेवा प्रकल्प' के शुभारंभ के अवसर पर मोबाइल नंबर 9203597200 एवं 9203697200 जारी किए जाएंगे.

### सतना में गांजा तस्करी पर कार्रवाई, एक गिरफ्तार

**सतना.** मध्यप्रदेश के सतना जिले की रामपुर बघेलान कोतवाली पुलिस ने बीस हजार रुपये मूल्य के गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार रविवार की रात मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मछुहर गांव निवासी जयकरण सिंह (60) को 1350 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा गया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसे सोमवार को अदालत में पेश किया गया.

# कृषि मेले में जाने से रोकने की साजिश

## पटवारी ने राज्य सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 13 अप्रैल. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सवाल उठाया है कि क्या उन्हें जानबूझकर रायसेन के बड़े कृषि मेले में शामिल होने से रोका गया है.**



पत्रकारों से चर्चा के दौरान पटवारी ने बताया कि वे हाल ही में विदिशा गए थे, जहाँ किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदी में देरी की शिकायत की. उन्होंने दावा किया कि करीब 20 लाख क्विंटल गेहूं 2,000 रुपये प्रति क्विंटल से कम कीमत पर बेचा गया, जबकि वर्तमान मंडी दर 2,200 से 2,300 रुपये प्रति क्विंटल के बीच है, जिससे किसानों को प्रति क्विंटल 400 से 500 रुपये का नुकसान हुआ. पटवारी ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित होने वाले कृषि मेले में शामिल होने की इच्छा सार्वजनिक रूप से व्यक्त की थी. इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी शामिल हुए. खुद को किसान बताते हुए पटवारी ने कहा कि वे आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर उसे किसानों तक पहुंचाना चाहते हैं. उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्होंने प्रशासन से औपचारिक अनुमति भी मांगी और भरोसा दिलाया कि वे किसी तरह का व्यवधान नहीं उत्पन्न करेंगे.



### उप मुख्यमंत्री शुक्ल से दिलीप ने की भेंट

**भोपाल.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से मध्य प्रदेश चावल उद्योग महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्रालय में सौजन्य भेंट की. इस दौरान प्रदेश के राइस मिलर्स की विभिन्न समस्याओं एवं उद्योग से जुड़ी चुनौतियों पर संक्षिप्त चर्चा हुई. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं का परीक्षण कर उनके यथोचित निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी. मध्य प्रदेश चावल उद्योग महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष श्री दिलीप सिंह सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

# मध्यप्रदेश में साइबर अपराधियों पर सख्ती तेज

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 13 अप्रैल. मध्यप्रदेश पुलिस ने आधुनिक तकनीक, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और सुनियोजित रणनीति के माध्यम से साइबर अपराधियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है. देवास, विदिशा, रतलाम और इटारसी सहित कई जिलों में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है.**



देवास में 2 जनवरी को दर्ज एक शिकायत के आधार पर ई-जीरो एफआईआर प्रणाली के तहत अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया गया. आरोपी ने ' आरटीओ चालान. एपीके ' नामक एक दुर्भावनापूर्ण लिंक भेजकर पीड़ित के मोबाइल को हैक कर लिया और 7.98 लाख रुपये की ठगी की.

तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपियों का पता पश्चिम बंगाल के हावड़ा और दिल्ली में लगाया, जो क्रमश: लगभग 1600 और 800 किलोमीटर दूर हैं. दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 4.96 लाख रुपये नकद और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए. अधिकारियों ने बताया कि ई-जीरो एफआईआर प्रणाली के तहत 1 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी की शिकायतें स्वत: भोपाल स्थित राज्य साइबर मुख्यालय में 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से दर्ज हो जाती हैं. 'गोल्डन ऑवर' के दौरान त्वरित कार्रवाई से बैंक खातों को फ्रीज कर धन की रिकवरी संभव होती है.

विदिशा के गंजबासौदा में करीब पांच वर्षों से संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया. आरोपी 'क्विकर जॉब' के नाम पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर पंजीयन और जॉइनिंग किट के नाम पर पैसे वसूलते थे. पुलिस ने मौके से 20 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड और दस्तावेज जब्त कर मास्टरमाइंड सहित एक महिला सहयोगी को गिरफ्तार किया.

# अब फेस रिकग्निशन से मिलेगा राशन

## दिसंबर तक लागू हो जाएगी नई व्यवस्था

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 13 अप्रैल. प्रदेश में पात्र परिवारों को उचित मूल्य दुकानों से फेस रिकग्निशन के माध्यम से राशन वितरण की योजना है. इसे दिसम्बर तक प्रदेश में लागू किया जाएगा.**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि माह मार्च में 1 करोड़ 24 लाख 34 हजार परिवारों को 2 लाख 72 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है. शेष रहे परिवारों को 15 अप्रैल तक राशन का वितरण किया जाएगा. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत शामिल पात्र परिवारों को बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर राशन का वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है.

**15** तक शेष रहे परिवारों को राशन का वितरण होगा

परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा उचित मूल्य दुकानों पर जाकर पीओएस मशीन पर बायोमेट्रिक सत्यापन कर राशन वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. वृद्ध/दिव्यांगजन के बायोमेट्रिक सत्यापन विफल होने पर ऐसे हितग्राहियों को उनके आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर पर ओटीपी भेजकर राशन का वितरण किया जाता है. शारीरिक रूप से अक्षम हितग्राही जो उचित मूल्य दुकान पर जाकर राशन प्राप्त नहीं कर सकते हैं, ऐसे लगभग 44 हजार 671 परिवार नामिनी के माध्यम से राशन लेने के लिये नामित किये गये हैं.

पात्र परिवार द्वारा वन नेशन वन राशनकार्ड के तहत देश/प्रदेश की किसी भी उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त किया जा सकता है. मप्र के 36 हजार 486 परिवारों द्वारा अन्य राज्यों में तथा अन्य राज्यों के 7,252 परिवारों द्वारा मध्यप्रदेश में प्रति माह राशन प्राप्त किया गया है.

# केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे पी नरहरि

### केंद्र में ज्वाइंट सेक्रेटी नियुक्त

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 13 अप्रैल. मप्र कॉडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2001 बैच के अधिकारी पी. नरहरि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे, उन्हें केंद्रीय कार्मिक एवं पेंशन मंत्रालय की नियुक्ति संबंधी कैबिनेट कमेटी ने लैंड रिसोर्स डिपार्टमेंट में ज्वाइंट सेक्रेट्री के पद पर नियुक्त किया है. उनकी नियुक्ति पांच वर्ष के लिए की गई है.**



नरहरि इस समय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में प्रमुख सचिव के पद पर पदस्थ हैं. इसी तरह पहले से ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ एमपी कॉडर की वर्ष 2009 बैच की अधिकारी प्रियंका दास जो कि केंद्र सरकार के सिविल ऐविएशन मिनिस्ट्री में ज्वाइंट सेक्रेटी के पद पर पदस्थ किया गया है, उनकी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति की अवधि 5 मार्च 2030 तक तय की गई है.

इसी क्रम में वर्ष 2009 बैच के तेजस्वी नायक को केंद्र में ज्वाइंट सेक्रेटी श्रम और रोजगार मंत्रालय नियुक्त किया गया है. उनकी ये नियुक्ति 14 दिसंबर 2027 तक रहेगी, नई नियुक्ति को मिलाकर वे कुल पांच वर्ष की अवधि तक ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहेंगे. इसी तरह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के तहत लाल बहादुर शास्त्री नेशनल अकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन में ज्वाइंट डायरेक्टर के पद पर पदस्थ मप्र कॉडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2010 बैच के अधिकारी षडमुख प्रिया मिश्रा और गणेश शंकर मिश्रा 26 फरवरी 2029 तक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बने रहेंगे.

### शराब दुकान को लेकर भारी जन-आक्रोश

**जबलपुर.** गोहलपुर थाना अंतर्गत बिनको बार के सामने स्थित शराब दुकान को लेकर आज क्षेत्र में भारी जन-आक्रोश फूट पड़ा. शराब दुकान को रिहायशी इलाके से हटाने की मांग को लेकर महिलाओं, युवतियों और पुरुषों ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया. आंदोलन इतना मुखर था कि प्रदर्शनकारियों ने दुकान के सामने ही मोर्चा खोल दिया और नारेबाजी शुरू कर दी. प्रदर्शन में शामिल महिलाओं और बालिकाओं का कहना है कि शराब दुकान के कारण क्षेत्र का माहौल पूरी तरह दूषित हो चुका है. शराबियों के जमावड़े और उनके द्वारा की जाने वाली अभद्र टिप्पणियों के कारण महिलाओं और स्कूल जाने वाली छात्राओं का वहां से गुजरना मुश्किल हो गया है.

# रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : दिलीप




**भोपाल, 13 अप्रैल. पश्चिम मध्य रेल के नवागत महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह (इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ सिग्नल इंजीनियर्स- वर्ष 1990 बैच) ने पदभार ग्रहण करने के प्रथम दिवस महाप्रबंधक कार्यालय में सभी विभागों के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों के साथ सौजन्य भेंट की.**

इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी हेतु एक बैठक आयोजित की गई.

बैठक में महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेल के कार्यों की समीक्षा करते हुए रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, परिचालन दक्षता एवं समयपालन में सुधार लाने, अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों में तेजी लाने, यात्री सुविधाओं का विस्तार करने तथा प्रशासनिक पारदर्शिता को और सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया. सौजन्य बैठक के दौरान विभागाध्यक्षों ने महाप्रबंधक को समस्त विभागों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया. सभी विभागाध्यक्षों ने पश्चिम मध्य रेल को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की.

### 9 रेलवे स्टेशनों पर पेयजल की व्यवस्था

**भोपाल.** भोपाल मंडल द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए यात्रियों के लिए अतिरिक्त पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई है. मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के नेतृत्व में यह पहल शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को यात्रा के दौरान राहत प्रदान करना है. मंडल के सभी स्टेशनों पर पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसी भी यात्री को परेशानी न हो. इस अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं और एनजीओ के सहयोग से विदिशा, नर्मदापुरम, संत हिरदाराम नगर, अशोकनगर, गंज बसोदा, खिरकिया, मंडी बामोरा, रूठियाई और हरदा सहित कुल 9 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर नि:शुल्क जलसेवा चलाई जा रही है. इन स्थानों पर स्वयंसेवक सेवाभाव से यात्रियों को स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध करा रहे हैं.



**पलटवार** | राजेंद्र भारती ने नरोत्तम मिश्रा को लिया निशाने पर

# पूर्व मंत्री के मामले की सीबीआई जांच की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 13 अप्रैल. कांग्रेस नेता एवं दतिया से पूर्व विधायक राजेंद्र भारती ने विधानसभा चुनाव संबंधी मामले में गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की है.**



प्रेस वार्ता में भारती ने कहा कि वर्ष 2008 में डबरा विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने के बाद से उन्हें लगातार राजनीतिक दबाव और कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा. भारती ने आरोप लगाया कि राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उन्हें, उनके परिवार और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को झूठे मामलों में फंसाया गया तथा उनके व्यवसाय को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई. उन्होंने यह भी दावा किया कि 2013 विधानसभा चुनाव से पहले भोपाल में उन पर शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया, जिसमें बड़ी धनराशि का लालच और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी गई. भारती ने पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि डबरा सीट आरक्षित होने के बाद उन्होंने दतिया से चुनाव लड़ा और आचार संहिता का उल्लंघन किया, जिसके चलते उनके खिलाफ पांच मामले दर्ज हुए. उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2009 में 'पेड न्यूज' से संबंधित शिकायत के आधार पर मिश्रा के चुनावी शपथपत्र को लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू हुई थी. इस मौके पर पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा ने विधानसभा को देर रात खोलकर श्री भारती की सदस्यता समाप्त करने की कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे असंवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया. उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी विधायकों के मामलों में त्वरित निर्णय लिए जाते हैं, जबकि सत्ताधारी दल के नेताओं के मामलों को लंबित रखा जाता है.

भारती ने भूमि विकास बैंक से जुड़े एक फिक्स्ड डिपॉजिट मामले में भी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग किया गया. उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर पुन: जांच के आदेश दिए गए, लेकिन इस दौरान गवाहों को डराने-धमकाने और जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास किए गए. मंत्री विश्वास सारंग द्वारा लगाए गए वित्तीय घोटाले के आरोपों को खारिज करते हुए भारती ने सार्वजनिक माफी की मांग की और मानहानि का मुकदमा दायर करने की चेतावनी दी.

## पेज-3 का शेष

### सागर जिले की मिडवासा सिंचाई परियोजना को मंजूरी

प्रदेश में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाइजेशन के तहत कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने, ग्रामीण युवाओं के माध्यम से कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना करने, नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा देने और प्रदेश के वन पट्टाधारियों के लिए हस्तचलित/बैलचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराने के लिए योजना भी अगले पांच वर्ष तक चलती रहेगी. इसके लिए 2,250 करोड़ की स्वीकृति दी गई है. वहीं प्रदेश में भारत सरकार की सहायता से नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना की योजना को आगामी 5 वर्षों तक चलाए जाने के लिए 1,674 करोड़ की स्वीकृति दी गई. इसमें जिला चिकित्सालय को चिकित्सा महाविद्यालय से समबद्ध किया जाएगा.

### नीतीश कुमार की विदाई...

द्वारा तय किए गए एक नाम की जानकारी चाह रहे हैं. इसलिए सोमवार को पूरे दिन जदयू व भाजपा के नेताओं की अलग-अलग और एक साथ चार दौर की बैठक हुई है. चर्चा है कि नीतीश किसी अनुभवी नेता के हाथ सत्ता हस्तांतरण करने के पक्ष में हैं. उनका स्पष्ट मानना है कि बिहार की जाति आधारित राजनीतिक समीकरण को साधने के लिए कम अनुभवी नेता को पसंद और नापसंद के आधार पर नहीं थोपा जा सकता है, इसलिए जदयू की ओर से मुख्यमंत्री का एक नाम मांगा गया है. सूत्रों की मानें तो शिवराज सिंह चौहान नीतीश कुमार से भी मिलेंगे और पार्टी नेतृत्व और विधायकों की भावना से अवगत कराएंगे. सूत्रों की मानें तो नीतीश कुमार की पहली पसंद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं, इसलिए उनका नाम मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे होने का स्पष्ट संकेत मिल रहा है. इसके अलावा संजय जायसवाल, नित्यानंद राय, जनक राम, श्रेयसी सिंह, दिलीप जायसवाल, सतीश चन्द्र दुबे, प्रेमशीला गुप्ता, रेणु देवी, संजीव चौरसिया तथा अभय गिरि जैसे कई नामों की चर्चा जोरों पर है. सूत्रों की मानें तो नाम तय किया जा चुका है, लेकिन दूरगामी रणनीति के तहत इसे अचानक सार्वजनिक किया जाएगा. इतना ही नहीं जदयू कोटे से उपमुख्यमंत्री बनाने के लिए नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार का नाम रखा जा रहा है, जिससे जदयू भाजपाई निर्णय को स्वेच्छा से स्वीकार कर ले. बहरहाल, मंगलवार का दिन शिवराज सिंह चौहान के निगरानी में बिहार की राजनीति के लिए बहुत बड़े बदलाव के रूप में इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है.

# किसान अब अन्नदाता नहीं, ऊर्जा दाता : गडकरी



**रायसेन , 13 अप्रैल. राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण कृषि मेले 'उन्नत कृषि महोत्सव' का रायसेन में अत्यंत उत्साह, उमंग, नवाचार और हजारों किसानों की गरिमामयी उपस्थिति के बीच भव्य समापन हुआ.**

समापन सत्र में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जहां सड़क विकास, कृषि तकनीक, जल संरक्षण, वैकल्पिक ऊर्जा और ग्रामीण समृद्धि का व्यापक विजन रखा, वहीं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीज से बाजार तक तैयार रोडमैप को जमीन पर उतारने का दृढ़ संकल्प दोहराया.

नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में उन्नत कृषि महोत्सव के समापन पर क्षेत्रीय विकास और कृषि उन्नति को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गईं. गडकरी ने रायसेन रिंग रोड/पूर्वी बायपास के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने, डीपीआर तैयार करने तथा भूमि अधिग्रहण में राज्य सरकार की भूमिका तय करने पर सहमति जताई. साथ ही पुलों के सौंदर्यीकरण और अन्य सड़क परियोजनाओं में सहयोग का आश्वासन दिया.

अपने संबोधन में गडकरी ने आधुनिक कृषि पर जोर देते हुए कहा कि खेती अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, सैटेलाइट और नैनो यूरिया जैसी तकनीकों से जुड़ चुकी है. उन्होंने किसानों से ज्ञान को संपत्ति में बदलने, नवाचार अपनाने और कम लागत में अधिक उत्पादन करने का आह्वान किया. उन्होंने कृषि को ऊर्जा, ईंधन और हाइड्रोजन उत्पादन से जोड़ते हुए आय बढ़ाने के नए अवसर बताए.

जल संरक्षण पर बल देते हुए उन्होंने 'गांव का पानी गांव में' का संदेश दिया और जल संरचनाओं के महत्व को समझाया. साथ ही डेयरी, मत्स्य पालन, प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज और वैल्यू एडिशन को किसानों की आय बढ़ाने का आधार बताया. चौहान ने इसे नई शुरुआत बताते हुए क्षेत्र आधारित फसल योजना, बीज ग्राम, बागवानी विस्तार और हॉर्टिकल्चर हब विकसित करने की बात कही. उन्होंने ड्रिप सिंचाई, मशीन बैंक, एफपीओ सशक्तिकरण और कोल्ड चेन निर्माण पर जोर दिया. रोडमैप के क्रियान्वयन हेतु टास्क फोर्स बनाई जाएगी. किसानों से फार्मर आईडी बनवाने की अपील करते हुए उन्होंने कृषि को लाभकारी बनाने का भरोसा दिलाया.

### किसानों को हितलाभों का वितरण

समापन सत्र में किसानों को हितलाभों का वितरण भी किया गया. इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री करण सिंह वर्मा, नारायण सिंह पवार, नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ. सुरेन्द्र चौधरी, रमाकांत भार्गव, हरि सिंह रघुवंशी, हरि सिंह सप्रे, मुकेश टंडन, गोपाल सिंह इंजीनियर, आशीष शर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, विशेषज्ञ, वरिष्ठ अधिकारी तथा हजारों किसान भाई-बहन उपस्थित रहे.

# फिनलैंड के राजदूत ने किया ग्वालियर का दौरा



**ग्वालियर, 13 अप्रैल.** सोमवार को शहर में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहेदेविर्ता का आगमन हुआ, जहाँ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया. इस अवसर पर उनकी पत्नी पिया काइकोनेन और लिरिस माटा भी साथ उपस्थित रहीं. उल्लेखनीय है कि किम्मो लाहेदेविर्ता जून 2023 से नई दिल्ली स्थित फिनलैंड दूतावास का नेतृत्व कर रहे हैं.

उनके सिंधिया कन्या विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या निशि मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया. इस मौके पर भारती सूद भी मौजूद रहीं. यह दौरा वैश्विक जुड़ाव और सहयोग की भावना का प्रतीक रहा. विद्यालय की छात्राओं ने एम्बेसडर किम्मो लाहेदेविर्ता को विद्यालय परिसर का विस्तृत भ्रमण कराया. इस दौरान उन्हें विद्यालय के शैक्षणिक ढांचे, सेवा पहल ' संकल्प' तथा रोबोटिक्स लैब संकल्पना से अवगत कराया गया. राजदूत को विद्यालय की सामाजिक पहल 'संकल्प' के बारे में भी बताया गया. इस पहल के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवा को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन वितरित किए.

# कर्मचारी की हत्या के आरोपी तीन गिरफ्तार



**धार, 13 अप्रैल. जिले के डही क्षेत्र में ऑटो डील शोरूम के कर्मचारी साहिल की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. इस सनसनीखेज वारदात में पुलिस ने दो नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जांच में सामने आया कि आरोपी बोलेरो वाहन लूटने की योजना बनाकर शोरूम पहुंचे थे. उन्होंने 11 अप्रैल को वाहन खरीदने और टेस्ट ड्राइव का बहाना बनाकर कर्मचारी साहिल को अपने साथ ले गए.**

शिकायत मिलने पर पुलिस ने अपहरण और लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की. जांच के दौरान लूटी गई बोलेरो ग्राम सुसारी के पास पलटी हुई मिली, जिसमें खून के निशान पाए गए. इसके बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया और 12 अप्रैल को साहिल का शव झाड़ियों में बरामद किया.

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी कर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया. मुख्य आरोपी सुनील, निवासी आम्बी (अलीराजपुर), को पुलिस ने आम्बुआ के जंगलों से गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पहले से लूट की योजना बनाई थी. रास्ते में साहिल ने विरोध किया तो उसे गोली मार दी और साक्ष्य छिपाने के लिए शव झाड़ियों में फेंक दिया. घटना के बाद भागते समय बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसके बाद आरोपी पैदल भाग निकले और मोटरसाइकिल से अपने गांव पहुंचे. पुलिस अब हत्या में प्रयुक्त हथियार और अन्य साक्ष्यों की तलाश कर रही है.

# ट्रैक्टर-स्कॉर्पियो समेत बाइक जले, लाखों का नुकसान

**ग्वालियर, 13 अप्रैल. मुरार उपनगर में सोमवार तड़के एक मकान में भीषण आग लग गई. घटना प्रेमशंकर नारायण के बाड़े में संकल्प हॉस्पिटल के पास की है. आसपास के घरों तक आग की लपटें पहुंच गईं. करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया.**

मकान मालिक बल्ली कांदिल के अनुसार घर के सामने वाले हिस्से में निर्माण का काम चल रहा था. वहीं, पीछे परिवार निवास करता है. रात में पड़ोसियों ने आग लगने की सूचना दी, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे. आग की लपटें तेज होने के कारण पड़ोसी घरों की दीवारें भी झुलस गईं. धुएं और आग से घबराकर आसपास के लोग अपने बच्चों के साथ घर छोड़कर सड़क पर आ गए.

आग में एक ट्रैक्टर, एक स्कॉर्पियो कार, तीन बाइक और



एक स्कूटी जलकर राख हो गई. घटना में लाखों रुपए के नुकसान की बात सामने आई है.

मकान मालिक और स्थानीय लोगों ने बोरिंग पंप चालू कर पाइप से पानी डालना शुरू किया. आसपास के घरों से भी पानी डालकर आग बुझाने में मदद की गई.

**फायर ब्रिगेड देरी से आई**

मकान मालिक ने बताया कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंची. सुबह तक दमकल अमला मौके पर नहीं पहुंचा.

# नियुक्ति पर हाईकोर्ट ने जताई आपत्ति

**जबलपुर, 13 अप्रैल.** प्रदेश के सबसे वरिष्ठ भारतीय वन सेवा के अधिकारी ने कनिष्ठ अधिकारी को हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स नियुक्त किए जाने के खिलाफ केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण की शरण ली है. याचिका में कहा गया था कि बाहरी कारणों से नियम को ताक में रखकर कनिष्ठ अधिकारी को नियुक्ति प्रदान की गई है. अधिकरण ने याचिका की सुनवाई करते हुए केंद्रीय प्रमुख सचिव वन विभाग,चयन समिति तथा चयनित जूनियर अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. याचिकाकर्ता हिदायत उल्ला खान की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि वह साल 1989 के भारतीय वन सेवा के अधिकारी है. प्रदेश के सबसे वरिष्ठ भारतीय वन सेवा होने के बावजूद भी उनके कनिष्ठ शुभ रंजन सेन को राज्य के हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्सेज पद पर नियम विरुद्ध तरीके से नियुक्त किया गया है.

### बिना ठोस आधार चरित्रहीनता के आरोप गंभीर

जबलपुर. कुटुम्ब न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश मुकेश कुमार दांगी की अदालत ने पत्नी पर चरित्रहीनता का आरोप लगाते हुए तलाक को लेकर दायर की गई याचिका सुनवाई पश्चात् निरस्त कर दी. अदालत ने सुनवाई दौरान पाया कि आवेदक ने जो आरोप लगाये है वह उसे साबित नहीं कर सका. अदालत ने अपने आदेश में कहा कि बिना किसी आधार के चरित्रहीनता के आरोप गंभीर मानसिक क्रूरता है. उक्त मत के साथ अदालत ने दायर तलाक की याचिका निरस्त कर दी. दरअसल यह मामला शुभम की ओर से नरसिंहपुर में वर्ष 2014 में अपनी पत्नी हर्षा के खिलाफ जारता, क्रूरता व परित्याग के आधार पर दायर किया गया था. हर्षा की याचिका पर हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई जबलपुर न्यायालय में किये जाने की व्यवस्था दी थी.

### सहमति से मुआवजा लेने के बाद नहीं कर सकते दावा

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट ने एक फैसले में स्पष्ट किया है कि एक बार आपसी सहमति से मुआवजे पर सहमति दे दी, तो फिर उससे मुकरने का रास्ता बंद हो जाता है. ऐसे मामलों में कोर्ट का कीमती समय बर्बाद नहीं किया जा सकता. उक्त मत के साथ जस्टिस जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगल पीठ ने जमीन अधिग्रहण और मुआवजे से जुड़े मामले में दायर अपील खारिज कर दी. दरअसल जबलपुर के मिलौनीगंज निवासी अजीत यादव और अन्य ने नगर निगम जबलपुर द्वारा उनकी अधिग्रहित अतिरिक्त जमीन के बदले एक करोड़ 17 लाख से अधिक का मुआवजा आपसी सहमति से स्वीकार कर लिया. जब भुगतान हो गया तो अधिक पैसों की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगा दी.

# उधार नहीं दिया तो दुकानों में लगाई आग, दो गिरफ्तार



**भिंड, 13 अप्रैल.** जिले के गोहद थाना क्षेत्र में उधार में सामान न देने पर दबंगों द्वारा दो दुकानों में आग लगा दी गई. घटना बस स्टैंड के पास की है, जहां पान, पुड़िया, कोल्डड्रिंक और जूस की दुकानें हैं. आगजनी में दुकानों में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया, जिससे दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ. कुछ युवक दुकानों पर पहुंचे और उधार में सामान मांगने लगे. दुकानदारों ने उधार देने से इनकार किया तो आरोपियों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी और वहां से चले गए.

धमकी देने के कुछ देर बाद ही आरोपी वापस लौटे और दुकानों में आग लगा दी. आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते पूरा सामान जल गया. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. आसपास अफरा-तफरी का माहौल है. दो लोग गिरफ्तार किए गए हैं.

# स्वास्थ्य संस्थाओं में लंबित आउटसोर्स पदों की भर्ती शीघ्र पूरी करने पर जोर

- उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा की
- ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए.

**भोपाल, 13 अप्रैल. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक की. उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी जिलों में स्वास्थ्य संस्थानों में लंबित आउटसोर्स पदों पर भर्ती प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए.**

उप मुख्यमंत्री ने आयुष्मान योजना के अंतर्गत संबद्ध अस्पतालों में एनएबीएच मान्यता को अनिवार्य रूप से लागू करने पर जोर दिया,



जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित उपचार उपलब्ध हो सके. बैठक में 6 माह का सोनोग्राफी कोर्स पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को शीघ्र प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश भी दिए गए. साथ ही ग्वालियर मेडिकल कॉलेज में सीटीवीएस एवं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की स्थापना से संबंधित स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा गया. उन्होंने बुधनी, दमोह एवं छतरपुर मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती शीघ्र पूर्ण करने तथा नर्सिंग कॉलेजों में 59 राजपत्रित पदों के लिए लोक सेवा आयोग को मांग पत्र तत्काल भेजने के निर्देश दिए. इसके अलावा सीसीएचबी में नए पदों के सृजन का प्रस्ताव तैयार करने और जिला चिकित्सालय राजगढ़ में रैन बसेरे के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया.

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य आमजन को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है. उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए. बैठक में प्रमुख सचिव अशोक बर्नवाल एवं आयुक्त धनराजू एस सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

# पुलिस ने साइबर ठगों से 3 .50 करोड़ कराए होल्ड

**जबलपुर.** डिजिटल अपराधों के बढ़ते ग्राफ के बीच जबलपुर पुलिस साइबर अपराधियों पर प्रहार किया. वर्ष 2026 के शुरुआती आंकड़ों ने यह साफ कर दिया है कि पुलिस ठगों के मंसूबों पर पानी फेर रही है. साइबर अपराधियों की शामत आ गई है. नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और स्थानीय थानों के समन्वय से अब तक करोड़ों रुपये की ठगी की राशि को रिकवरी सुरक्षित करने में सफलता मिली है.

जिले में इस वर्ष अब तक 712 शिकायतें नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज की गई हैं. जैसे ही पीड़ित द्वारा साइबर सेल या स्थानीय थाने में सूचना दी पुलिस की तकनीकी टीम तत्काल हरकत में आकर ठगी गई राशि के ट्रांजेक्शन को ट्रैक किया. इसी सक्रियता का परिणाम है कि अब तक लगभग 3.50 करोड़ रुपये की राशि विभिन्न बैंक खातों में होल्ड, लीन कराई जा चुकी है.

# शराब के पैसों को लेकर भिड़े दो पक्ष, दो आरोपी गिरफ्तार

- चाय कैफे पर विवाद में चाकू चला, फायरिंग से दहशत

**इंदौर,13 अप्रैल.** लसूड़िया इलाके में एक चाय कैफे पर हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया. शराब के पैसों को लेकर शुरू हुए झगड़े में चाकू चल गया और फायरिंग भी हुई. हालांकि गोली किसी को नहीं लगी, लेकिन मौके पर अफरा तफरी मच गई.

घटना स्कीम नंबर 78 स्थित चाय चौकी कैफे की है. बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष एक दूसरे को पहले से जानते थे और पुराने विवाद को सुलझाने के लिए मिले थे, लेकिन बातचीत के दौरान ही मामला फिर बिगड़ गया. ऋषभ राजपूत ने पुलिस को बताया कि आर्यन पटेल और निखिल उर्फ हैनी उससे शराब के लिए पैसे मांग रहे थे. मना करने पर दोनों ने गाली गलौज शुरू कर दी और आर्यन ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया. जबकि आर्यन पटेल का कहना है कि पहले ऋषभ ने ही हमला किया और बाद में अपनी एक्टिवा से पिस्टल निकालकर उस पर 2 से 3 फायर किए.

### ऐसे शुरू हुआ था विवाद...

दोनों पक्ष पहले से एक दूसरे को जानते थे और पुराने झगड़े को खत्म करने के लिए चाय चौकी कैफे पर मिले थे. बातचीत के दौरान शराब के पैसों को लेकर बहस शुरू हो गई. इस दौरान एक पक्ष ने शराब के लिए पैसे मांगे, लेकिन इनकार करने पर कहासुनी बढ़ गई. देखते ही देखते विवाद गाली गलौज से मारपीट में बदल गया. इसी दौरान एक ने चाकू निकालकर हमला कर दिया, जबकि दूसरे पक्ष ने पिस्टल से फायरिंग कर दी. यही मामूली पैसों का विवाद कुछ ही मिनटों में हिंसक झड़प में बदल गया और इलाके में दहशत फैल गई थी.

**संवाद** | भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि हर कार्यकर्ता तक भाजपा की विचारधारा व संकल्प पहुंचे

# किसान और वंचित वर्ग का उत्थान भाजपा की प्राथमिकता



**बैतूल, 13 अप्रैल. हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल जिले में 'गांव-बस्ती चलो अभियान' के तहत विभिन्न गांवों का दौरा कर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से संवाद किया. उन्होंने बैतूल विधानसभा क्षेत्र के मंडल प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा और विकास योजनाओं को पहुंचाना चाहिए.**

उन्होंने बताया कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य गांव, गरीब, किसान, नारी शक्ति और वंचित वर्ग का उत्थान है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को अपनाते हुए समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाएं और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं. अपने संबोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना और पीएम ग्रामीण सड़क योजना का उल्लेख किया.

दौरे के दौरान उन्होंने बैतूल, भैंसदेही और घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्रों के देवगांव, खाटापानी, चिरापाटला, रामपुरमाल और मंडई जैसे गांवों का भ्रमण किया. इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया और सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया. भीमपुर में उन्होंने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी किया. बैलगाड़ी से पहुंचे और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया, जहां स्थानीय लोगों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया.

# मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए रातभर लग रही कतारें

**इंदौर, 13 अप्रैल.** 29 जून से शुरू होने वाली श्री अमरनाथ यात्रा को लेकर शहर में उत्साह तो है, लेकिन मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट बनवाने की अव्यवस्था ने श्रद्धालुओं को परेशान कर दिया है. हालात यह हैं कि अस्पताल की खिड़की खुलने से 10 घंटे पहले ही लोग लाइन में लगने को मजबूर हैं. जिला अस्पताल और अन्य निर्धारित केंद्रों पर भीड़ बेकाबू हो रही है. दूर दराज और ग्रामीण इलाकों से आए श्रद्धालु रात 11 बजे से ही अस्पताल परिसर में डेरा डाल रहे हैं.खुले आसमान के नीचे रात गुजारने के बाद सुबह 3 बजे तक गलियारे खचाखच भर जाते हैं.

# गर्भवती होने पर शादी से मुकरा इंस्पेक्टर

**ग्वालियर.** एक पुलिस निरीक्षक पर दुष्कर्म का आरोप लगा है. यहां तिघरा पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में पदस्थ रूपेश शर्मा नामक निरीक्षक के खिलाफ 9 महीने की गर्भवती महिला ने केस दर्ज कराया है. महिला के शिकायत पर झांसी रोड थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का ममाला दर्ज किया है. जानकारी के मुताबिक, निरीक्षक रूपेश शर्मा शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं. वहीं पीड़ित महिला विधवा है और बुटीक चलाती है. महिला 9 महीने की गर्भवती बताई जा रही है.

महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि उसके पति का पिछले 6 साल पहले मौत हो गई थी. उसका एक बच्चा भी है. निरीक्षक रूपेश



शर्मा से उसकी दोस्ती सोशल मीडिया के जरिए हुई थी. पहले दोस्ती हुई, फिर निरीक्षक ने शादी का वादा करके नजदीकियां बढ़ाई. रुपेश ने पहली बार 2024 में उसके बुटिक में आकर उससे शारीरिक संबंध बनाए. उसके बाद यह सिलसिला लगातार चलता रहा. इसी बीच युवती अचानक गर्भवती हो गई, जिसके बाद वो रूपेश पर शादी करने के लिए बोली.

पीड़ित महिला ने शिकायत में कहा कि रुपेश शादी की बात कहने पर टाल मटोल करने लगा. जिसके बाद वो परेशान हो गई और उसने रूपेश के परिवार वालों से संपर्क किया, तब पता चला कि वो पहले से शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं. महिला ने पुलिस को बताया कि वो बुटीक चलाती है. वो उसका प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया पर अनेक ग्रुप से जुड़ी हुई है. ऐसे ही एक ग्रुप से रुपेश से उसकी दोस्ती हुई. युवती निरीक्षक के साथ की एक महिला सब इंस्पेक्टर की दोस्त भी है और वह भी उसके ग्रुप से जुड़ी थी. यहीं से दोनों के बीच दोस्ती हुई. निरीक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

# कच्चा तेल 100 डॉलर के पार

**अमेरिका-ईरान तनाव से वैश्विक ऊर्जा बाजार में उथल-पुथल**

**होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बढ़ते टकराव से सप्लाई बाधित**



**नई दिल्ली, 13 अप्रैल वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोमवार को कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया और यह एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया.**

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में यह तेजी अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव, वार्ता के विफल होने और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उत्पन्न गंभीर अनिश्चितता के कारण देखी गई है. ब्रेंट कच्चा तेल की कीमत करीब 7.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 102.80 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जबकि पश्चिम टेक्सास मध्यवर्ती कच्चा तेल 8.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 104.88 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा. दोनों बेंचमार्क में यह उछाल दर्शाता है कि वैश्विक निवेशक कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं और बाजार में जोखिम प्रीमियम तेजी से बढ़ गया है.

इस तेजी की सबसे बड़ी वजह अमेरिका और ईरान के बीच हालिया वार्ता का विफल होना है, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव और अधिक गहरा गया है. स्थिति तब और गंभीर हो गई जब रिपोर्ट्स में यह संकेत मिला कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य पर नाकाबंदी या सख्त नियंत्रण जैसे कदमों पर विचार कर सकता है.

### अमेरिका-ईरान के बीच तनाव

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली लौट आयी और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत की गिरावट में बंद हुए. बीएसई का सेंसेक्स 702.68 अंक (0.91 प्रतिशत) गिरकर 76,847.57 अंक पर आ गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 207.95 अंक यानी 0.86 फीसदी नीचे 23,842.65 अंक पर रहा. अमेरिका और ईरान के बीच हार्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तनाव बढ़ गया है. अमेरिका ने इस महत्वपूर्ण व्यापारिक जलमार्ग की घेराबंदी और अपनी शर्तों पर जहाजों को निकलने की अनुमति देने की घोषणा की है. इससे निवेशकों में ईरान युद्ध के स्थायी समाधान को लेकर निराशा बढ़ी है. मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली का जोर देखा गया. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.77 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.46 प्रतिशत गिर गया. सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही. ऑटो सेक्टर पर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया और उसका सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक टूट गया.

# ड्रोन तकनीक में भारत-यूके का बड़ा कदम

**नई दिल्ली 13 अप्रैल भारत में उन्नत एयरोस्पेस तकनीक के विकास को नई गति देते हुए टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट बोर्ड (टीडीबी) ने 'बूस्ट इलेक्ट्रिक जंप टेक-ऑफ' परियोजना को मंजूरी प्रदान की है।**

**जंप टेक-ऑफ तकनीक विकसित**

**एयरोस्पेस इकोसिस्टम को मजबूती**



यह महत्वाकांक्षी परियोजना भारत-यूके सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय कंपनी केसी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड और ब्रिटेन की एआरसी एयरोसिस्टम्स लिमिटेड के बीच साझेदारी में लागू की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य हाइब्रिड प्रणोदन आधारित उन्नत टेक-ऑफ प्रणाली विकसित करना है, जो मानव रहित हवाई वाहनों और हल्के विमान प्लेटफॉर्म की परिचालन क्षमताओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सके।

यह परियोजना विशेष रूप से 'जंप टेक-ऑफ' तकनीक पर केंद्रित है, जो पारंपरिक रनवे की आवश्यकता को कम करते हुए छोटे या सीमित स्थानों से उड़ान भरने की क्षमता प्रदान करती है। प्रस्तावित प्रणाली में हाइब्रिड प्रणोदन तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक ईंधन और इलेक्ट्रिक ऊर्जा दोनों का संयोजन होगा। इससे विमान को न केवल अधिक दक्षता मिलेगी, बल्कि ऊर्जा खपत भी कम होगी और पर्यावरणीय प्रभाव में कमी आएगी।

परियोजना के तहत रोटरक्राफ्ट प्रणोदन प्रणालियों के परीक्षण और सत्यापन के लिए एक अत्याधुनिक टेस्ट बेंच सुविधा स्थापित की जाएगी। यह सुविधा उत्तर भारत में अपनी तरह की पहली होगी और देश के एयरोस्पेस सेक्टर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकती है। इस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से स्टार्टअप्स, शोध संस्थानों और एयरोस्पेस डेवलपर्स को अपने उत्पादों के परीक्षण और प्रमाणीकरण के लिए विश्वस्तरीय मंच उपलब्ध होगा।

# सोना-चांदी की कीमतों में 2 प्रतिशत तक गिरावट



**नई दिल्ली, 13 अप्रैल वैश्विक बाजारों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोमवार को कीमती धातुओं—सोना और चांदी—की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई.**

अमेरिका द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य में नाकाबंदी की घोषणा के बाद निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, जिससे सोना और चांदी दोनों में लगभग 2 प्रतिशत तक की कमजोरी देखने को मिली.

घरेलू वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना वायदा करीब 0.78 प्रतिशत गिरकर 1,51,457 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया, जबकि चांदी वायदा 2.5 प्रतिशत टूटकर 2,37,190 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया.

वैश्विक बाजार में भी दबाव देखने को मिला, जहां कॉमेक्स सोना और चांदी दोनों में तेज गिरावट दर्ज की गई. विश्लेषकों का कहना है कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे कीमती धातुओं में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है.

# हडको-एनबीसीसी एमओयू से पुनर्विकास को बढ़ावा

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल संजय कुलश्रेष्ठ, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, हडको औरडॉ. के. पी. महादेवास्वामी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 11 अप्रैल 2026 को दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए.**



समझौता ज्ञापनों को राधा रॉय, कार्यपालक निदेशक, हडको; भूषण कुमार, कार्यपालक निदेशक (व्यापार प्रसार), हडको और प्रदीप शर्मा, कार्यपालक निदेशक (व्यापार प्रसार), एनबीसीसी द्वारा निष्पादित किया गया. इस अवसर पर दोनों संगठनों के प्रकार्यात्मक निदेशकगण और वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे.

पारस्परिक रूप से सहमत निबंधन और शर्तों पर एनबीसीसी के स्व-संधारणीय मॉडल की चल रही और आगामी परियोजनाओं के लिए ब्लॉक नंबर 25, अगस्त क्रांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली में लीजहोल्ड प्लॉट के पुनर्विकास और हडको द्वारा धन उपलब्ध कराने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए.

इससे एनबीसीसी की स्व-संधारणीय मॉडल पर पुनर्विकास परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि निधि उचित निबंधन और शर्तों पर प्राप्त की जाएगी. इससे न केवल परियोजनाओं को आरंभ करने में तेजी आएगी, बल्कि मूल्यवान सेवार्थियों के लिए प्रॉफिट मार्जिन) में भी वृद्धि होगी.

उम्मीद है कि इस साझेदारी से परियोजना निष्पादन में तेजी आएगी, परिसंपत्ति मूल्य संवर्धित होगा और शहरी अवसंरचना के विकास में योगदान मिलेगा.

# सिस्टमैटिक निवेश योजना रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल घरेलू म्यूचुअल फंड उद्योग ने वित्त वर्ष 2025-26 में मजबूत वृद्धि दर्ज की है, भले ही इक्विटी बाजारों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला हो.**

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, उद्योग का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 12.2 प्रतिशत बढ़कर 73.73 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है. पूरे वित्त वर्ष के दौरान निवेशकों की भागीदारी मजबूत बनी रही, जिससे उद्योग के एसेट बेस में लगभग 8 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई.

मार्च महीने में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेशकों की रुचि में तेज उछाल देखने को मिला. सक्रिय रूप से प्रबंधित इक्विटी फंड्स में निवेश बढ़कर 40,450.26 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो जुलाई 2025 के बाद सबसे ऊंचा स्तर है. फरवरी की तुलना में इसमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे यह संकेत मिलता है कि बाजार में अस्थिरता के बावजूद निवेशकों का भरोसा बना हुआ है.

इस दौरान सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. मार्च में एसआईपी निवेश 32,087 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जो फरवरी के 29,845 करोड़ रुपये से अधिक है. यह आंकड़ा दर्शाता है कि खुदरा निवेशक लंबी अवधि की रणनीति के साथ बाजार में लगातार निवेश कर रहे हैं, भले ही बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई हो. हालांकि, समग्र रूप से म्यूचुअल फंड उद्योग में मार्च के दौरान 2.39 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निकासी (नेट आउटफ्लो) भी दर्ज किया गया, जो फरवरी में हुए 94,530 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश की तुलना में एक बड़ा बदलाव है.

# भारत डेटा सेंटर बाजार 2030 में होगा दोगुना

## एआई निवेश और सरकारी प्रोत्साहनों से भारत बनेगा एशिया का प्रमुख डेटा हब

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल भारत का डेटा सेंटर बाजार आने वाले वर्षों में तेज गति से विस्तार करने की ओर बढ़ रहा है. वेस्टियन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, यह क्षेत्र वर्ष 2030 तक दोगुना से अधिक बढ़कर लगभग 22 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जबकि वर्ष 2025 में इसका आकार करीब 10 अरब डॉलर आंका गया है.**

मजबूत डिजिटल मांग, बढ़ते इंटरनेट उपयोगकर्ता और वैश्विक कंपनियों के निवेश के चलते भारत तेजी से एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख डेटा सेंटर हब के रूप में उभर रहा है. रिपोर्ट के अनुसार, देश में डेटा सेंटर क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है. लगभग 30 अरब डॉलर के अनुमानित निवेश के साथ भारत की क्षमता वर्ष 2026 के अंत तक 1.7 से 2.0 गीगावॉट तक पहुंच सकती है, जो वर्ष 2030 तक बढ़कर 4 से 5 गीगावॉट तक हो सकती है. यह विस्तार मुख्य रूप से क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग से प्रेरित है. विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में तेजी और हाइपरस्केलर कंपनियों की बढ़ती भागीदारी इस क्षेत्र के विकास को नई गति दे रही है. देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे डेटा स्टोरेज और प्रोसेसिंग की मांग में भी भारी उछाल देखा जा रहा है. वेस्टियन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीनिवास राव ने कहा कि मजबूत नीतिगत समर्थन और डिजिटल मांग में वृद्धि के कारण भारत का डेटा सेंटर क्षेत्र तेजी से बदल रहा है. उन्होंने कहा कि वैश्विक क्षमता में भारत की हिस्सेदारी अभी सीमित है, लेकिन भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंफ्रास्ट्रक्चर में देश की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है.

### एमजीआर के नाम पर चुनाव जीतने की होड़

**चेन्नई.** इस बात का कोई ठोस प्रमाण नहीं है कि अन्ना-द्रमुक के आइकॉन एमजी रामचंद्रन का नाम लेने से राजनीतिक पार्टियों को वोट हासिल होते हैं. एमजीआर के निधन के 40 वर्ष बाद भी तमिलनाडु के सियासी दलों को लगता है कि उनका नाम लेने से उन्हें चुनावी सफलता हासिल हो जाएगी.


**भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तिरुपति**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान)

**आईआईएसईआर तिरुपति में संकाय पदों पर भर्ती**

आईआईएसईआर तिरुपति भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, जिसमें भारतीय मूल के पात्र व्यक्ति (पीआईओ), भारत के प्रवासी नागरिक (ओसीआई) और अनिवासी भारतीय (एनआरआई) शामिल है, जिनके पास नियमित आधार पर विभिन्न विषयों में संकाय पदों के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड और प्रासंगिक कार्य अनुभव है।
विस्तृत विज्ञापन के लिए, कृपया www.iisertirupati.ac.in >>Careers>>Faculty पर जाएं।
ऑनलाइन आवेदन आरंभ होने की तिथि: 13 अप्रैल, 2026
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 मई, 2026 को 17.00 बजे है।
विज्ञापन संख्या 22/2026/आईआईएसईआर-टी/रेक्ट. /13.04.2026 cbc21377/12/0004/2627 हस्ता./- निदेशक

**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in
क्र. एसएंडसी/13/एचटीसी/एनआईटी/2026/10 दिनांक: 14.04.2026
**निविदा आमंत्रण सूचना**
मध्यप्रदेश क्षेत्र में जोखिम एवं खर्च पर नियमित हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।
महाप्रबंधक (क्षेत्र)

**केंद्रीय संचार ब्यूरो**
**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय**
**भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल**
**ऑफसेट प्रिंटरों का पैनल में शामिल होना**

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल (मध्य प्रदेश) प्रतिष्ठित ऑफसेट प्रिंटरों को सूचीबद्ध करना चाहता है, जो भोपाल या इंदौर (मध्य प्रदेश) में स्थित हों और कारखाना अधिनियम के तहत बहुरंगी पोस्टर, फोल्डर, पुस्तिकाएं, कैलेंडर, डायरी और न्यूजलेटर आदि जैसे प्रचार सामग्री की थोक छपाई के लिए पंजीकृत हों। उपयुक्त मशीनरी/उपकरण और बुनियादी ढांचे से लैस और गुणवत्तापूर्ण प्रिंटिंग का अनुभव रखने वाले इच्छुक प्रिंटर निर्धारित प्रपत्र में ही 'सूचीबद्धता' के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रपत्र 30.04.2026 (शाम 5 बजे तक) या उससे पहले जमा करना होगा। आवेदक को आवेदन के साथ प्रसंस्करण शुल्क के रूप में डीडीओ, सीबीसी, आरओ भोपाल के पक्ष में जारी किया गया 1000/- रुपये (अप्रतिदेय) का डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर जमा करना होगा। मौजूदा सूचीबद्ध प्रिंटरों को भी नए सिरे से आवेदन करना होगा।

मशीनरी और उपकरणों आदि के लिए श्रेणीवार न्यूनतम आवश्यकताओं के विवरण सहित निर्धारित प्रपत्र हमारी वेबसाइट www.cbcindia.gov.in पर उपलब्ध हैं।
इसे डाउनलोड किया जा सकता है और आवेदन की भौतिक प्रति, प्रसंस्करण शुल्क/संलग्नक/अटैचमेंट/नमूने के साथ 30.04.2026 (शाम 5 बजे तक) को या उससे पहले सीबीसी आरओ भोपाल स्थित निम्नलिखित पते पर जमा करनी होगी।

केंद्रीय संचार ब्यूरो
क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल (मध्य प्रदेश)
तीसरी मंजिल, दूरदर्शन केंद्र परिसर
श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.)-462002
टेलीफोन नंबर - 0755-2581051
ईमेल - ro.bhopal.dfp@nic.in, rob.bhopal1@gmail.com
CBC 22204/11/0001/2627

**In The Court Of Ist Additional District Judge, Begumganj, District Court, Raisen**
Presiding Officer: श्रीमती सविता ओगले
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेत)
(RCSA/0000058/2024)
श्रीमती रजनी श्रीवास्तव ...वादी
Vs
अशोक श्रीवास्तव ...प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक:- 18/04/2026
प्रेषिती-
(1) बाबूलाल पिता रामप्रसाद श्रीवास्तव पता-निवासी मार्फत अभिषेक श्रीवास्तव अंजली धाम कालोनी सेकडाखेडी सीहोर जिला सीहोर म.प्र.
(2) श्रीमती रंजना अवस्थी पिता बाबूलाल श्रीवास्तव पत्नि सूर्यकांत पता-निवासी राजाभोज फेज गांधी नगर भोपाल म.प्र.
(3) रश्मि श्रीवास्तव पिता बाबूलाल पता- निवासी 402 समाधिया शिवम काम्पलेक्स ग्वालियर म.प्र
यह कि प्रार्थी श्रीमती रजनी श्रीवास्तव ने आपके विरूद्ध वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें.
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.
यह आज तारीख 10 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.
(सील) न्यायाधीश
श्रीमती सविता ओगले
प्रथम जिला न्यायाधीश
बेगमगंज, जिला रायसेन
यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.

**भारतीय स्टेट बैंक,** कटारा हिल्स शाखा, भोपाल
**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) [13(4)]**
जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन के प्रतिभूति-हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13 (12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम (3) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित ऋणी एवं जमानतदारों को मांग सूचना पत्र दिनांक 02.02.2026 को जारी किया । इस नोटिस की पावती की दिनांक से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने केलिये कहा गया था। ऋणी/जमानतदारों द्वारा उक्त राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी/जमानतदारों को और आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम (8) के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित सम्पति को दिनांक 08.04.2026 को कब्जे में लिया है। ऋणी/जमानतदारों को विशेष रूप से आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति बाबत् कोई व्यवहार नहीं करें और इस सम्पत्ति के बाबत् किए गये कोई भी व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक** को देय ब्याज एवं खर्चो के अध्यधीन प्रभार (Charge) होगा। इस बावत, ऋणी/जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (Redeem करने) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।
ऋणकर्ता/कर्ताओं का नाम: **मैसर्स सत्यवान ग्रुप ऑफ कम्पनी**
**प्रो. श्री यश श्रीवास्तव**
पता: 201, सैनी वैली, अमलतास एवेन्यू के बगल में, कटारा हिल्स बस स्टश्प के पास, भोपाल- 462043
**बकाया राशि:** 50,73,835.43 (पचास लाख तेहत्तर हजार आठ सौ पैतीस रुपये तिरतालीस पैसे मात्र) देय ब्याज, लागत, शुल्क और व्यय।
**सुरक्षित संपत्ति:** अचल संपत्ति आवासीय फ्लैट नंबर ए-602, हेवन्स हाइट्स, हेवन लाइफ कैंपस, खसरा नंबर 170/1, 172/1, 172/2, 169/2 का हिस्सा, सिग्नेचर सिटी के पास, गांव बागली, कटारा हिल्स रोड, वार्ड नंबर 85, पह नंबर 43/25, हुजूर, भोपाल, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल: 117.33 वर्गमीटर, सीमाएँ: उत्तर- ए-603, दक्षिण- रोड, पूर्व- ए-601, पश्चिम- सड़क। सपंत्ति मालिक: श्रीमती माधवी गोयल पत्नि श्री विपीन गोयल।
स्थान: भोपाल
दिनांक: 14.04.2026
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के लिए अधिकृत अधिकारी

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank** मंडल कार्यालय, अरेरा हिल्स, भोपाल फोन : 0755-2550020
**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) [परिशिष्ट -IV के अन्तर्गत नियम-8 (1)]**
सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्युरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13 (2) नियम 3 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/ जमानतदारों को डिमांड नोटिस एवं नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया था । उधारकर्ता राशि चुकाने में असफल रहा है, उधारकर्ता एवं जमानतदार/संपत्ति मालिक द्वारा उधारकर्ताओं/जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 की उपधारा 4 के नियम 8 के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा **दिनांक 09/04/2026** को ले लिया है । उधारकर्ता एवं जमानतदार / संपत्ति मालिक को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **पंजाब नैशनल बैंक** के अधीन होगा । उधारकर्ताओं / जमानतदार / बंधककर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) में निहित सम्पत्ति के एवज में उपलब्ध समय के प्रावधान की ओर आमंत्रित है ।

| ऋणी /उधारकर्ता/ जमानतदार का नाम | कब्जा की गई सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|
| **(1) श्री नारायण सोनी पुत्र श्री पगलानन्द सोनी (2) श्रीमती अर्चना सोनी पत्नी श्री नारायण सोनी** पता: मकान नंबर 128, भव्या सिटी फेज़ 2, जियो मोबाइल टावर के पास, सारंकिया मंडीदीप, रायसेन (म.प्र.)-462046 | भव्य सिटी, फेज-II में स्थित प्लाट नं. 128 (कार्नर) पर बने आवासीय मकान का वह भाग, जो खसरा नं.179/2/1, 179/2/2, 179/1/2/1/1/2/8/1, 179/2/3 और 179/1/2/1/1/2/9 का हिस्सा है, पह नं. 04, ग्राम सरंकिया, वार्ड नं. 26, मंडीदीप, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन, म.प्र., क्षेत्रफल 538.97 वर्ग फुट (50.09 वर्ग मीटर), सीमाऐं : पूर्व-कॉलोनी रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 99, उत्तर: अर्धनिर्मित भवन नं. 127, दक्षिण- कॉलोनी रोड, संपत्ति मालिक : श्री नारायण सोनी पुत्र श्री पगलानंद सोनी और श्रीमती अर्चना सोनी पत्नी श्री नारायण सोनी | ₹ 17,47,519.67 + देय ब्याज एवं अन्य खार्च; नोटिस दिनांक 17-01-2026; कब्जा दिनांक 09-04-2026 |

**वैधानिक सूचना:** ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Noticed) किया जाता है कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खार्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद शेष ऋण एवं ब्याज की वसूली खार्चे सहित ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी। दिनांक: 09/04/2026, स्थान: भोपाल **प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 125572434 | होम लोन | 20.03.2026 | 6,22,282.88/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नाम:** 1. भगवान सिंह चौहान 2. चंद्रकला बाई चौहान

**संपत्ति का पता:** प्लॉट संख्या 423 (पी), सर्वे संख्या 771 (बी), पी.एच. संख्या 23, कुल प्लॉट क्षेत्रफल 141 वर्ग मीटर, निर्मित क्षेत्रफल (ग्राउंड फ्लोर) 141 वर्ग मीटर, ग्राम करेदी, तहसील और जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति का वह भाग, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर: सड़क, दक्षिण: लक्ष्मीनारायण जी का घर, पूर्व: सड़क, पश्चिम: अनार सिंह का घर।

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 44845915 | होम लोन | 14.03.2026 | 2,33,316.65/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नाम:** 1. धर्मेंद्र महेश 2. कौशल्याबाई महेशबाबू

**संपत्ति का पता:** मध्य प्रदेश राज्य-466665 के श्यामपुर तहसील के श्यामपुर स्थित सर्वे संख्या/आबादी खसरा संख्या 83 के अंतर्गत आने वाली अचल संपत्ति (आवासीय मकान) का वह भाग, जिसका क्षेत्रफल 24 x 24 = 576 वर्ग फुट (53.51 वर्ग मीटर) है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में बाफुलल का मकान, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में रामचरण का मकान, दक्षिण में रमेश मीना का मकान।

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 152549705. | संपत्ति के बदले ऋण | 07.03.2026 | 5,17,499.30/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नाम:** 1. कालू सिंह सोंधिया 2. रतन बाई सोंधिया 3. नारूजी सोंधिया

**संपत्ति का पता:** प्लॉट संख्या 30, सर्वे संख्या 13, पीएच नं. 21 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1087 वर्ग फुट या 101 वर्ग मीटर है, निर्मित क्षेत्र ग्राउंड फ्लोर (RCC) 1087 वर्ग फुट (101 वर्ग मीटर) है, जो ग्राम मोठबदली, तहसील सुथलिया, जिला राजगढ़, राम मंदिर के पास, राजगढ़, मध्य प्रदेश - 465677 में स्थित है और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में रास्ता, पश्चिम में अमर सिंह का प्लॉट, उत्तर में मंगिलाल का घर, दक्षिण में अमर सिंह का घर।

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 4 | 14122621 | संपत्ति के बदले ऋण | 02.04.2026 | 22,56,698.04/- |

**ऋणकताओं और सह-ऋणकताओं के नाम:** 1. करण वर्मा 2. हेमलता पत्नी करण सिंह

**संपत्ति का पता:** खसरा क्रमांक 160/2 के भाग में स्थित वह भूखंड, जिसका क्षेत्रफल 2500 वर्ग फुट है, यानी 232.24 वर्ग मीटर (निर्मित क्षेत्र 1800 वर्ग फुट), नीलबाद, पी.एच. क्रमांक 33, वार्ड क्रमांक 26, तहसील हुजूर, भोपाल, मध्य प्रदेश 462044 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व: अन्य की संपत्ति, पश्चिम: पूनम सिंह का भूखंड, उत्तर: सड़क, दक्षिण: अन्य की संपत्ति।

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 5 | 135078777 | संपत्ति के बदले ऋण | 18.03.2026 | 8,39,507.02/- |

**ऋणकताओं और सह-ऋणकताओं के नाम:** 1. महेश मीना 2. राजल बाई

**संपत्ति का पता:** सर्वे संख्या-631, मकान संख्या 21, ग्राम कुंवर कोट्री, पी.एच. में स्थित अचल संपत्ति (आवासीय मकान) का पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका कुल प्लॉट क्षेत्रफल 1470 वर्ग फुट (136.617 वर्ग मीटर) और निर्मित आरसीसी (भूतल) क्षेत्रफल 1470 वर्ग फुट (136.617 वर्ग मीटर) है। क्रमांक 20, तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश राज्य, और निम्नलिखित सीमाओं से घिरा हुआ: उत्तर: गीता प्रसाद का घर, दक्षिण: लखन मीना का घर, पूर्व: रास्ता, पश्चिम: रास्ता

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक: 14.04.2026
स्थान: मध्यप्रदेश
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**

# सोनम बाजवा को हुआ अफसोस

## फैन की पर्सनल लाइफ पर पड़ा असर




**एंटरटेनमेंट** इंडस्ट्री में फैंस और स्टार्स के बीच का रिश्ता अक्सर दिलचस्प होता है, लेकिन कई बार यह जुनून एक अलग ही मोड़ ले लेता है. ऐसा ही कुछ हुआ सोनम बाजवाके एक फैन के साथ, जिसकी कहानी सुनकर हर कोई हैरान है. एक्ट्रेस ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान इस अजीबोगरीब घटना का जिक्र किया, जिसने उन्हें भी अंदर तक झकझोर दिया.

उन्होंने बताया कि एक लड़की उनसे मिलने आई और बातचीत के दौरान उसने जो बताया, वह काफी चौंकाने वाला था. लड़की ने खुलासा किया कि उसने अपनी सगाई सिर्फ इसलिए तोड़ दी क्योंकि उसका मंगेतर सोनम बाजवा का बहुत बड़ा फैन था. इतना ही नहीं, वह अपनी होने वाली पत्नी से भी यही उम्मीद करता था कि वह बिल्कुल एक्ट्रेस की तरह दिखे—चाहे वह लुक्स हों या बॉडी टाइप. लड़की के लिए यह बात धीरे-धीरे असहज और परेशान करने वाली बन गई. उसने महसूस किया कि उसका रिश्ता उसकी अपनी पहचान से ज्यादा किसी और की छवि पर टिका हुआ है. ऐसे में उसने एक बड़ा फैसला लेते हुए सगाई तोड़ दी. यह कदम भले ही मुश्किल रहा हो, लेकिन उसने अपनी आत्मसम्मान और मानसिक शांति को प्राथमिकता दी.

जब सोनम बाजवा ने यह पूरी कहानी सुनी, तो वह खुद भी हैरान रह गईं. उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का अफसोस हुआ कि उनकी वजह से किसी की निजी जिंदगी पर ऐसा असर पड़ा. हालांकि, उन्हें राहत तब मिली जब पता चला कि वह लड़की अब अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी है और खुश है. यह घटना एक बड़ा संदेश देती है कि किसी भी रिश्ते में असली पहचान और स्वीकृति सबसे जरूरी होती है. किसी और जैसा बनने का दबाव न केवल रिश्तों को कमजोर करता है, बल्कि व्यक्ति के आत्मविश्वास को भी प्रभावित करता है.

# जूनियर एनटीआर का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने सोशल मीडिया पर अपनी वर्कआउट की फोटो शेयर की है. दमदार परफॉर्मेंस और गजब के समर्पण के लिए मशहूर जूनियर एनटीआर सालों से अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग बनाई है. उनकी आने वाली फिल्म 'एनटीआरनील ,दिग्गज फिल्ममेकर प्रशांत नील के साथ उनका पहला कोलैबोरेशन है.इस फिल्म के जरिए भारतीय सिनेमा की दो सबसे बड़ी ताकते एक साथ आ रही हैं.

जैसे-जैसे फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ रहा है, एनटीआर ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर कर फैंस की एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है. इस तस्वीर में वह वर्कआउट सेशन के दौरान अपनी शानदार बैक और बाइसेप्स दिखाते नज़र आ रहे हैं, जिसे देख फैंस उनके ट्रांसफॉर्मेशन के दीवाने हो गए हैं. इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक दिलचस्प कैप्शन भी लिखा है, जो इशारा कर रहा है कि 'एनटीआरनील' के साथ कुछ बहुत बड़ा होने वाला है उन्होंने तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'जितनी ज्यादा खामोशी होगी... उतना ही जोरदार धमाका होने वाला है.'

# गाना 'सुरा सुरा' 19 अप्रैल को होगा रिलीज

**फिल्म** 'नागाबंधम' का गाना 'सुरा सुरा' 19 अप्रैल को रिलीज होगा.

वर्ष 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'नागाबंधम' का निर्देशन अभिषेक नामा कर रहे हैं. इस फिल्म में विराट कर्ण, नभा नतेश, जगपति बाबू और ऋषभ साहनी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नज़र आने वाले हैं.

फिल्म 'नागाबंधम', अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार सुर्खियां बटोर रही है. मेकर्स ने टीज़र और पहले गाने 'नमो रे' के जरिए दर्शकों के बीच जो एक्साइटमेंट पैदा की थी, उसे अब एक नए अपडेट के साथ और बढ़ा दिया है. 'नमो रे' ने पहले ही इंटरनेट पर धूम मचा दी थी और अब अगला धमाका होने के लिए तैयार है.

मेकर्स ने एलान किया है कि फिल्म का दूसरा गाना 'सुरा सुरा' 19 अप्रैल को रिलीज होने वाला है. इस घोषणा के साथ एक बेहद कलरफुल पोस्टर भी शेयर किया गया है, जिसमें विराट कर्ण, नभा नतेश और ऐश्वर्या मेनन डांस के जबरदस्त पोज देते हुए जश्न के मूड में नजर आ रहे हैं.कैप्शन में बताया गया है कि यह एक वेडिंग वाइब्स वाला फुट-टैपिंग नंबर होगा, जो दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर देगा.

पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'जब ढोल बजता है, तो पूरी धरती सुनती है सनागबंधम का दूसरा सिंगल – ससुरा सुरा 19 अप्रैल को आ रहा है.कबीले के साथ जुड़ने और वेडिंग वाइब्स महसूस करने के लिए तैयार हो जाइए.



# नेशनल पेट डे पर कुब्रा सैत का क्यूट अंदाज



**अभिनेत्री** कुब्रा सैत ने इस नेशनल पेट डे पर अपने फैंस को अपनी प्यारी बिल्ली शिफू सैत से मिलवाते हुए, उसके साथ अपने प्यारे और शरारती रिश्ते की एक झलक दिखाई है.

हाल ही में सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो में कुब्रा मज़ेदार अंदाज़ में अपनी फेलाइन साथी पर खूब प्यार लुटाती नजर आ रही हैं, जो देखते ही देखते चर्चा का विषय बन गया है हालांकि उससे बात करते हुए ओवर-द-टॉप अंदाज में गुनगुनाती कुब्रा सैत की इस क्लिप को खास बना रहा है शिफू के प्रति प्यार जताने का उनका ह्यूमरस अंदाज़.


हालांकि इन सबसे बेफिक्र उनकी बिल्ली शिफू, भी कहीं न कहीं इसे एंजॉय करती नज़र आ रही है, जिससे हर पेट पैरेंट तुरंत रिलेट कर सकता है. कुब्रा की एक्सप्रेसिव सिंगिंग और ओवर-द-टॉप क्यूट बातों ने एक साधारण पल को भी बेहद एंटरटेनिंग बना दिया है. यह वही अनफिल्टर्ड और कैंडिड इंटरैक्शन है, जो दिखाता है कि पालतू जानवर हमारे अंदर के सबसे बेफिक्र और असली रूप को बाहर ले आते हैं.

अपनी दमदार परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली कुब्रा सैत प्रोफेशनल मोर्चे पर भी लगातार अपने कामों में व्यस्त हैं.

# पुलकित बॉक्सर नीरज गोयत से करेंगे मुकाबला

**बॉलीवुड** अभिनेता पुलकित सम्राट ने अभूतपूर्व कदम उठाते हुए अब प्रोफेशनल बॉक्सर नीरज गोयत के साथ बॉक्सिंग रिंग में उतरने का फैसला कर लिया है, जो उनके करियर का एक अनोखा और पहला अनुभव होगा. 'ग्लोरी' में बॉक्सर बने पुलकित सम्राट के लिए यह सिर्फ एक प्रमोशनल अपीयरेंस नहीं, बल्कि एक पूरी तरह से वास्तविक मुकाबला होगा. इसके मद्देनज़र पुलकित सम्राट और नीरज गोयत के बीच तीन राउंड का लाइव बॉक्सिंग मैच मुंबई में आयोजित किया जाएगा.

पुलकित अपनी आगामी नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट 'ग्लोरी' में एक बॉक्सर का किरदार निभा रहे पुलकित सम्राट, पिछले कुछ महीनों से कड़ी ट्रेनिंग ले रहे हैं. इस दौरान उन्होंने रियल फाइट तकनीक, स्टैमिना और फिजिकल कंडीशनिंग पर गहन काम किया है, ताकि उनका प्रदर्शन पूरी तरह से असली लगे. ऐसे में अब यह लाइव मैच उनकी इस तैयारी को एक कदम आगे ले जाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगी, जिससे उनकी ट्रेनिंग वास्तविक दुनिया में परखी जाए. उस पर विशेष रूप से एक प्रोफेशनल बॉक्सर नीरज गोयत का सामना करना, इस इवेंट को और भी गंभीर और विश्वसनीय बनाता है.



फिलहाल इस मुकाबले को 'ग्लोरी' के लिए एक बड़े बिल्ड-अप के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो खेल और सिनेमा का एक अनोखा संगम होगा और प्रोजेक्ट की रिलीज से पहले एक जबरदस्त माहौल बना देगा.

# पैसों के लिए नहीं करता काम : अश्मित पटेल

**फिल्म** इंडस्ट्री में टिके रहने के लिए कलाकारों को अक्सर कई तरह के समझौते करने पड़ते हैं—चाहे वह स्क्रिप्ट से जुड़े हों या फिर फीस से. लेकिन अश्मित पटेल ने इस ट्रेंड से अलग अपनी एक स्पष्ट सोच सामने रखी है. हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बॉलीवुड में काम करने के अपने नजरिए को लेकर खुलकर बात की. अश्मित ने कहा कि अब वह सिर्फ पैसों के लिए किसी प्रोजेक्ट को साइन नहीं करते. उनके लिए यह ज्यादा जरूरी है कि फिल्म या शो की कहानी मजबूत हो और उसमें उनका किरदार दमदार हो. उनका मानना है कि अगर कंटेंट अच्छा होगा, तो सफलता और पैसा अपने आप पीछे आएंगे.

# सिब्लिंग्स डे पर भाई-बहन के रिश्तों के कई रंग



भाई-बहन का रिश्ता हमेशा खास होता है, जिसमें प्यार भी होता है, नोक-झोंक भी, एक-दूसरे की फिक्र भी और बिना कहे समझ जाने वाला अपनापन भी. इस सिब्लिंग्स डे पर ज़ी टीवी ने अपने कुछ ऐसे ऑन-स्क्रीन रिश्तों पर रोशनी डाली है, जो दर्शकों के दिल को छूते हैं. कहीं साथ निभाने का वादा है, तो कहीं रिश्तों की गहराई... ये किरदार याद दिलाते हैं कि भाई-बहन अक्सर हमारे पहले दोस्त और सबसे मजबूत साथी होते हैं. 'गंगा माई की बेटियां' में बहनों का रिश्ता मजबूती, एकजुटता और साथ निभाने की मिसाल पेश करता है. वे जिंदगी की चुनौतियों का सामना साथ मिलकर करती हैं और हर हाल में एक-दूसरे का सहारा बनती हैं. 'गंगा माई की बेटियां में स्नेहा का किरदार निभा रहीं अमनदीप सिधू कहती हैं, 'हमारी कहानी की सबसे खूबसूरत बात यह है कि ये बहनें एक-दूसरे की ताकत बनती हैं. वे सिर्फ एक घर नहीं, बल्कि हिम्मत, त्याग और एक ऐसा रिश्ता साझा करती हैं, जो कभी टूटता नहीं. ये मुझे याद दिलाता है कि मुश्किल वक्त में भाई-बहन ही सबसे बड़ा सहारा बनते हैं. हमारे बीच ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन भी बहुत खास रिश्ता है, जिसे हम दिल से मानते हैं.' 'लक्ष्मी निवास' में भाई-बहनों का रिश्ता एक पारंपरिक परिवार की एकजुटता को दिखाता है. मतभेद होने के बावजूद, उनके बीच का प्यार और जिम्मेदारी उन्हें जोड़े रखती है. 'लक्ष्मी निवास' में राधिका का किरदार निभा रहीं अक्षिता मुद्गल कहती हैं, 'इस शो में भाई-बहनों का रिश्ता इसलिए खास है क्योंकि यह बिल्कुल सच्चा लगता है. हम लड़ते हैं, असहमत होते हैं, लेकिन दिन के अंत में एक-दूसरे के लिए प्यार और जिम्मेदारी सबसे ऊपर रहती है. यही इसे असली बनाता है. एक ऐसे परिवार का हिस्सा बनना, जहां भाई-बहन घर की ताकत होते हैं, मुझे यह समझाता है कि जिंदगी में उनका होना कितना जरूरी है. ऑन-स्क्रीन भाई-बहनों के साथ काम करते-करते वे सच में परिवार का हिस्सा बन जाते हैं.'

# समर्या क्रिएशन ने लॉन्च किया औमोरा म्यूजिक



भारत की क्रिएटर इकॉनमी ने आज संगीत जगत में सबसे विश्वसनीय कदम रखा. देश की पहली इंटीग्रेटेड क्रिएटर-फर्स्ट कंपनी समर्या क्रिएशन ने आज मुंबई के द क्लब, अंधेरी वेस्ट में औमोरा म्यूज़िक के आधिकारिक लॉन्च की घोषणा की – और इसके संस्थापक पार्टनर हैं गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी गीतकार सामेर अंजान. यह महज़ एक म्यूज़िक लेबल नहीं है. यह उस सोच का जवाब है जो आज तक भारतीय संगीत में गायब थी – जहाँ एल्गोरिदम नहीं, कलाकार तय करेगा कि संगीत कैसा हो.चार दशकों में 640 से ज़्यादा हिंदी फिल्मों के लिए 4,000 से अधिक गाने लिखने वाले सामेर अंजान यहाँ ब्रांड एंबेसेडर नहीं, बल्कि निर्माता हैं. औमोरा म्यूज़िक पहले से ही 150+ प्लेटफॉर्म्स पर 19 ट्रैक्स के साथ लाइव है, 150+ ओरिजिनल कम्पोज़िशन रिलीज़ के लिए तैयार हैं – बॉलीवुड, भक्ति, लोक, बाल संगीत, रैप और कंटेम्पोरेरी पॉप सभी जॉनर में. 'मैंने 4,500 गाने लिखे हैं. मैं जानता हूँ क्या टिकता है और क्या अगली सुबह भूल जाता है. औमोरा म्यूज़िक उन कलाकारों का घर है जिनके पास कहने के लिए कुछ असली है.'



# पल्सर 180 बनाम अपाचे 180 का मुकाबला

**रतीय** दोपहिया बाजार में एक बार फिर से मुकाबला तेज हो गया है, जहां बजाज पल्सर 180 और टीवीएस अपाचे आरटीआर 180 आमने-सामने हैं. दोनों बाइक्स लगभग एक ही सेगमेंट में आती हैं और कीमत, फीचर्स तथा परफॉर्मेंस के मामले में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देती हैं. आइए जानते हैं दोनों के बीच मुख्य अंतर.

सबसे पहले बात करें इंजन और परफॉर्मेंस की, तो दोनों बाइक्स में लगभग समान क्षमता का इंजन दिया गया है. हालांकि टीवीएस अपाचे आरटीआर 180 में ऑयल-कूल्ड सिस्टम मिलता है, जबकि बजाज पल्सर 180 में एयर-कूल्ड इंजन दिया गया है. इसी कारण अपाचे थोड़ा ज्यादा स्मूथ और स्थिर परफॉर्मेंस देती है. टॉर्क के मामले में भी अपाचे को हल्की बढ़त मिलती है, जिससे यह थोड़ा बेहतर रिस्पॉन्स देती है.

वजन की बात करें तो बजाज पल्सर 180 का वजन अपाचे से ज्यादा बताया गया है. ज्यादा वजन होने के कारण इसका पावर-टू-वेट अनुपात थोड़ा कम हो जाता है. हालांकि इसका बड़ा फ्यूल टैंक इसे लंबी दूरी तक चलने की क्षमता देता है, जिससे बार-बार पेट्रोल भरवाने की जरूरत कम पड़ती है. सस्पेंशन और ब्रेकिंग सिस्टम में दोनों बाइक्स लगभग समान सेटअप के साथ आती हैं. दोनों में आगे टेलीस्कोपिक फोर्क और पीछे ड्यूल शॉक एब्जॉर्बर दिए गए हैं. ब्रेकिंग के लिए दोनों में फ्रंट और रियर डिस्क ब्रेक मिलते हैं, लेकिन बजाज पल्सर 180 में थोड़ा बड़ा डिस्क साइज देखने को मिलता है, जो बेहतर ब्रेकिंग कंट्रोल दे सकता है.

फीचर्स के मामले में टीवीएस अपाचे आरटीआर 180 ज्यादा एडवांस मानी जाती है. इसमें डिजिटल एलसीडी क्लस्टर, स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, नेविगेशन और कॉल अलर्ट जैसे फीचर्स दिए गए हैं. इसके अलावा इसमें तीन राइडिंग मोड्स और ग्लाइड थ्रू टेक्नोलॉजी भी मिलती है, जो राइडिंग अनुभव को और आधुनिक बनाती है.



# नई अवतार में आएगी स्कॉर्पियो एन

**भारत** की प्रमुख वाहन निर्माता महिंद्रा अपनी लोकप्रिय एसयूवी महिंद्रा स्कॉर्पियो एन के फेसलिफ्ट संस्करण को जल्द बाजार में उतार सकती है. रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी इस नए मॉडल में कई आधुनिक फीचर्स और हल्के डिजाइन बदलाव जोड़ने की तैयारी कर रही है, जिससे यह एसयूवी पहले से अधिक आकर्षक और तकनीकी रूप से उन्नत बन सके.

जानकारी के मुताबिक, फेसलिफ्ट मॉडल के बाहरी डिजाइन में बड़े बदलाव नहीं किए जाएंगे, लेकिन इसे थोड़ा फ्रेश लुक देने के लिए ग्रिल, बंपर और लाइटिंग सेटअप में हल्के संशोधन किए जा सकते हैं. वहीं अंदरूनी हिस्से में ज्यादा सुधार देखने को मिल सकता है. रिपोर्ट्स बताती हैं कि इसमें लगभग 10.25 इंच का इंफोटेनमेंट सिस्टम, नया सेंटर कंसोल डिजाइन और पूरी तरह डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया जा सकता है, जो ड्राइविंग अनुभव को अधिक आधुनिक बनाएगा.

सुविधा और सुरक्षा के लिहाज से भी इस एसयूवी में कई नए फीचर्स जोड़े जाने की उम्मीद है. इसमें पैनोरमिक सनरूफ, 360 डिग्री कैमरा, लेवल-2 एडीएएस (एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम), हाई बीम असिस्ट और स्पीड लिमिट असिस्ट जैसे फीचर्स शामिल हो सकते हैं. ये सभी सुविधाएं इसे अपने सेगमेंट में और अधिक प्रतिस्पर्धी बना सकती हैं.

इंजन के मामले में कंपनी ज्यादा बदलाव नहीं करने वाली है. फेसलिफ्ट वर्जन में मौजूदा 2 लीटर टर्बो पेट्रोल और 2.2 लीटर टर्बो डीजल इंजन के विकल्प ही दिए जाने की संभावना है. इसके साथ छह स्पीड मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का विकल्प भी मिलेगा. ऑफ रोडिंग क्षमता को भी बरकरार रखा जाएगा, जो इस एसयूवी की बड़ी खासियत मानी जाती है.लॉन्च टाइमलाइन की बात करें तो कंपनी ने आधिकारिक तौर पर कोई घोषणा नहीं की है, लेकिन उम्मीद है कि इसे वर्ष 2026 के मध्य तक भारतीय बाजार में पेश किया जा सकता है. कीमत के मामले में भी हल्की बढ़ोतरी संभव है. रिपोर्ट्स के अनुसार, मौजूदा मॉडल की तुलना में फेसलिफ्ट वर्जन की कीमत में लगभग 20 हजार रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक का इजाफा हो सकता है.



# गर्मी में कार की देखभाल जरूरी

**गर्मी** के मौसम में वाहन चलाने वालों के लिए सावधानी बेहद जरूरी हो जाती है. तेज धूप और बढ़ते तापमान में कार की सही देखभाल न की जाए तो सफर मुश्किल हो सकता है और वाहन के कई हिस्सों पर बुरा असर पड़ सकता है. ऐसे में कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखकर गाड़ी को सुरक्षित और ठंडा रखा जा सकता है.

गर्मियों में सबसे ज्यादा उपयोग होने वाला फीचर एसी (एयर कंडीशनिंग) होता है. अगर एसी सही तरीके से काम नहीं करता है तो कार का केबिन बेहद गर्म हो जाता है और यात्रा करना कठिन हो जाता है. इसलिए समय-समय पर एसी की सर्विस करवाना जरूरी है, ताकि ठंडी हवा लगातार मिलती रहे और सफर आरामदायक बना रहे.

इसके अलावा टायरों की देखभाल भी बहुत जरूरी है. गर्मी में सड़क का तापमान बढ़ने के कारण टायरों पर ज्यादा दबाव पड़ता है और उनका तापमान भी तेजी से बढ़ सकता है. कई लोग टायर में नाइट्रोजन गैस का उपयोग करते हैं, जिससे टायर का तापमान नियंत्रित रहता है और सुरक्षा बढ़ती है.



कार को हमेशा सीधी धूप में पार्क करने से बचना चाहिए. धूप में खड़ी गाड़ी का केबिन बहुत जल्दी गर्म हो जाता है और अंदर बैठना मुश्किल हो जाता है. इसके साथ ही लंबे समय तक धूप में रहने से कार के पेंट और इंटीरियर को भी नुकसान पहुंच सकता है. इंजन को ठंडा रखने में कूलेंट की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है. अगर कूलेंट की मात्रा कम हो जाए तो इंजन का तापमान बढ़ सकता है और गंभीर नुकसान होने का खतरा रहता है. इसलिए समय-समय पर कूलेंट की जांच और उसकी सही मात्रा बनाए रखना जरूरी है.



# नई सोनेट की तैयारी शुरू

## 2027 में हो सकती है लॉन्च

**भारत** के कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में अपनी मजबूत पकड़ बनाने वाली किआ अब अपनी लोकप्रिय एसयूवी किआ सोनेट की नई जेनरेशन को लाने की तैयारी में जुट गई है. रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी इस नए मॉडल को और ज्यादा आधुनिक, सुविधाजनक और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने की योजना पर काम कर रही है, जिससे यह सेगमेंट में अपनी प्रतिस्पर्धा को और मजबूत कर सके.

जानकारी के मुताबिक, नई जेनरेशन सोनेट को मौजूदा मॉडल की तुलना में कई बड़े बदलावों के साथ पेश किया जा सकता है. इसे कंपनी के नए प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जा सकता है, जिससे इसमें पहले से ज्यादा स्पेस मिलने की संभावना है. साथ ही इसके डिजाइन में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है, जो इसे और अधिक आकर्षक और प्रीमियम लुक देगा. अंदरूनी हिस्से में भी आधुनिक सुविधाओं को जोड़ा जा सकता है, जिससे यात्रियों को बेहतर अनुभव मिल सके.

फीचर्स के मामले में भी नई सोनेट काफी आगे रह सकती है. रिपोर्ट्स के अनुसार इसमें लेवल-2 एडीएएस (एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम) जैसे उन्नत सुरक्षा फीचर्स को शामिल किया जा सकता है. इसके अलावा अन्य आधुनिक सुविधाएं भी दी जा सकती हैं, जो इसे अपने सेगमेंट की एक मजबूत दावेदार बनाएंगी. कंपनी का फोकस इस बार टेक्नोलॉजी और सेफ्टी दोनों को बेहतर बनाने पर रहेगा.

इंजन के मामले में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है. नई जेनरेशन में मौजूदा इंजन विकल्पों को ही बरकरार रखा जा सकता है. इसमें 1.2 लीटर टर्बो पेट्रोल और 1.5 लीटर टर्बो डीजल इंजन का विकल्प मिल सकता है.

लॉन्च टाइमलाइन की बात करें तो कंपनी ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि इसे वर्ष 2027 की शुरुआत में भारतीय बाजार में पेश किया जा सकता है.



# सिनर ने अल्काराज को हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता



**तीसरा मास्टर्स 1000 खिताब अपने नाम किया**

**दुनिया की नंबर एक रैंकिंग पर वापसी की**

**मोनाको, 13 अप्रैल मोंटे कार्लो मास्टर्स 2026 के फाइनल में इटली के जैनिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डिफेंडिंग चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को 7-6 ( 7-5 ), 6-3 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया.**

यह मुकाबला टेनिस के दो सबसे बड़े युवा सितारों के बीच खेला गया, जिसमें सिनर ने दबाव भरे क्षणों में बेहतर संयम दिखाते हुए जीत हासिल की और एक बार फिर एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर वापसी की. यह मुकाबला बेहद प्रतिस्पर्धी रहा, जहां दोनों खिलाड़ियों ने तेज और आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन हवा की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों ने खेल को और कठिन बना दिया. मैच के दौरान कुल 83 अनफोर्स्ड एरर हुए, जो इस बात का संकेत था कि दोनों खिलाड़ियों को शॉट चयन और नियंत्रण में संघर्ष करना पड़ा. इसके बावजूद सिनर ने महत्वपूर्ण मौकों पर बेहतर खेल दिखाया और पहला सेट टाई-ब्रेक में अपने नाम किया, जिसने मैच की दिशा तय कर दी. दूसरे सेट में सिनर ने शुरुआती गेम से ही आक्रामक रुख अपनाया और अल्काराज पर लगातार दबाव बनाए रखा.

> सिनर के लिए यह जीत और भी खास इसलिए रही क्योंकि उन्होंने क्ले कोर्ट पर अपने खेल को लगातार बेहतर बनाने की कोशिश की है. मैच के बाद उन्होंने कहा कि इस सतह पर खुद को ढालना एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक अनुभव रहा है. उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि हवा की परिस्थितियों ने खेल को काफी प्रभावित किया, जिससे दोनों खिलाड़ियों को शॉट चयन में कठिनाई हुई. अल्काराज ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था और डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में खिताब बचाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन फाइनल में वह अपनी लय को पूरी तरह बरकरार नहीं रख सके.



## सांसद खेल महोत्सव का आगाज

### राजनाथ सिंह ने किया शुभारंभ

**लखनऊ, 13 अप्रैल राजधानी लखनऊ में सांसद खेल महोत्सव-2026 का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ.**

तीन दिवसीय इस खेल आयोजन का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया. प्रतियोगिता 13 से 15 अप्रैल तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित की जा रही है. महोत्सव में लखनऊ की पांच विधानसभा क्षेत्रों लखनऊ मध्य, पश्चिमी, उत्तरी, पूर्वी और कैंट के खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है. कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि, खेल अधिकारी तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे.

### एक नजर में



## आईएलटी20 : 5वां सीजन 22 नवंबर से होगा शुरु

**दुबई.** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आईएलटी 20 लीग का पांचवां सीजन इस वर्ष 22 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा. आईएलटी 20 के इस सीजन में कुल 34 मैच होंगे और लीग चरण के 30 मैचों के अलावा चार प्लेऑफ मैच भी खेले जाएंगे. ये मैच दुबई, अबू धाबी और शारजाह में , जबकि खिताबी मुकाबला दुबई में होगा. आईएलटी 20 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट ने सोमवार को एक बयान में कहा, 'हम सीजन 4 की सफलता से बहुत खुश हैं. ब्रॉडकास्ट आंकड़े, दर्शकों की दिलचस्पी और बड़े टी-20 सितारों की भागीदारी ने इस टूर्नामेंट को बेहद सफल बनाया है और लीग की गुणवत्ता और बेहतर हुई है. डीपी वर्ल्ड आईएचटी 20 लगातार आगे बढ़ रही है और सऊदी अरब क्रिकेट फ़ेडरेशन व कुवैत क्रिकेट के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारियां पहले ही बड़ा असर डाल रही हैं. इस साल हमारे डेवलपमेंट टूर्नामेंट्स के जरिए इन साझेदारियों को और मज़बूत किया जाएगा, जो सीज़न 5 से पहले दोनों देशों में खेले जाएंगे.'



## समोआ महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप मे

**पोर्ट मोरेस्बी.** समोआ की टीम ने सोमवार फिजी को हराकर लगातार दूसरी बार आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप में जगह बना ली है. पापुआ न्यू गिनी में हुए पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालिफायर 2026 टूर्नामेंट में ऑलिव लेफागा लेमोए की टीम ने अमिनी पार्क में खेले गये मुकाबलों में फिजी, इंडोनेशिया, वानुअतु और मेजबान टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की. उसने मई 2024 में भी इस तरह विश्वकप में जगह बनाई थी. समोआ ने अपने अभियान के आखिरी दिन फिजी को हराकर विश्वकप का टिकट पक्का किया. इस बार उन्होंने 130 रनों का बचाव किया. एवेटिया मापु ने 62 गेंदों में नाबाद 67 रन बनाकर अपनी टीम के स्कोर को मजबूत आधार दिया. गेंदबाजी में भी समोआ का प्रदर्शन ज़बरदस्त रहा और उसने फिजी को 72 रनों पर ही रोक दिया. इस बार टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम होने के नाते उन पर जीत का दबाव था लेकिन समोआ की टीम को रोकना मुश्किल था.

## पर्पल कैप पर प्रसिद्ध कृष्णा का कब्जा



**लखनऊ.** गुजरात टाइंटस के तेज गेंदबाजी प्रसिद्ध कृष्णा ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए चार विकेट झटक कर पर्पल कैप पर कब्जा जमा लिया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को खेले गये इस मुकाबले में प्रसिद्ध कृष्णा चार विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में चार मैचों में कुल 10 विकेटों के साथ शीर्ष पर पहुंच गये है। इस सूची में दूसरे स्थान पर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के रवि बिश्नोई (नौ विकेट ) के साथ दूसरे तथा चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाज अंशुल कंबोज तीसरे स्थान पर है। चौथे स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव और रॉयल चैलेंजसै बेंगलुरु के जैकब डफी हैं, जिनके नाम छह-छह विकेट हैं।

## रोहित शर्मा की हैमस्ट्रिंग चोट का होगा स्कैन



**मुम्बई.** मुम्बई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा अपनी हैमस्ट्रिंग चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन करवाएंगे. अब गुरुवार को होने वाले अगले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में उनकी उपलब्धता स्कैन के नतीजों पर निर्भर करेगी. क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार 38 वर्षीय रोहित, रविवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान छठे ओवर में चोटिल होने के बाद रिटायर होकर मैदान से बाहर चले गए. मैदान छोड़ने से पहले उन्होंने 13 गेंदों में 19 रन बनाए, जिसमें दो चौके और एक छक्का शामिल था. चोटिल होकर रिटायर होने से पहले, उस ओवर की पहली गेंद से पहले मुंबई इंडियंस के फिजियो ने रोहित का इलाज किया था. इलाज के लिए खेल काफी देर तक रुका रहा, जिसके बाद वे दूसरी गेंद का सामना करने के लिए लौटे, लेकिन उन्होंने बस उस गेंद को ब्लॉक किया और चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए. रोहित की चोट की सही स्थिति स्कैन के नतीजों से ही साफ हो पाएगी, जिनसे चोट की गंभीरता का पता चलेगा. इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, सिवाय इसके कि रोहित को हैमस्ट्रिंग की समस्या है.

# हैदराबाद ने राजस्थान के उड़ाए होश

### 57 रन से किया पराजित, प्रफुल हिंज और साकिब हुसैन ने अपने पदार्पण मैच में झटके 4-4 विकेट



**हैदराबाद 13 अप्रैल. आईपीएल 2026 का 21वां मुकाबला सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया. इस मैच में हैदराबाद ने टेबल टॉपर राजस्थान को 57 रनों से मात दी. इस जीत के हीरो रहे साकिब हुसैन और प्रफुल हिंज, जिन्होंने अपने डेब्यू मैच में ही 4-4 विकेट झटके और राजस्थान की पूरी बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया.**

इस मुकाबले में टॉस जीतकर राजस्थान रॉयल्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था. हैदराबाद ने ईशान किशन के तूफानी 91 रनों के दम पर राजस्थान के सामने 217 रनों का लक्ष्य रखा था. लेकिन इसके जवाब में उतरी राजस्थान की शुरुआत बेहद खराब रही. और पहले ही ओवर में एक रन पर तीन विकेट गिर गए. वैभव और यशस्वी दोनों ही फ्लॉप रहे. राजस्थान की टीम 159 पर सिमट गई.

217 रनों के जवाब में उतरी राजस्थान की शुरुआत बेहद खराब रही. प्रफुल्ल ने अपने पहले ही ओवर में 3 विकेट गिरा दिए. वैभव सूर्यवंशी, जुरेल और प्रोटेरियस तीनों अपना विकेट गंवा बैठे. अगले ओवर में यशस्वी भी 1 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद रियान पराग भी सस्ते में निपट गए. लेकिन फिर फरेरा और जडेजा ने अच्छी बल्लेबाजी की. दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई. लेकिन 15वें ओवर में फरेरा का विकेट गिर गया. फरेरा ने 69 रन बनाए. इसके बाद अगले ही ओवर में जडेजा भी अपना विकेट गंवा बैठे. आखिरकार राजस्थान की पारी 159 के स्कोर पर ही सिमट गई.

साकिब हुसैन और प्रफुल हिंज को ईशान किशन की कप्तानी में आज डेब्यू का मौका मिला था. दोनों ने इस मौके को खूब भुनाया. प्रफुल ने 4 ओर में केवल 34 रन खर्च किए और 4 विकेट झटके. इसमें पहले ही ओवर में उन्होंने 3 विकेट लिए थे. जिसमें वैभव का भी विकेट शामिल था. वहीं, साकिब ने 4 ओवर में केवल 24 रन खर्च किए और 4 विकेट झटके. यानी डेब्यू कर रहे दो गेंदबाजों ने कुल 8 विकेट लिए और राजस्थान को बड़ा झटका दिया. पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी हैदराबाद को पहली ही गेंद पर झटका लगा और अभिषेक शर्मा बिना खाता खोले जोफ्रा आर्चर का शिकार बन गए. इसके बाद ट्रेविस हेड और ईशान किशन ने मोर्चा संभाला. दोनों ने 6 ओवर यानी पावरप्ले में हैदराबाद का स्कोर 50 के पार पहुंचा दिया. लेकिन 7वें ओवर में हैदराबाद को दूसरा झटका लगा जब ट्रेविस हेड 18 रन बनाकर आउट हो गए.

### कौन-सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आरआर | 5 | 4 | 1 | | 8 | +0.889 |
| 2. | पीबीकेएस | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | +0.720 |
| 3. | आरसीबी | 4 | 3 | 1 | | 6 | +1.148 |
| 4. | हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | | 4 | +0.576 |
| 5. | डीसी | 4 | 2 | 2 | | 4 | +0.322 |
| 6. | जीटी (गुजरात) | 4 | 2 | 2 | | 4 | -0.029 |
| 7. | एलएसजी | 4 | 2 | 2 | | 4 | -0.427 |
| 8. | एमआई | 4 | 1 | 3 | | 2 | -0.772 |
| 9. | सीएसके | 4 | 1 | 3 | | 2 | -1.532 |
| 10. | केकेआर | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |

### स्कोर बोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद बल्लेबाजी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा | 0 | 1 | 0 | 0 |
| ट्रैविस हेड | 18 | 18 | 3 | 0 |
| ईशान किशन | 9 | 4 | 8 | 6 |
| हेनरिक क्लासेन | 40 | 26 | 1 | 3 |
| नीतीश रेड्डी | 28 | 13 | 0 | 4 |
| सलिल अरोरा | 24 | 13 | 2 | 2 |
| अनिकेत वर्मा | 6 | 5 | 1 | 0 |
| हर्ष दुबे | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 9, **कुल** 20 ओवर में 216/6

**गेंदबाजी-** जोफ्रा आर्चर 4-0-37-2, नंद्रे बर्गर 4-0-31-0, संदीप शर्मा 4-0-52-1, तुषार देशपांडे 4-0-55-1, रियान पराग 1- 0-5-1, रवि बिश्नोई 3-0-35-0

**राजस्थान रॉयल्स बल्लेबाजी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल | 1 | 5 | 0 | 0 |
| वैभव सूर्यवंशी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल | 0 | 2 | 0 | 0 |
| लुआन-ड्रे | 0 | 2 | 0 | 0 |
| रियान पराग | 4 | 6 | 1 | 0 |
| रवीन्द्र जड़ेजा | 45 | 32 | 5 | 0 |
| डोनोवन फरेरा | 69 | 44 | 7 | 3 |
| जोफा आर्चर | 2 | 5 | 0 | 0 |
| तुषार देशपांडे | 25 | 11 | 0 | 3 |
| रवि बिश्नोई | 0 | 1 | 0 | 0 |
| नंद्रे बर्गर | 3 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 10,

**कुल** 19 ओवर में 159 रन

**गेंदबाजी-** प्रफुल्ल हिंगे 4-0-34-4, साकिब हुसैन 4-0-24-4, ईशान मलिंगा 4-0-31-2, शिवांग कुमार 3-0-28-0, नितीश कुमार रेड्डी 2-0-19-0, हर्ष दुबे 2-0-22-0 .

## पीजीडीएवी ब्लू ने जीता टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच

**नयी दिल्ली, 13 अप्रैल पीजीडीएवी ब्लू टीम ने सोमवार को यहां दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज पर 32 रनों से जीत हासिल की.**

टूर्नामेंट का उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों के डीन प्रो. बलराम पाणि ने किया. उन्होंने विभिन्न कॉलेजों के छात्रों को खेल अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने कहा, 'खेल शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार करता है और आपको दोनों तरह से फिट रहना होगा, जीवन में केवल तभी आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं जब आप केंद्रित रहें.' प्रो. पाणि ने पीजीडीएवी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दरविंदर कुमार और शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग के डॉ. पवन डबास तथा डॉ. मुकेश कुमार को छात्रों को अच्छी खेल सुविधाएं प्रदान करने के उनके प्रयासों के लिए बधाई दी.

इस अवसर पर पीजीडीएवी कॉलेज के पूर्व छात्र प्रमोद जैन, डीडीसीए के सदस्य, और जगदीश मल्होत्रा, दिल्ली सॉकर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष को भी सम्मानित किया गया. पीजीडीएवी ब्लू



ने पहले बल्लेबाजी कर 20 ओवर में 9 विकेट पर 202 रन बनाये. मंदीप ने 52, अनुज ने 37 और नासा ने 32 रन ठोके. जैनुम शाह ने 3, आरित व दीपांश ने दो- दो विकेट झटके. जवाब में कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज की टीम 19.3 ओवर में 170 रन पर आल आउट हो गई. ऋषि आर्यन ने 63 रन बनाये. ब्रायन झा ने 19 रन देकर चार विकेट चटकाए. गौरव और दक्ष ने दो दो विकेट झटके. ब्रायन झा को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला.

प्रो. दरविंदर कुमार ने मीडिया को बताया, 'हम कॉलेज के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने की प्रक्रिया में हैं. हमारे कॉलेज के पांच क्रिकेटरों ने दिल्ली विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व किया है. श्रेष्ठ यादव ने विज़ी ट्रॉफी में भी खेला है. शिवम दुबे और अंकित राजेश दिल्ली प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं.



## घाना प्रीमियर लीग के खिलाड़ी की टीम बस पर हुए सशस्त्र हमले में मौत

**अकरा.** घाना फुटबॉल एसोसिएशन (जीएफए) ने सोमवार को कहा कि घाना प्रीमियर लीग क्लब बेरेकुम चेल्सी के मिडफील्डर डोमिनिक फ्रिम्पोंग की टीम बस पर हुए एक सशस्त्र हमले में मौत हो गई. जीएफए ने आज बताया कि रविवार के मैच के बाद बेरेकुम चेल्सी, घाना के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित समरेबोई से अपने घरेलू बेस बोनो क्षेत्र की ओर लौट रही थी, तभी सशस्त्र लोगों ने बस पर हमला कर दिया.

## आईसीसी ने घोषित की रिकॉर्ड इनामी राशि

**विजेता टीम को मिलेंगे 21.8 करोड़ रुपये**

**नयी दिल्ली, 13 अप्रैल महिला क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर और अधिक मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषदमहिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए रिकॉर्ड इनामी राशि की घोषणा की है.**

यह टूर्नामेंट जून 2026 में इंग्लैंड में आयोजित होगा और इसके शुरू होने में लगभग दो महीने का समय शेष है. इस बार कुल इनामी राशि 8,764,615 डॉलर (करीब 82 करोड़ रुपये) रखी गई है, जो पिछले संस्करण 2024 की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक है. आईसीसी ने इस बार महिला टी20 विश्व कप को पहले से अधिक प्रतिस्पर्धी और आकर्षक बनाने के लिए इनामी ढांचे को और विस्तारित किया है. खास बात यह है कि इस बार पहली बार टूर्नामेंट में 10 की बजाय 12 टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे मुकाबलों की संख्या और रोमांच दोनों बढ़ेंगे.

विजेता टीम को 2,340,000 डॉलर (करीब 21.8 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जबकि उपविजेता टीम को 1,170,000 डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपये) का इनाम दिया जाएगा. सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को भी 675,000 डॉलर (करीब 6.29 करोड़ रुपये) दिए जाएंगे.

**इंडियन प्रीमियर लीग 2026** — केकेआर को अब भी पहली जीत का इंतजार

# चेन्नई घरेलू मैदान पर मजबूत रिकॉर्ड के साथ उतरेगी

**चेन्नई, 13 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में अंक तालिका के निचले हिस्से में मौजूद दो टीमों पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और पूर्व विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स ( केकेआर ) के बीच होने वाला मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है.**




एक ओर जहां सीएसके ने लगातार तीन हार के बाद हाल ही में शानदार वापसी करते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की है, वहीं केकेआर अब तक जीत का स्वाद चखने में नाकाम रही है और अपने पहले सफल परिणाम की तलाश में मैदान पर उतरेगी.

सीएसके ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 रन की जीत दर्ज कर अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने का संकेत दिया था. यह जीत टीम के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाली साबित हुई, क्योंकि इससे पहले टीम को शुरुआती तीन मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था. हालांकि टीम ने दो बार 200 से अधिक रन बनाए थे, फिर भी वह जीत हासिल करने में असफल रही थी. लेकिन दिल्ली के खिलाफ मिली जीत ने न केवल टीम को दो अंक दिलाए बल्कि उसे अंक तालिका में भी एक स्थान ऊपर पहुंचा दिया.

टीम के प्रदर्शन में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है. शीर्ष क्रम में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ का फॉर्म चिंता का विषय रहा है, क्योंकि पिछले कुछ मैचों में उनके स्कोर 6, 28, 7 और 15 जैसे रहे हैं. ऐसे में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद की जा रही है. वहीं ओपनिंग और मिडिल ऑर्डर में टीम को मिश्रित प्रदर्शन मिला है. संजू सैमसन ने पिछले मैच में शानदार शतक लगाकर टीम को मजबूत शुरुआत दी, जबकि युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने भी अर्धशतक लगाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. केकेआर का प्रदर्शन अब तक निराशाजनक रहा है. टीम को अपने शुरुआती मुकाबलों में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा.

> मध्यक्रम में सरफराज खान की आक्रामक बल्लेबाजी और डेवाल्ड ब्रेविस की वापसी से टीम को मजबूती मिली है. ब्रेविस चोट से उबरकर टीम में लौटे हैं और उनके आने से बल्लेबाजी क्रम और अधिक संतुलित हुआ है. शिवम दुबे ने भी हालिया मैचों में अपनी फिनिशिंग क्षमता दिखाई है, जिससे टीम को डेथ ओवर्स में तेजी से रन बनाने में मदद मिली है. गेंदबाजी में सीएसके के लिए जेमी ओवरटन का प्रदर्शन सबसे प्रभावशाली रहा है, जिन्होंने पिछले मुकाबले में चार विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी.

# सिलवानी में फुटपाथ व्यापारियों से अवैध वसूली

▶ नगर परिषद को शुल्क देने के बाद भी लुट रहा है फुटपाथी व्यापारी



**सिलवानी, 13 अप्रैल. नगर क्षेत्र में फुटपाथ का मालिक कौन है, यह सवाल अचंभित करने वाला जरूर है, लेकिन नगर के बाजार क्षेत्र में कई रसूखदार व्यापारी फुटपाथ का मालिक बनकर दुकान लगाने वाले फुटपाथी व्यापारियों से किराया वसूली कर रहे है.**

लोकेशन के हिसाब से इसका किराया तय है. आश्चर्यचकित करने वाली बात तो यह है कि फुटपाथी व्यापारी नगर परिषद को बैठकी के हर दिन शुल्क तो देता ही हैं, रसूखदार व्यापारी को 500 से लेकर 4 हजार रुपए तक प्रतिमाह तक दे रहे हैं. मीडिया द्वारा जब इसकी पड़ताल की गई तो इस गोरखधंधे में रसूखदार व्यापारियों का खुलासा हुआ. हालांकि फुटपाथी व्यापारी दिये जाने वाले इस अवैध किराये पर खुलकर जानकारी देने में परहेज कर रहे हैं, उन्हें इस बात का डर सता रहा है कि कहीं दुकान लगाने वाला स्थान उनसे न छिन जाए. यदि स्थान छिन गया तो उनकी रोजी रोटी चली जाएगी. यहां दो तरह के फुटपाथी व्यापारियों से अवैध रूप से किराए की वसूली हो रही है. एक तो कुछ दुकानदार ऐसे हैं, जो अपनी दुकानों के सामने फुटपाथ पर दुकान लगाने के नाम पर किराया वसूली करते हैं. यदि फुटपाथी व्यापारी द्वारा निर्धारित किराया नहीं दिया गया तो दुकान नहीं लगाने दी जाती.

### पूर्वज लगा रहे थे दुकान, इसलिए चाहिए किराया

नगर के गांधी चौक के सामने और बजरंग चौराहा फुटपाथ पर दुकान सजाने के नाम पर चौंकाने वाला तथ्य सामने आया. यहां कुछ व्यापारियों के पूर्वज कभी दुकान लगाते थे, लेकिन उनके परिवार के सदस्यों ने या तो व्यापार करना बंद कर दिये हैं या फिर दुकान खरीदकर बड़ी दुकान चलाने लगे हैं. जिस स्थान पर उनके पूर्वज दुकान लगाते थे, फुटपाथ का वह स्थान उनके कब्जे का हो गया. यानी उस स्थल पर वर्तमान में जो कारोबार कर रहा है, उसे 600 से 3000 हजार रुपए तक किराया भुगतान करना पड़ रहा है.

दूसरा कुछ लोगों द्वारा काउंटर या गुमठी रखकर फुटपाथ पर कब्जा जमाया गया है, वह स्वयं कोई दुकान नहीं लगाते, लेकिन स्थान का किराया ले रहे हैं.

### इन स्थानों पर वसूली का गोरखधंधा

पड़ताल में बाजार क्षेत्र के कुछ प्रमुख स्थान सामने आए हैं, जहां किराया वसूली का गोरखधंधा किया जा रहा है. इसमें प्रमुख रूप से बजरंग चौराहा, गांधी चौक मुख्य रूप से शामिल हैं.

### नगर परिषद अमले की भूमिका संदिग्ध

फुटपाथ पर कब्जे के इस गोरखधंधे में नगर परिषद अमले की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है. नगर परिषद के बैठकी वसूली करने वाले कर्मचारी भी इस गोरखधंधे से पूरी तरह से वाकिफ हैं, लेकिन उनके द्वारा कभी न तो इस गोरखधंधे पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया और न ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया.

अभी तक इस कि शिकायत हमारे पास नहीं आई है. अगर कोई लिखित शिकायत नगर परिषद में करता है तो वसूली करने वालों पर कानूनी कार्रवाई कि जायेगी.

**ऋषिकांत यादव, सीएमओ नगर परिषद सिलवानी.**

# नरवाई की आग घर तक पहुंचने से अफरा-तफरी



▶ प्रतिबंध होने के बाद भी नहीं रुक रहीं घटनाएं

**सलामतपुर, 13 अप्रैल. नरवाई की आग खेत में लगने से अफरा-तफरी मच गई. वो तो गनीमत रही कि समय रहते सलामतपुर पुलिस और सांची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया, वरना बड़ा हादसा होने का अंदेशा था. मामला सलामतपुर थाने के बड़ौदा गांव का है, जहां पर कमलेश पाल के खेत की नरवाई में आग लग गई.**

आग इतनी तेजी से फैली की किसान के घर और भूसे के ढेर तक पहुंचने वाली थी. किसान कमलेश पाल से तत्काल डायल 112 पर फोन लगाकर पुलिस से मदद मांगी. थाने से राहुल रघुवंशी ने सांची फायर स्टेशन पर आगजनी की सूचना दी और खुद भी मौके पर पहुंच गए. फायर ब्रिगेड और पुलिस ने आग को किसान के घर तक पहुंचने से पहले ही बुझा दिया वरना बड़ा हादसा होने की संभावना थी.

प्रशासन ने 17 मार्च को जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया था, इसके बाद भी किसान नरवाई जा रहे हैं. प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही. जिले में गेहूं की फसल की कटाई के पश्चात अगली फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए अधिकतर किसानों द्वारा अपनी सुविधा के लिए खेत में आग लगाकर गेहूं के डंठलों को आग से नष्ट कर खेत साफ किया जाता है. आग लगाने से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. जिले में खलिहानों से गुजर रही बिजली लाइनों पर कुछ किसानों द्वारा अवैध रूप से तार लगाकर बिजली का उपयोग किया जाता है. इससे तारों से स्पार्किंग होने से भी कई बार फसलों में आगजनी की घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है.

### इनका कहना है

बड़ौदा गांव में आगजनी की सूचना मिलते ही थाने से अमला मौके पर पहुंचा. फायर ब्रिगेड की मदद से समय रहते आग पर काबू पा लिया. वरना बड़ा हादसा होने की आशंका थी.

**दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर**

## एक नजर में

### मकान मालिक सोते रहे और चोर ले गए बाइक

सलामतपुर, 13 अप्रैल. जिले में चोरों के हौंसले इतने बुलंद हो गए है कि घर के सामने से ही चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. ऐसा प्रतीत होता है कि इन चोरों में अब पुलिस का खोफ नही रहा है. ऐसा ही एक मामला सलामतपुर थाना अंतर्गत दीवानगंज गांव में सामने आया है, जहां मकान मालिक सोते ही रह गए और चोर मोटरसाइकिल चुरा कर ले गए. चोरी की वारदात बीती देर रात की बताई जा रही है. पुलिस के अनुसार राहुल गिर निवासी गोसाई मोहल्ला दीवानगंज रात लगभग 10 बजे अपनी किराना दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर आया था. मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी कर के खाना खाकर सो गया. सुबह लगभग 7 बजे उठने के बाद देखा तो मोटरसाइकिल गायब थी. काफी तलाश के बाद भी जब मोटरसाइकिल नही मिली तो राहुल गिर सलामतपुर थाने पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई. सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी नेअज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस का मामला दर्जकर विवेचना में लिया है.

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर आज रायसेन में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

रायसेन, 13 अप्रैल. भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर रायसेन स्थित वन परिसर में सोमवार दोपहर 12 बजे जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन वृतांत का वाचन किया जाएगा. इसके अतिरिक्त विकासखंड स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगी.

### गेहूं खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण



रायसेन, 13 अप्रैल. जिले में बनाए गए सरकारी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर किसानों का अनाज खरीदा जा रहा है. सोमवार को डीआर सी वाघमारे ने बहुउद्देशीय सहकारी संस्था उमरावगंज के समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी केंद्र, आरती वेयरहाउस घाटखेड़ी का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. बाघमारा ने संबंधित केंद्र प्रभारी वेयरहाउस संचालक से चर्चा कर कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या परेशानी ना हो इस बात का ध्यान रखा जाए. इस अवसर पर डीआर विभाग की सहायक अधिकारी अंजुली वाघमारे भी मौजूद थीं.

# कृषि मेले में जा रहे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तार

**रायसेन, 13 अप्रैल. रायसेन के दशहरा मैदान में 11 अप्रैल से चल रहे 3 दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव का सोमवार को समापन हो गया. सोमवार को उन्नत कृषि महोत्सव में शामिल होने जा रहे युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह सोलंकी को साथियों समेत सागर तिराहे पर बैरिकैडिंग कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.**



सोलंकी ने कहा कि हम केवल कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. किसानों के हित की बात करने जा रहे थे. किसान कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत रघुवंशी ने कहा कि वर्तमान में जो खरीदी केंद्रों में तुलाई नहीं हो पा रही है, उस विषय में अपनी बात रखने जा रहे थे लेकिन हमें रोक लिया गया. उनके साथ किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रंजीत रघुवंशी, नगरीय निकाय कांग्रेस के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर सिंह, राजकुमार मीणा, फरहान अली समेत कईकार्यकर्ता व किसान थे.

## शुभम यादव बने आयकर विभाग में सुपरिटेंडेंट



बेगमगंज, 13 अप्रैल. बेगमगंज अयोध्या नगर निवासी शुभम यादव आयकर विभाग में सुपरिटेंडेंट बन गए है. उन्होंने पहले ही प्रयास मै एसएससी सीजीएल की परीक्षा उत्तीर्ण की है. वे प्रेमनारायण यादव शिक्षक माडिया वालों के बेटे हैं.उनकी इस सफलता पर परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है. शुभम के बड़े भाई पीएचई मै इंजीनियर है. शुभम ने कक्षा बारहवीं तक की पढ़ाई सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल बेगमगंज से की है. कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है.

# सिलवानी में गायिका आशा भोसले को दी श्रद्धांजलि

**सिलवानी, 13 अप्रैल.** ीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए. इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी.



कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने आशा भोसले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को उनके संघर्षपूर्ण जीवन से अवगत कराया. उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी आशा भोसले ने अपने साहस, मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त की. उनके जीवन से यह प्रेरणा मिलती है कि कठिन समय में घबराना नहीं चाहिए, बल्कि अपने लक्ष्य पर निरंतर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए. शिक्षकों ने यह भी बताया कि आशा भोसले ने अनेक भाषाओं में गीत गाए हैं और अपनी मधुर आवाज से न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व में एक विशिष्ट पहचान बनाई है.

विद्यालय के संगीत शिक्षक विक्रांत रघुवंशी ने कहा कि संगीत हमारे जीवन में संजीवनी का कार्य करता है. यह हमें हर परिस्थिति से संघर्ष करने की आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करता है. उन्होंने कहा कि हमें आशा भोसले के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए.

# 3 जुलाई से आरंभ होगी अमरनाथ यात्रा

**भोपाल, 13 अप्रैल.** इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से आरंभ होगी, जो 28 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी. यह यात्रा 57 दिनों की होगी. यह जानकारी ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने दी. उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अमरनाथ यात्रा 38 दिनों की थी. इस साल 15 अप्रैल से ऑनलाइन ग्रुप रजिस्ट्रेशन, बैंकों के माध्यम से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो जाएंगे. भोपाल में तीन बैंकों जम्मू कश्मीर बैंक जवाहर चौक, पंजाब नेशनल बैंक, न्यू मार्केट ,स्टेट बैंक ऑफ इंडिया न्यू मार्केट में ऑफलाइन बायोमेट्रिक के माध्यम से रजिस्ट्रेशन होंगे. उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन से पूर्व कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनवाना अनिवार्य होता है. इसके अलावा श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा भोपाल में मात्र 4 डॉक्टर्स अधिकृत किए हैं, जो बाबा श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के हिसाब से कम हैं.

# किसानों के लिए वरदान साबित हो रही मूंग

▶ 60 दिन में तैयार हो जाती है मूंग की फसल

सिलवानी, 13 अप्रैल. किसानों के लिए मूंग की फसल वरदान साबित हो रही है. तीसरी फसल के रूप में किसान खेतों में मूंग की फसल की बोवनी करते है, जिससे किसानों को केवल लाभ हो रहा है. मूंग बिक्री से प्राप्त राशि से किसान धान की फसल की तैयारी कर लेते है. प्रति वर्ष तहसील में मूंग की फसल की बोवनी किए जाने का रकबा लगातार बढ़ रहा है.



60 दिन में तैयार होकर बाजार में आनी वाली मूंग की फसल

की बोवनी किए जाने को लेकर क्षेत्र के किसान उत्साहित है. रबी सीजन की फसलों की कटाई के बाद खेतों में काली मिट्टी ही चमकती नजर आती है, लेकिन किसानों ने इस बार तीसरी फसल के रूप में मूंग की बोवनी बहुतायत में की है. इस कारण खेतों में हरियाली भी दिखाई दे रही है. हालांकि जलस्त्रोतों में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण किसानों को तीसरी फसल लेने में भारी मशक्कत करना पड़ रही है.

**कृषि मेला** ▶ हिमाचल की अनीता भारद्वाज ने नीता अंबानी के लिए तैयार की हैं 18 साड़ियां

# सवा लाख रुपए का 'कृष्ण रूमाल' रहा आकर्षक का केंद्र

**अदनान खान**

**रायसेन, 13 अप्रैल. दशहरा मैदान में आयोजित तीन दिनी उन्नत कृषि महोत्सव में खेती, तकनीक और पारंपरिक हस्तकला का अनोखा संगम देखने को मिला. करीब 10 एकड़ में फैले इस मेले में 300 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए थे, जहां 'बीज से बाजार' तक की पूरी एग्रीकल्चर वैल्यू चेन को लाइव डेमो के जरिए दिखाया.**

एक ओर एक एकड़ में लाइव खेती कर किसानों को प्रैक्टिकल तरीके से सिखाया गया, तो दूसरी ओर पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक तकनीक लोगों को आकर्षित किया. हिमाचल प्रदेश की प्रसिद्ध चंबा कढ़ाई कला से बना सवा लाख रुपए का 'कृष्ण रूमाल' मेले में लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा. हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले से आईं मां दुर्गा स्व-



सहायता समूह की अनीता भारद्वाज ने अपने स्टॉल पर इस खास कढ़ाई कला का प्रदर्शन किया. उनके द्वारा तैयार किया गया 'कृष्ण रूमाल' बेहद बारीक सुई-धागे से तैयार किया गया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंग और रासलीला को जीवंत रूप में उकेरा गया है. इसकी खासियत यह है कि रूमाल के दोनों तरफ एक जैसी कढ़ाई दिखाई देती है. अनीता भारद्वाज ने बताया कि उनके पास देश-विदेश से ऑर्डर आते हैं. उन्होंने नीता अंबानी के लिए 18 साड़ियां तैयार की हैं. इसके अलावा भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी भी उनके द्वारा तैयार किया गया कढ़ाई वाला सूट पहन चुकी हैं, जिसे उन्होंने एक कार्यक्रम में पहना था. इस कढ़ाई की खास बात यह है कि हर डिजाइन पूरी तरह हाथ से तैयार होता है. एक छोटे डिजाइन में जहां 5-6 घंटे का समय लगता है, वहीं बड़े और जटिल काम को पूरा करने में 6 महीने तक का समय लग जाता है.

### 5 किलो वजन का बेल भी रहा चर्चा में

मेले में गुजरात से आए स्टॉल पर कद्दू के आकार का 'भील' फल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा. स्टॉल संचालकों के अनुसार यह फल औषधीय गुणों से भरपूर है और कई बीमारियों में उपयोगी माना जाता है. इसी के साथ गुजरात के विजलपुर से आए डॉ. अनिल कुमार द्वारा प्रदर्शित 5 किलो वजनी बेल भी चर्चा में रहा. उन्होंने बताया कि यह उन्नत किस्म क्रॉस पद्धति से तैयार की गई है, जो ढाई साल में फल देने लगती है. इसका वजन सामान्यत: 1 से 5 किलो तक होता है और यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है. विशेषज्ञों के अनुसार बेल डायबिटीज और पेट संबंधी रोगों में लाभकारी है.किसानों के लिए सोलर फ्रिज मेले में आईआईटी खड़गपुर द्वारा विकसित इकोफास्ट सोलर कोल्ड रूम किसानों के लिए बड़ी सौगात के रूप में सामने आया . 10 मीट्रिक टन क्षमता वाली इस यूनिट में किसान अपनी फल और सब्जियों को 7 से 8 दिन तक सुरक्षित रख सकते हैं, जिससे उन्हें तुरंत कम दाम पर फसल बेचने की मजबूरी नहीं रहेगी. करीब 20 लाख रुपए लागत वाली इस तकनीक पर सरकार 50% तक सब्सिडी दे रही है. खास बात यह है कि यह पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित होती है, जिससे बिजली का खर्च शून्य हो जाता है.

# नशे में स्कूल पहुंचा शिक्षक, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**सिलवानी, 13 अप्रैल. तहसील मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम चौका की प्राथमिक शाला में सोमवार को एक शिक्षक के शराब के नशे में स्कूल पहुंचने और बच्चों से अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है. घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा किया. प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है.**



जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला चौका में पदस्थ शिक्षक हीरालाल धुर्वे नशे की हालत में स्कूल पहुंचे. आरोप है कि उन्होंने बच्चों के साथ गाली-गलौज की और स्कूल परिसर में गंदगी फैलाई, जिससे उनके कपड़े भी खराब हो गए.कुछ ग्रामीणों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. सूचना पर प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई. ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र ठाकुर एवं विद्या चरण श्रीवास्तव ग्राम चौका पहुंचे और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए. जांच के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित शिक्षक पिछले डेढ़ से दो वर्षों से लगातार शराब पीकर स्कूल आते हैं और बच्चों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं. स्कूल में 34 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं. जिनकी पढ़ाई इस स्थिति के कारण प्रभावित हो रही है. ग्रामीणों ने जांच दल के सामने शिक्षक को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है. चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जायेगा.

ग्रामीणों की शिकायत पर प्राथमिक शाला चौका की जांच की गई. जांच में शिक्षक हीरालाल धुर्वे अस्वस्थ स्थिति में पाए गए और स्कूल में गंदगी भी मिली. बच्चों ने भी बताया कि शिक्षक शराब के नशे में आकर गाली गलौज करते हैं. जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय को कार्रवाई हेतु भेजा जायेगा.

**रूपेंद्र ठाकुर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सिलवानी**

# छतरपुर




नवभारत
भोपाल, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

# जल जीवन मिशन में बड़ी लापरवाही

## हवा में पाइप और खुले गड्ढों से मंडरा रहा हादसों का खतरा



**छतरपुर, 13 अप्रैल. जिले के चंदला विधानसभा क्षेत्र में 'हर घर जल' पहुंचाने के दावे धरातल पर भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ते नजर आ रहे हैं. सड़वाकोल से कंदैला मार्ग पर पाइपलाइन निर्माण कार्य में जुटी एलसीसी कंपनी पर नियमों को ताक पर रखकर काम करने के गंभीर आरोप लगे हैं.**

### सड़क के ऊपर बिछा दी पाइपलाइन

ग्रामीणों ने बताया कि तकनीकी मानकों के अनुसार, पाइपलाइन को जमीन के भीतर कम से कम एक मीटर की गहराई पर दबाया जाना चाहिए ताकि वह सुरक्षित रहे. लेकिन ठेकेदार ने मनमानी करते हुए पाइपों को खुदाई के बिना सीधे सड़क के ऊपर ही बिछा दिया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि भारी वाहनों के दबाव से ये पाइप कभी भी फट सकते हैं और बड़ा हादसा हो सकता है.

### राहगीरों के लिए मुसीबत बने खुले गड्ढे

इतना ही नहीं, पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़क के दोनों ओर करीब एक किलोमीटर तक गहरे गड्ढे खोद दिए गए हैं.

इन गड्ढों को बिना भरे ही छोड़ दिया गया है, जिससे राहगीरों, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों का निकलना दूभर हो गया है.

ग्रामीणों के अनुसार सड़क किनारे गड्ढों से रात के समय दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है. खेतों के रास्ते पाइपलाइन ले जाने का विकल्प होने के बावजूद जानबूझकर मुख्य सड़क को क्षतिग्रस्त किया गया.

### आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने प्रशासन के प्रति भारी रोष व्यक्त करते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है. स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि दोषी ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई और सड़क को तुरंत ठीक नहीं कराया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे. स्थानीय ग्रामीणें का कहना है कि यह सीधे तौर पर सरकारी बजट का दुरुपयोग और जनता की जान से खिलवाड़ है. हम मांग करते हैं कि प्रशासन तुरंत मौके का मुआयना करे और ठेकेदार पर जुर्माना लगाए.

## अंग्रेजी शराब दुकानों पर ओवररेटिंग के आरोप

**छतरपुर, 13 अप्रैल.** छतरपुर जिले के महाराजपुर क्षेत्र में संचालित अंग्रेजी शराब दुकानों पर ओवररेटिंग के गंभीर आरोप सामने आए हैं. स्थानीय ग्राहकों का कहना है कि दुकानों पर निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक कीमत वसूली जा रही है, जबकि नियमानुसार रेट सूची भी प्रदर्शित नहीं की गई है. हैरानी की बात यह है कि एक दुकान थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित है, इसके बावजूद नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है.

ग्राहकों के अनुसार, जब उन्होंने बोतलों पर अंकित एमआरपी के अनुसार भुगतान करने की बात कही, तो दुकान कर्मचारियों ने साफ इनकार कर दिया. इस पूरे मामले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें स्पष्ट सुना जा सकता है कि 170 रुपये एमआरपी वाले बैकपाइपर पाव के लिए 200 रुपये वसूले जा रहे हैं.

एक अन्य वीडियो में यह भी कहा जा रहा है कि 'ऊपर से ही रेट तय हैं', जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है. इस घटनाक्रम के बाद आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं.

# एमपीएमआरए की नई प्रदेश कार्यकारिणी घोषित




- विकास चौबे अध्यक्ष बने, संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प
- छतरपुर में आयोजित 40वें द्विवार्षिक अधिवेशन में सर्वसम्मति से हुआ चुनाव

**छतरपुर, 13 अप्रैल. छतरपुर में आयोजित एमपीएमआरए के 40वें द्विवार्षिक अधिवेशन में नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा उत्साहपूर्ण माहौल में की गई। सर्वसम्मति से विकास चौबे को अध्यक्ष और निशिकांत पंड्या को महासचिव चुना गया.**

स्थानीय जटाशंकर ग्रांड में आयोजित इस अधिवेशन में प्रदेशभर से आए सदस्यों के साथ अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया. कार्यक्रम में संगठन को मजबूत बनाने और सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता जताई गई. इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. सुरेखा खरे और सचिव डॉ. मुकुल साहू विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे. वहीं मुख्य अतिथि के रूप में राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया शामिल हुए, जिन्होंने संगठन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया.

कार्यक्रम में छतरपुर विधायक ललिता यादव की अनुपस्थिति में उनके पुत्र एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष मोनू यादव ने संदेश देते हुए कहा कि वे हर परिस्थिति में संगठन के साथ खड़ी रहेंगी. नई कार्यकारिणी में शशिकांत तिवारी और आरपी विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, जबकि संयुक्त सचिव के रूप में विद्याधर, प्रवीण रघुवंशी, विनोद रोहिरा और नवीन आर्तनी को जिम्मेदारी दी गई है. देवनारायण पाटीदार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है.

इसके अलावा वर्किंग कमेटी में विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है. नई कार्यकारिणी के गठन के साथ संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और आने वाले समय में इसके और अधिक सशक्त होने की उम्मीद जताई जा रही है.

## एक नजर में



### मोतियाबिन्द के 25 मरीज चित्रकूट रवाना

**हरपालपुर, 13 अप्रैल.** प्रत्येक माह की 13 तारीख को आयोजित होने वाले नेत्र शिविर में सोमवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में सदगुरु सेवा आश्रम जानकीकुंड द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 178 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया, जिसमें 25 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए. उन्हे ट्रस्ट की बस द्वारा लैंस प्रत्यारोपण के लिए जानकीकुंड चित्रकूट रवाना किया, शिविर में मरीजों को नि:शुल्क चश्मा प्रदान किए गए. शिविर में संचालक अर्चना महेश राय, मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, विनोद वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे. चित्रकूट से आये डॉ. अरविंद मिश्र की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया.

### कटरा गांव में युवक से घर में घुसकर मारपीट



छतरपुर, 13 अप्रैल. गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम कटरा निवासी रामदेव राजपूत ने सोमवार दोपहर करीब 2:00 बजे पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ बदमाशों ने उनके घर में घुसकर लाठी-डंडों और कट्टे की बट से उनके साथ बेरहमी से मारपीट की. पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने बिना किसी वजह के उनके घर में जबरन प्रवेश किया और हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं. घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है. रामदेव राजपूत ने आरोप लगाया कि इस मामले में अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिसके चलते उन्हें न्याय के लिए एसपी कार्यालय का सहारा लेना पड़ा. उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. फिलहाल पुलिस प्रशासन द्वारा आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू करने की बात कही जा रही है.

# बड़ामलहरा छात्रावास का औचक निरीक्षण

- कमिश्नर ने व्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी
- निरीक्षण के दौरान मात्र 51 छात्राएं उपस्थित पाई गईं




**छतरपुर, 13 अप्रैल. सागर संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने बीते रोज छतरपुर जिले के बड़ामलहरा स्थित सुभाष चंद्र बोस समग्र शिक्षा आवासीय बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया.**

उनके अचानक पहुंचने से छात्रावास प्रबंधन और प्रशासनिक अमले में हड़कंप की स्थिति बन गई. निरीक्षण का उद्देश्य छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था.

सौ सीटर क्षमता वाले इस छात्रावास में निरीक्षण के दौरान मात्र 51 छात्राएं उपस्थित पाई गईं. कमिश्नर ने छात्राओं से सीधे संवाद कर भोजन की गुणवत्ता, निर्धारित मीनू के पालन और विशेष भोजन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली. इसके बाद उन्होंने पूरे परिसर का निरीक्षण किया, जहां बिजली आपूर्ति और साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली.

इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने वार्डन कुसुम लता चौरसिया और सहायक वार्डन नजमा बानो को फटकार लगाई तथा व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि छात्राओं की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

निरीक्षण के दौरान नम: शिवाय अरजरिया, आयुष जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. कमिश्नर ने कहा कि इस तरह के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, जिससे व्यवस्थाएं बेहतर बनी रहें.

## सुरेंद्र सहेले का निधन

नवभारत न्यूज

**पठारी.** पत्रकार अरुण सहेले के बड़े भाई एवं सोहित कुमार, सौरभ कुमार, सत्यम सहेले के पिताजी सुरेंद्र कुमार सहेले उम्र 60 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद रविवार रात निधन हो गया. उनकी शव यात्रा सोमवार सुबह 9-30 बजे गृह निवास से निकाली गई, जो मुक्तिधाम पहुंची.शव यात्रा में नगर के सैकड़ों लोग शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. उनके निधन पर विधायक हरिसिंह सप्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रेमनारायण तिवारी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कप्तान सिंह यादव, भाजपा जिला महामंत्री अनिल सोनकर, विधानसभा प्रभारी विनोद जैन, औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र दिवाकर, जैन समाज के अध्यक्ष राकेश सिंघई, हरिनेश यादव, सरपंच अखिलेश पंथी सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया.

# मड़ला में रिटायर्ड डीएसपी दंपति से अभद्रता



- पेंशनर्स संघ ने एसपी ऑफिस में दिया आवेदन

छतरपुर, 13 अप्रैल. छतरपुर नगर के मड़ला क्षेत्र में रिटायर्ड उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) और उनकी पत्नी के साथ पुलिस चेकिंग के दौरान कथित अभद्रता का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा उनसे अनुचित व्यवहार किया गया, जिसके बाद इस प्रकरण में एफआईआर भी दर्ज की गई.

घटना के विरोध में सोमवार दोपहर करीब 2:00 बजे पुलिस पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एक लिखित आवेदन सौंपा. आवेदन में उन्होंने दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग की है, साथ ही संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी मांग उठाई है. पेंशनर्स संघ का कहना है कि एक पूर्व पुलिस अधिकारी और उनकी पत्नी के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है.

# नाबालिग यूट्यूबर पर झूठा केस दर्ज कराने का आरोप

- पीड़ित परिवार ने एसपी ऑफिस में दिया आवेदन

**छतरपुर, 13 अप्रैल. सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सटई रोड की रहने वाली संध्या अनुरागी ने अपनी मां के साथ सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचकर एक लिखित आवेदन सौंपा.**

आवेदन में उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि एक नाबालिग यूट्यूबर द्वारा उनके भाई अमित अनुरागी को झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की जा रही है. उनका कहना है कि इस पूरे प्रकरण में फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिससे उनके परिवार को मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है.संध्या ने बताया कि उनके भाई निर्दोष हैं, लेकिन उन्हें साजिश के तहत आरोपित बनाया जा रहा है. उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न हो. पीड़ित परिवार ने एसपी से उचित कार्रवाई की अपील करते हुए कहा कि अगर समय रहते जांच नहीं हुई तो उनके भाई की छवि, भविष्य पर गंभीर असर पड़ सकता है.

# गांव चलो अभियान' में जनता के बीच पहुंचे विधायक

- बावड़ी की सफाई कर दिया 'जल ही जीवन' का संदेश



**छतरपुर, 13 अप्रैल. छतरपुर जिले के बिजावर ग्रामीण अंचलों के विकास और आमजन से सीधे जुड़ाव के लिए संचालित 'गांव चलो अभियान' के तहत बिजावर विधायक सोमवार को ग्राम गुलगंज पहुंचे. यहाँ आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी मूलभूत समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए.**

### विकास के मुद्दों पर चर्चा

विधायक ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाना ही इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है. उन्होंने सड़क, बिजली और शिक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की और भविष्य में होने वाले विकास कार्यों का खाका ग्रामीणों के सामने रखा.

### ऐतिहासिक बावड़ी का श्रमदान से कायाकल्प

जनसंवाद के पश्चात विधायक 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत राधा रमण मंदिर परिसर पहुँचे. यहाँ उन्होंने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ मिलकर प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई की. बावड़ी से कचरा और सिल्ट निकालकर उन्होंने संदेश दिया कि आने वाली पीढ़ी के लिए जल स्त्रोतों को बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. बता दें कि यह विशेष अभियान 19 मार्च से 30 जून 2026 तक निरंतर जारी रहेगा.

### जड़ों की ओर लौटने की सुखद पहल

गांवों में जनता से संवाद करना और प्राचीन जल संरचनाओं को सहेजने के लिए खुद फावड़ा उठाना, जनप्रतिनिधियों की एक सकारात्मक कार्यशैली को दर्शाता है. यदि यह अभियान अपनी समय सीमा में सफल रहता है, तो निश्चित ही बिजावर के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी.

**जल संरक्षण** | जगत सागर तालाब के घाटों की सफाई की

# मऊसहानियां में चलाया 'जल गंगा संवर्धन अभियान'



**छतरपुर, 13 अप्रैल. कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले में चल रहे 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत मऊसहानियां ग्राम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण का संकल्प लिया.**

अभियान के अंतर्गत ग्राम के ऐतिहासिक जगत सागर तालाब के घाटों की व्यापक स्तर पर सफाई की गई. ग्रामीणों ने श्रमदान कर तालाब को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया.

कार्यक्रम के तहत आयोजित 'जल चौपाल' में जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया गया. उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप और स्प्रिंकलर (टपक एवं फव्वारा) सिंचाई पद्धति के लाभों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इन आधुनिक तकनीकों से कम पानी में बेहतर उत्पादन लिया जा सकता है, जिससे जल और धन दोनों की बचत होती है.

इसके साथ ही फलदार पौधों के रोपण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया. अधिकारियों ने बताया कि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और वर्षा जल का संरक्षण भी बेहतर तरीके से हो सकेगा, जिससे भू-जल स्तर में सुधार आएगा.

## तालाबों से अतिक्रमण हटाकर जल संरक्षण की ऐतिहासिक पहल

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** कलेक्टर के मार्गदर्शन में एसडीएम मनीष जैन के निर्देश पर जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के तहत बड़ा अभियान चलाया गया. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न गांवों के तालाबों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया. अब तक गिरवासा, कर्मोदिया, घोसुआ, बरवाई और बर्री सहित कुल 5 तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है.इन तालाबों पर लंबे समय से अवैध खेती की जा रही थी. एसडीएम ने बताया कि तालाबों का संरक्षण भू-जल स्तर और पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है.

# दो साल में ही उखड़ने लगी सड़क और पुलिया

- सड़क और पुलिया निर्माण में भारी लापरवाही



**चंदला, 13 अप्रैल.** लवकुशनगर ब्लॉक अंतर्गत भवानीपुर से सलैया मार्ग पर 160.30 लाख रुपए की लागत से निर्मित सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है. वर्ष 2024 में पूर्ण कराए गए लगभग 2.5 किलोमीटर लंबे इस सड़क निर्माण का टेंडर कृष्णा कॉन्ट्रैक्शन कंपनी को दिया गया था, जिसकी परफॉर्मेंस अवधि वर्ष 2028 तक निर्धारित है. लेकिन निर्माण के महज दो वर्ष के भीतर ही सड़क और पुलिया के परखच्चे उड़ने लगे हैं. जगह-जगह सड़क उखड़ रही है और पुलिया में दरारें साफ दिखाई दे रही हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया गया. पुलिया निर्माण के दौरान वाइब्रेटर का उपयोग नहीं किया गया, जिससे कंक्रीट की मजबूती प्रभावित हुई. वहीं सड़क निर्माण में कोर कटिंग जांच भी ठीक से नहीं की गई, जिसके कारण डामर सड़क समय से पहले ही टूटने लगी है.

### ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से किए जा सकें. इस मामले को लेकर पीडब्लूडी इंजीनियर आनंद त्रिपाठी से दूरभाष के द्वारा संपर्क किया गया, लेकिन संपर्क नहीं करना चाह रहे इस मामले कुछ बात करने को तैयार नहीं है. इस मामले में पीडब्लूडी एसडीओ पीके जाड़िया से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन इस मामले की जिम्मेदार अधिकारी बात करने को तैयार नहीं है.

### एक नजर में

## फलदार वृक्षों की सिंचाई सुबह करें

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आगामी 5 दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने तथा आसमान आमतौर पर साफ रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 35 से 37 डि.से. के आस-पास तथा रात का न्यूनतम तापमान 17 से 19 डि.से. के आस-पास रहने की संभावना है। हवा की औसत गति 02 से 07 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना हैं। अधिकतम तापमान 35 से 37 डि.से. के आस-पास रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, किसान भाई, सब्जियों तथा फलदार वृक्षों में सिचाई का कार्य शाम या सुबह जल्दी करें साथ ही निराई गुड़ाई का कार्य भी करें।**

आगामी पांच दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है, किसानों को सलाह दी जाती है कि फ़सल की कटाई के बाद उसे सुरक्षित भंडारण के लिए 10 प्रतिशत नमी के स्तर तक सुखा लें। कद्दूवर्गीय सब्जियां जैसे-कद्दू, लौकी, टिण्डा, करेला, तरबूज एवं खरबूज इत्यादि में लाल कीड़ा एवं फ्ल मक्खी का प्रकोप तापमान बढ़ते ही दिखाई दे सकता है, अतरू इससे बचाव हेतु किसान भाई, ट्राईजोफास 40 ई.सी. दवा की 2 मिली लीटर प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर आसमान साफ होने पर छिड़काव करें।

# महंत की चेतावनी, पुलिस वाहन खराब, निकाला जुलूस

**दुष्कर्म के आरोपी जमान उद्दीन का निकाला गया जुलूस**

**पुलिस ने कहा दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय में किया पेश**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। दुष्कर्म के आरोपी का आखिरकार महंत की चेतावनी के बाद पुलिस ने फिल्मी स्टाईल में पूरी स्क्रिप्ट तैयार कर जुलूस निकालने का काम किया। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने जुलूस निकालने के मामले में कोई भी बयान जारी नहीं किया है, बल्कि कहा है कि दुष्कर्म और छेड़छाड़ के आरोप में आरोपी जमाल उद्दीन कुरैशी को न्यायालय पेश किया गया है।**

दरअसल बीती 9 तारीख को आरोपी जमान उद्दीन काजी के खिलाफ पुलिस ने एक महिला की शिकायत के आधार पर दुष्कर्म का केस दर्ज किया था। तभी से आरोपी जमानउद्दीन फरार था। इस मामले को लेकर धजरई मंदिर के महंत सीताराम दास ने रविवार की शाम अपने समर्थकों की नजरबाग मंदिर में बैठक बुलाई फिर उन्होंने घटना का विरोध करते हुए ब्यानबाजी की। इस ब्यानबाजी से शहर का माहौल बदलने लगा हालांकि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल



एसडीओपी राहुल कटरे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और महंत सीताराम दास से बातचीत की, जिसके बाद वह नजरबाग मंदिर से चले गए और मामला शांत हुआ।

इसके बाद आज सोमवार को महंत सीताराम दास की मांग पर पुलिस महकमें ने कोतवाली से आरोपी जमालउद्दीन को दुष्कर्म के आरोप में न्यायालय पेश करने के लिए सरकारी पुलिस वाहन में बैठाया। इसके बाद थोड़ी दूर वाहन चला और अचानक रुक गया। वहां वाहन रुकते ही भीड़ एकत्रित हो गई।



फिर क्या था पुलिस वाहन चला रहा ड्राईवर वाहन से उतरा और उसने पुलिस वाहन का बोनट खोलकर यह कहा कि वाहन में खराबी आ गई है। इतना ही नहीं अचानक यहां सब इंस्पेक्टर बृजेन्द्र घोष पहुंचे और उन्होंने कहा क्या हुआ तो बताया गया कि वाहन खराब हो गया है। फिर दुष्कर्म के आरोपी जमाल उद्दीन को वाहन से नीचे उतारकर पुलिस कस्टडी में उसे सड़क पर चलाया गया। यह दृश्य देख वहां से गुजर रहे लोगों ने उसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोपी को पैदल मार्च कराते हुए पुलिस सिंधी धर्मशाला तक लेकर गई। जहां फिर वही वाहन ठीक होकर पहुंचा और उस वाहन में आरोपी जमाल उद्दीन कुरैशी को बैठाकर न्यायालय ले जाया गया।

इस दौरान यहां सिंधी धर्मशाला भाजपा कार्यालय के सामने बैठे थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने मीडियाकर्मियों से चर्चा कर बताया कि आरोपी जमान उद्दीन पर छेड़खानी एवं दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। इसीलिए उसे न्यायालय पेश किया जा रहा है। हालांकि जुलूस वाले सवाल पर उन्होंने चुप्पी साध ली। उन्होंने कहा कि आगे बिन्दुओं पर जांच जारी है।

### कुरान पर दिए बयान की निंदा

बीते रोज धजरई मंदिर के महंत सीताराम दास ने जो ब्यान कुरान को लेकर दिया है। इसकी अब घोर निंदा हो रही है। मुस्लिम समाज के कई लोगों ने कहा है कि महाराज जी ने जो कहा है उसकी पुष्टि करें कि कुरान में उनके बताए अनुसार कहां लिखा है। हम सब तो उनका आदर करते हैं, परन्तु उनकी भाषा शैली किसी राजनैतिक व्यक्ति से कम नहीं थी। कई मुस्लिम युवाओं ने कहा कि टीकमगढ़ शहर बेहद अच्छा शहर है यहां इस तरीके की बयानबाजी को कोई भी पसंद नहीं करता है। अब महाराज जी ने ऐसा क्यों बोला वह खुद चिंतन कर लें। हालांकि कुरान में ऐसा कहीं नहीं लिखा है जो महाराज जी बोल रहे हैं।

### महंत सीताराम दास ने दी थी सीधी चेतावनी

बीती रात्रि महंत सीताराम दास ने नजरबाग मंदिर प्रांगण में अपने समर्थकों के सामने यह स्पष्ट कहा था कि अगर पुलिस आरोपी जमालउद्दीन का जुलूस नहीं निकालेगी तो वह सड़कों पर निकलेंगे। इतना ही नहीं उन्होंने कहा था कि पुलिस अगर कार्यवाही नहीं कर पा रही है तो हमारी रंगों में खून है। हम यहां से निकलेंगे और जो टॉपी वाला मिलेगा उसे मांरेंगे चाहे मेरा कुछ भी हो जाए। इतना ही नहीं उन्होंने अन्य विवादित ब्यान भी दिए थे, जिससे माहौल गड़बड़ा सकता था। हालांकि पुलिस की सूझबूझ के चलते मामला ठंडा हुआ।

# धर्ममय वातावरण में भक्त दिखे लीन



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। सागर मार्ग पर स्थित अतिशय क्षेत्र पपौरा जी में आयोजित भव्य पंचकल्याणक महोत्सव के छठे दिन मोक्ष कल्याणक दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे परिसर में धर्ममय वातावरण छाया रहा और श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।**

जानकारी के अनुसार दोपहर के समय आयोजित गजरथ महोत्सव इस दिन का मुख्य आकर्षण रहा। इस दौरान सुसज्जित हाथियों द्वारा भगवान के रथ की सात दिव्य परिक्रमा कराई गई, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में माताएँ, बहनें और धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा और जय जिनेंद्र के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। भगवान का मोक्ष कल्याणक अत्यंत भाव-विभोर वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसने सभी श्रद्धालुओं के मन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए पूज्य महाराज श्री ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है, इसलिए इसे व्यर्थ न गंवाते हुए सभी जीवों के प्रति मैत्री, करुणा और सद्भाव का भाव रखना चाहिए।

उन्होंने राग-द्वेष का त्याग कर आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। साथ ही, बुंदेलखंड की पावन भूमि को पुण्यभूमि बताते हुए समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और वत्सलता बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में गजरथ महोत्सव मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा है।

# सरोवर निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत आंकलन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत जिला पंचायत द्वारा संचालित विभिन्न जल संरक्षण एवं संवर्द्धन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिले में चल रहे डगवेल रीचार्ज, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जल संचय में जनभागीदारी तथा अमृत सरोवर निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया।**

बैठक में डगवेल रीचार्ज के माध्यम से भू-जल स्तर बढ़ाने, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने तथा अमृत सरोवरों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। साथ ही, जल संचय के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य की उपयंत्री स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए एवं सभी भौतिक कार्यों की प्रगति पोर्टल पर समयसीमा में दर्ज की जाए इसके साथ ही प्रगति की



साप्ताहिक समीक्षा की जाए। बैठक में सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, परियोजना अधिकारी मनरेगा रचना तिवारी, कार्यपालन यंत्री आरईएस देवानंद शुक्ला, समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जलगंगा संवर्धन का प्रभावी क्रियान्वयन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में तथा कार्यपालन यंत्री अनिल लगरखा के मार्गदर्शन में जलगंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।**

ग्राम नारगुडा आगंनबाडी केंद्र एवं प्रा. शाला का सयुंक्त रूप से पेयजल स्रोत का एफ्टीके के माध्यम से परीक्षण किया गया। 5 महिलाओ को प्रशिक्षण दिया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत यह पहल ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश से की गई।

# खरगापुर की नम्रता जैन का सिविल जज के पद पर चयन



**नवभारत न्यूज, खरगापुर। खरगापुर की रहने वाली कु. नम्रता जैन ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए महाराष्ट्र न्यायिक सेवा में चयन प्राप्त किया है। नम्रता ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी अभ्यर्थियों में चौथा स्थान प्राप्त किया और सिविल जज पद के लिए चयनित हुई हैं।**

नम्रता जैन के पिता चंद्रभान जैन खरगापुर में व्यवसायी हैं, जबकि उनकी माता श्रीमती मीरा जैन गृहिणी हैं। एक साधारण परिवार से आने वाली नम्रता ने कठिन परिश्रम, समर्पण और निरंतर प्रयास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। अपनी इस सफलता का श्रेय नम्रता ने अपने माता-पिता और बहनों को दिया है, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से उन्होंने यह उपलब्धि प्राप्त की। उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे टीकमगढ़ जिले में खुशी का माहौल है। नम्रता की इस उपलब्धि ने जिले का नाम प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश स्तर पर भी गौरवान्वित किया है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। नम्रता जैन ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए महाराष्ट्र न्यायिक सेवा में चयन प्राप्त किया है। नम्रता ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी अभ्यर्थियों में चौथा स्थान प्राप्त किया और सिविल जज पद के लिए चयनित हुई हैं।

## आज मनाई जाएगी अम्बेडकर जयंती

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारत के संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती आज जिले भर में मनाई जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।**

आज मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहब की जयंती मानने को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। जयंती के एक दिन पूर्व बाबा साहब की प्रतिमाओं की सफाई कर संध्याकालीन वैला में दीपोंत्सव कार्यक्रम मनाया गया। आज जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहब की प्रतिमओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर मिष्ठान वितरित किया जाएगा। बताया गया कि इस के बाद संविधान कि प्रस्तावना का सामूहिक पाठ होगा साथ ही पेयजल ब अन्य सुविधाओं का रख-रखाव किया जाएगा।

# 15 वर्षों तक प्रभावी रहेगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना गया, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 106वां संवैधानिक संशोधन कानून लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत या एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है। यह कानून सितंबर 2023 में पारित हुआ, जिसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। यह आरक्षण 15 वर्षों तक प्रभावी रहेगा और इसे परिसीमन के बाद 2029 तक लागू किए जाने की संभावना है।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति सरोज राजपूत



उपस्थित रहीं। साथ स्वसहायता समूह से जुडी हुई सदस्य एवं जिला तथा विकासखण्ड कार्यालय से समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में जिला परियोजना प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा विभिन्न मुद्दो पर प्रकाश डाला गया एवं आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत (1/3) सीटें आरक्षित करना। 128वां संवैधानिक संशोधन विधेयक था, जो अब 106वां कानून बन गया है। यह आरक्षण 15 वर्षों तक प्रभावी रहेगा, जिसे आगे बढ़ाया जा सकता है। जनगणना के बाद लागू होगा, जिसके 2029 के आम चुनावों तक प्रभावी होने की उम्मीद है।

# नरवाई प्रबंधन कृषि स्ट्रॉ रीपर का जीवंत प्रदर्शन

**टीकमगढ़ के ग्राम जटऊआ के किसान को मिला अनुदान**

**यंत्र की सहायता से किसान ने की गेहूं की कटाई**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। ग्राम जटउआ विकासखंड निवासी प्रगतिशील किसान यशवंत सोलंकी ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के समक्ष निजी कस्टम हायरिंग केंद्र योजना से अनुदान पर लिए गए नरवाई प्रबंधन कृषि यंत्र स्ट्रॉ रीपर का जीवंत प्रदर्शन किया।**

यशवंत सोलंकी ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को बताया कि इस यंत्र की सहायता से वे हार्वेस्टर से गेहूं कटाई के उपरांत खेत पर फैले फसल अवशेष को काटकर भूसा बना लेते हैं जिससे वो विक्रय कर अतिरिक्त आय लेते हैं इसीके साथ साथ इसके उपयोग से खेत में नरवाई नहीं बचती जिससे खेत में



आग नहीं लगानी पड़ती जो मृदा एवं पर्यावरण संरक्षण में मदद करता है। इस अवसर पर में सहायक संचालक उद्यानिकी श्री अजय रोहित, वरिष्ठ उद्यानिकी विकास अधिकारी, सहायक कृषि यंत्री, एवं अन्य कृषकों की उपस्थिति रही।कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण को बढ़ावा देने और छोटे किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित निजी कस्टम हायरिंग केन्द्र योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित कर किसानों को किराये पर आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना के तहत इच्छुक कृषक, कृषक समूह, एफपीओ एवं उद्यमी बैंक ऋण के माध्यम से कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित कर सकते हैं। इन केन्द्रों पर ट्रैक्टर, रोटावेटर, सीड ड्रिल, थ्रेशर सहित विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे किसानों को महंगे उपकरण खरीदने की आवश्यकता नहीं रहती।शासन द्वारा इस योजना में आकर्षक अनुदान का प्रावधान किया गया है। कृषि यंत्रों की खरीदी पर अधिकतम 25 लाख रुपये की लागत पर लगभग 40 प्रतिशत तक, अधिकतम 10 लाख रुपये तक का क्रेडिट लिंक्ड अनुदान प्रदान किया जाता है। कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय द्वारा समय-समय पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिनका चयन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया जाता है।इस योजना से न केवल किसानों को कम लागत में आधुनिक मशीनें उपलब्ध हो रही हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित हो रहे हैं। कई कृषकों ने कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित कर अपनी आय में वृद्धि की है और अन्य किसानों को भी लाभान्वित किया है।

**टीएल** कलेक्टर ने बैठक में दिए विशेष निर्देश

# आज ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा होगी आयोजित : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने जल गंगा संवर्धन अभियान, नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम, डॉ अंबेडकर जयंती पर आयोजित होने वाली ग्राम सभा, ई-विकास पोर्टल से खाद वितरण, मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक, कृषि विभाग अंतर्गत कृषि वर्ष 2026, फार्मर रजिस्ट्री, छिर धारा ग्राम योजना, की बैठक में दिए गए निर्देश, सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, आयुष्मान भारत योजना, टी एल पत्रों पर की गई कार्यवाही तथा विगत टीएल बैठक में दिए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की तथा आवश्यक**



दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, सुश्री अंजली शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने 14 अप्रैल 2026 को आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के अंतर्गत कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगायी जाये।

साथ ही उन्होंने 14 अप्रैल 2026 को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन कराने के निर्देशित दिये। ई-विकास प्रणाली की समीक्षा करते हुये उन्होंने निर्देशित किया कि ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ई-टोकन जारी करने के लिये किसानों का पंजीयन कराया जाये। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सीमांकन एवं फार्मर रजिस्ट्री प्रकरण की दैनिक समीक्षा होगी, अतः कार्य समयसीमा में पूर्ण करायें।

बैठक में श्री श्रोत्रिय ने निर्देश दिए कि जलगंगा संर्वधन अभियान की समीक्षा के दौरान नगरीय निकायों में चिन्हित की गई नहरों में पानी के आवक देखकर उनको साफ-सफाई एवं आवश्यक जीर्णोद्धार का कार्य कराया जाये।

### बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे

बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग अंतर्गत कृषि वर्ष 2026, पीएमडीडीकेवाई, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण सहित अन्य बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिलाधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

## यूरिया विक्रय के लिए कमेटी का गठन

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मप्र भोपाल के निर्देशानुसार अधिक यूरिया बिक्रय के संबंध में मार्च, अप्रेल एवं मई में कृषिगत कार्य कम होते है तथा मार्च माह में कई जिलों में अधिक यूरिया बिक्रय हुआ है।**

उक्त संबंध में जिला मजिस्ट्रेट, कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया। कलेक्टर समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार जिला पुलिस अधीक्षक या नामित व्यक्ति जिला टीकमगढ़, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला , उप आयुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला विपणन अधिकारी विपणन संघ, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र तथा परियोजना संचालक आत्मा जिला टीकमगढ़ समिति के सदस्य होंगे।

# पुरानी रंजिश को लेकर की गई मारपीट

**नवभारत न्यूज, जतारा। थाना जतारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गरौली में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक को पत्थर मारकर घायल कर दिया गया। साथ ही अन्य आरोपियों ने लात.घूसों से हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसारए फरियादी कपिल अहिरवार 18 वर्ष पिता राजाराम अहिरवार निवासी ग्राम गरौली ने अपने पिता के साथ थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

कपिल ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे वह अपने गांव के आशीष अहिरवार से किताब लेने मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दौरान पानी की टंकी के पास गांव का ही लालाराम अहिरवार मिला जिसने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी।

जब कपिल ने गाली देने से मना किया तो लालाराम ने पत्थर उठाकर उसके माथे पर मार दियाए जिससे उसे गंभीर चोट आई और खून निकलने लगा। हमले के कारण कपिल मोटरसाइकिल से गिर गया, जिससे उसके ऊपरी होंठ में भी चोट आई।

इसी दौरान मौके पर पहुंचे वीरसिंह अहिरवार और जानकी अहिरवार ने भी कपिल के साथ लात-घूसों से मारपीट की जिससे उसकी पीठ में चोट आई। घटना के दौरान गांव के परशुराम अहिरवार और विनीता अहिरवार ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया। पीड़ित के अनुसार जाते समय आरोपियों ने धमकी दी कि यदि थाने में रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे।

थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296,(ए)115,(2), 351, (3) 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।